

आईपीओ से पहले शेयरों की हो सकेगी खरीद-बिक्री - 12



जल्द ही कोई हमारी धरती से, हमारे रॉकेट से अंतरिक्ष की यात्रा करेगा : शुभांशु शुक्ला - 12



शांति की कोशिशों के बीच रूस का यूक्रेन पर साल का सबसे बड़ा हमला - 13



सारा ईरानी एंड्रिया वावसोरी फिर बने मिश्रित युगल चैंपियन - 14


आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.44
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 11:56 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 22 अगस्त 2025, वर्ष 4, अंक 10, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**ब्रीफ न्यूज**

### आयोग ने 15 सियासी दलों को भेजा नोटिस

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार के 15 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सितंबर तक बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के समक्ष पेश होने का आदेश जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने के कारण इन दलों की मान्यता पर सवाल उठ रहे हैं।

### मीठी नदी गाद घोटाले में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मीठी नदी से गाद निकालने में हुए 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामले में आरोपी शेरसिंह राठौड़ की भूमिका सामने आने के बाद उसे हिरासत में लिया। यह गाद से जुड़े कथित घोटाले में तीसरी गिरफ्तारी है। एजेंसी ने मामले में बॉलीवुड अभिनेता डीनो मोरिया और उनके भाई से भी पूछताछ की थी। पुलिस ने मई में 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### आईआईआईटी के छात्र ने की आत्महत्या

**ओंगोल।** आंध्र प्रदेश में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ओंगोल के 17 वर्षीय छात्र ने छात्रावास में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र का शव छात्रावास की छत से लटका मिला था। पुलिस को एक सुसाइड नोट और फोन पर उसकी मां को संबोधित एक संदेश मिला, जिसमें अवसाद का जिक्र करते हुए आत्महत्या से पहले माफी मांगी थी।

### आठ पुलिसकर्मियों की हिरासत मांगी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने श्रीनगर की विशेष अदालत से जम्मू-कश्मीर के आठ पुलिसकर्मियों की पुलिस हिरासत मांगेगी, जिन्हें उसने दो साल पहले एक साथी पुलिस कांस्टेबल को हिरासत में यातना देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। बुधवार रात पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गए आठ अधिकारियों से, मादक पदार्थों के तस्करों की मदद करने के संदेह में कांस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को छह दिन तक प्रताड़ित करने में प्रत्येक आरोपी की भूमिका का पता लगाने के लिए आगे पूछताछ की जाएगी।

## रिश्वत लेने के आरोप में औरैया के एसडीएम राकेश कुमार निलंबित

- घूस का लिफाफा रखने का वीडियो आने के बाद एक्शन राजस्व परिषद से संबद्ध
- उच्च स्तरीय जांच भी शुरू, औरैया के जिलाधिकारी ने शासन को भेजी थी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के प्रतिकूल शासन-प्रशासन की छवि धूमिल करने पर औरैया जिले के एसडीएम सदर राकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया है। कार्यालय में कथित घूस की रकम का लिफाफा रखने का वीडियो सामने आने के बाद डीएम ने शासन को रिपोर्ट भेजी थी।

एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई प्रमुख सचिव नियुक्ति व कार्मिक एम देवराज के निर्देश पर की गई है। निलंबन का आदेश विशेष सचिव नियुक्ति सेक्शन-3 को भेजा गया है। औरैया के जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी की ओर से शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। इसमें एसडीएम राकेश कुमार के खिलाफ अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। औरैया में एसडीएम सदर के दफ्तर का पिछले दिनों एक वीडियो सामने आया था। इसमें वे कुर्सी पर बैठे नजर आते हैं, इस बीच एक व्यक्ति आता है, और उनकी टेबल की दराज में एक लिफाफा रखकर चला जाता है। वीडियो सामने आने के बाद लोग राकेश कुमार सिंह पर घूस लेने का संदेह जता रहे थे। राकेश कुमार पर पहले भी ऐसे आरोप लग चुके हैं।

शासन से एसडीएम के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच भी शुरू कर दी गई है। जांच खत्म होने तक वह निलंबित रहेंगे। वे राजस्व परिषद से अटैच रहेंगे। मामले में औरैया जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने अपनी शुरुआती रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसके बाद राकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया।

## न्यायिक सक्रियता को अतिवादी नहीं बनना चाहिए

- राष्ट्रपति के संदर्भ मामले की सुनवाई में बोले सीजेआई गवई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई के दौरान कहा कि न्यायिक सक्रियता एक सीमा तक ही होनी चाहिए और उसे न्यायिक अतिवाद (ज्यूडिशियल टैरेरिज्म) नहीं बनना चाहिए।

न्यायालय राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह जानने का प्रयास किया था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति एवं राज्यपालों द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं। सीजेआई ने यह टिप्पणी उस समय की, जब केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों के पास काफी अनुभव होता है और उन्हें कभी भी कम नहीं आंकना चाहिए। इस पर सीजेआई ने मेहता से कहा कि हमने निर्वाचित लोगों के बारे में कभी कुछ नहीं कहा। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता (ज्यूडिशल एक्टिविज्म) कभी न्यायिक अतिवाद नहीं बननी चाहिए।



### अब मतदाताओं को बरगला नहीं सकते

मेहता ने राज्यपाल की शक्तियों पर शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए अपनी दलीलें फिर से शुरू कीं। इस मामले की सुनवाई लगातार तीसरे दिन जारी है। सुनवाई शुरू होने पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वह राष्ट्रपति के संदर्भ पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास सार्वजनिक जीवन का व्यापक अनुभव है और वह शासन में भी रहे हैं तथा सांसद भी रहे हैं। मेहता ने कहा कि आजकल, चाहे कोई भी राजनीतिक दल हो, चुने हुए लोगों को मतदाताओं को सीधे जवाब देना पड़ता है। लोग अब उनसे सीधे सवाल पूछते हैं। 20–25 साल पहले हालात अलग थे लेकिन अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें बरगलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा विधेयकों को स्वीकृति देने पर निर्णय रोक कर रखना संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत संवैधानिक पदाधिकारी का एक स्वतंत्र और पूर्ण कार्य है।

# जीएसटी के 5 और 18 प्रतिशत स्लैब को मंत्री समूह की मंजूरी

## राजस्व नुकसान को लेकर विपक्ष शासित राज्य आशंकित

- कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत नए कर का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह ने गुरुवार को केंद्र के जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक सुधारों को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी, लेकिन कुछ विपक्षी दल शासित राज्य यह जानना चाहते हैं कि इस कदम से होने वाले राजस्व नुकसान और उसकी भरपाई कैसे की जाएगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रिसमूह ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत स्लैब की संख्या चार (5, 12, 18 और 28 प्रतिशत) से घटाकर दो (5 और 18 प्रतिशत) करने के केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा की।

केंद्र ने पांच-सात चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का भी प्रस्ताव रखा है। मंत्रिसमूह दर और स्लैब में बदलाव के पक्ष में है, लेकिन कुछ सदस्य चाहते थे कि महंगी कारों जैसी विलासिता वाली वस्तुओं पर विशेष 40 प्रतिशत कर के अलावा एक अतिरिक्त कर लगाया जाए। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह की सिफारिशें उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद को भेजी जाएंगी, जो सुधारों पर अंतिम निर्णय लेगी। मंत्रिसमूह में भाजपा शासित राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से तीन-तीन सदस्य और विपक्षी शासित राज्यों कर्नाटक (कांग्रेस), केरल (वाम मोर्चा) और पश्चिम बंगाल (तृणमूल कांग्रेस) से समान संख्या में सदस्य शामिल हैं।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मंत्रिसमूह ने केंद्र के दोनों प्रस्तावों को स्वीकार करने का फैसला किया है। केंद्र के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सभी राज्यों ने केंद्र के प्रस्ताव का स्वागत किया है और कहा है कि यह आम आदमी के हित में है।

### ये होंगे सस्ते, लगेगा 5 से 12% टैक्स

सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपये से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500–1000 रुपये की रेंज वाले जूते, वैक्सीन, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा।

### इन सामानों पर देना होगा 18% टैक्स

सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी–मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस।

### दरों को युक्तिसंगत बनाया जाए : विपक्ष

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्रिसमूह के समक्ष प्रस्तुत केंद्र के प्रस्ताव में दरों और स्लैब में बदलाव के कारण होने वाले राजस्व नुकसान को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने कहा है कि हम दर को युक्तिसंगत बनाने के प्रस्ताव के साथ सहमत हैं, जो लोगों के हित में हो। लेकिन हमें यह भी पता होना चाहिए कि इससे हमें कितना राजस्व नुकसान होगा। क्योंकि, अंततः, यदि किसी राज्य को कोई नुकसान होता है, तो इसका असर आम आदमी पर पड़ता है। जीएसटी परिषद दर को युक्तिसंगत बनाने प्रस्ताव पर हर मद में चर्चा करेगी। भट्टाचार्य ने कहा कि उन्होंने सुझाव दिया है कि जीएसटी अधिनियम की धारा (1) में संशोधन किया जाए ताकि 40 प्रतिशत की अधिकतम स्वीकार्य दर से ऊपर एक शुल्क लगाया जा सके।

## पीडीए के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहा विपक्ष : मुख्यमंत्री

### अलीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अलीगढ़

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह का पूरा जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और जनता की सेवा को समर्पित रहा। उनकी विरासत ही यूपी के विकास की आधारशिला बनी है। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि राम मंदिर आंदोलन के महानायकों में से एक थे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को गति देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने विपक्ष पर पीडीए के जरिए समाज को बांटने और निष्पक्ष फैसला देने वाले न्यायाधीशों को धमकियां देने का भी आरोप लगाया।

योगी गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण स्व. कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि कल्याण सिंह जी ने जो आदर्श और विरासत सौंपी है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। उनका जीवन हमें राष्ट्रीयता, जनसेवा और समर्पण का संदेश देता है। आज हिंदू गौरव दिवस पर हम सबका संकल्प है कि बाबूजी के मार्ग पर चलकर प्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था का अग्रणी राज्य बनाएंगें।

विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग आज पीडीए (परिवार विकास अथॉरिटी) के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वही लोग कभी दंगे भड़काते थे और हिंदू त्योहारों पर रोक लगाते थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष फैसला देने वाले न्यायाधीशों को धमकियां दी जाती हैं, चुनाव आयोग पर आक्षेप लगाए जाते हैं।

यह वही लोग हैं जो बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को मतदाता बनाने की साजिश रचते हैं, ताकि देश के नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाए।




अलीगढ़ में हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### कांग्रेस और सपा ने पहचान मिटाई

मुख्यमंत्री ने एटा में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और सपा ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी यहां 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित निजी सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

## घुसपैठियों का फर्जी आधार बनाने वाले आठ गिरफ्तार



मोहम्मद नसीम | मोहम्मद शाकिब | हिमांशु राय | सलमान अंसारी



गौरव कुमार गौतम | राजीव तिवारी | विशाल कुमार | मृत्युंजय गुप्ता

- एटीएस की आजमगढ़, गोरखपुर गाजियाबाद, औरैया में कार्रवाई
- उप्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और एनसीआर में फैला नेटवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने घुसपैठियों का फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के आठ सदस्यों को प्रदेश के पांच जिलों आजमगढ़, मऊ, गाजियाबाद, औरैया व गोरखपुर में छापेमारी कर दबोचा है। आरोपियों का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार व एनसीआर में फैला है। आरोपियों से फर्जी आधार कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फिंगर स्कैनर, लैपटॉप, मोबाइल व अन्य दस्तावेज बरामद हुआ है।

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में आजमगढ़ के मंदे का मो. नसीम, शाकिब, बिलरियागंज के मालतारी का विशाल कुमार, मऊ के सरसेना का हिमांशु राय, घोसी के मदापुर समसपुर का मृत्युंजय गुप्ता, गाजियाबाद के इंदिरा बिहार खोखौरा कालोनी का सलमान अंसारी, औरैया के बिधुना का गौरव कुमार गौतम और गोरखपुर के चौरीचौरा का राजीव तिवारी शामिल है। एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों के गिरोह का नेटवर्क यूपी के आजमगढ़, गोरखपुर, सहारनपुर, मऊ, औरैया, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, मुर्शिदाबाद, बिहार के लखीसराय कटिहार, दिल्ली और एनसीआर में फैला है। जन सेवा केंद्र की आड़ में गिरोह वीपीएन और सिस्टम को रिमोट पर लेकर बांग्लादेशी रोहिंग्या व अन्य विदेशी नागरिकों के आधार कार्ड फर्जी तरीके से बना रहे थे। जिसके आधार पर पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज तैयार किए जा रहे थे।

## दिसंबर में लांच होगा गगनयान मानव रहित मिशन

- इसरो प्रमुख ने कहा-2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

डॉ. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवतः दिसंबर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे।

उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।

## रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा



- हमले के बाद केंद्र ने बढ़ाई दिल्ली सीएम की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद उन्हें जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि गुप्ता को उनके आधिकारिक आवास, राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइंस क्षेत्र में राज निवास मार्ग स्थित उनके कार्यालय को भी अर्द्धसैनिक बल के वीआईपी सुरक्षा समूह (वीएसजी) द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जो विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है। यह समूह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस पार्टी के गांधी परिवार को भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सीआरपीएफ ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली।

**उपराष्ट्रपति चुनाव**

### विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी ने किया नामांकन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया और कहा कि यह चुनाव एक ऐसे भारत की अवधारणा की अभिपुष्टि के लिए है, जहां संसद निष्ठापूर्वक कार्य करे, असहमति का सम्मान किया जाए।

रेड्डी ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार, सपा नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस की सांसद शताब्दी रॉय, शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत, माकपा सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया।

**अहम टिप्पणी** पति–पत्नी यह नहीं कह सकते कि अपने जीवनसाथी से स्वतंत्र होना चाहते हैं : सुप्रीम कोर्ट

## वैवाहिक संबंध में एक–दूसरे पर निर्भर रहना ही होगा

- अलग रह रहे एक दंपती के मामले की सुप्रीम सुनवाई



नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि ऐसा असंभव है कि विवाह के बाद पति या पत्नी यह कह सकें कि वे अपने जीवनसाथी से स्वतंत्र होना चाहते हैं। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने आगाह करते हुए कहा कि यदि कोई स्वतंत्र रहना चाहता है तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए।

पीठ ने कहा कि हम बिल्कुल स्पष्ट हैं। कोई भी पति या पत्नी यह नहीं कह सकता कि जब तक हमारा वैवाहिक संबंध है, मैं दूसरे जीवनसाथी से स्वतंत्र रहना चाहता/चाहती हूं। यह असंभव है। विवाह का मतलब क्या है, दो दिलों, व्यक्तियों का एक साथ आना। आप स्वतंत्र कैसे हो सकते हैं?

शीर्ष अदालत एक दूसरे से अलग रह रहे एक दंपती के मामले की सुनवाई कर रही है। उनके दो बच्चे भी हैं। पीठ ने कहा कि अगर वे (दंपती) साथ आ जाते हैं, तो हमें खुशी होगी क्योंकि बच्चे बहुत छोटे हैं। उन्हें घर टूटा हुआ देखने को न मिले। उनका क्या कसूर है कि उनका टूटा हुआ घर हो। दोनों पक्षों को अपने मतभेद सुलझाने का निर्देश देते हुए, पीठ ने कहा कि हर पति-पत्नी का आपस में कोई न कोई विवाद होता ही है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुई पत्नी ने कहा कि एक हाथ से ताली नहीं बज सकती। इस पर पीठ ने उससे कहा कि हम आप दोनों से कह रहे हैं, सिर्फ आपको नहीं। महिला ने दावा किया कि उसका पति, जो सिंगापुर में रह रहा था और वर्तमान में भारत में है, इस मामले को सुलझाने के लिए तैयार नहीं है और केवल मुलाकात का अधिकार तथा बच्चों की अभिरक्षा चाहता है।

### पति को करना होगा बच्चों व पत्नी का भरण-पोषण

पीठ ने हैदराबाद में रह रही महिला से पूछा, लेकिन आप सिंगापुर क्यों नहीं लौट सकतीं? बच्चों के साथ सिंगापुर लौटने में आपको क्या दिक्कत है? महिला ने कुछ कठिनाइयों का हवाला देते हुए कहा कि सिंगापुर में पति की हरकतों के कारण उसके लिए वापस लौटना बेहद मुश्किल हो गया है। एकल मां होने के नाते आजीविका के लिए नौकरी की जरूरत पर जोर देते हुए महिला ने दावा किया कि उसे अलग रह रहे पति से कोई गुजारा भत्ता नहीं मिला है। महिला के पति के वकील ने कहा कि दोनों की ही सिंगापुर में काफी अच्छी नौकरी है, लेकिन पत्नी ने बच्चों के साथ सिंगापुर लौटने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि आपको (पत्नी को) नौकरी मिल सकती है, हो सकता है न मिले, लेकिन पति को आपका और बच्चों का भरण–पोषण करना होगा। साथ ही अदालत ने पति को पत्नी और बच्चों के लिए कुछ राशि जमा करने का सुझाव दिया। पत्नी ने कहा कि वह किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहती।

## न्यूज ब्रीफ

### नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 26 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी नीट एमडीएस 2025 की स्ट्रे वैकेंसी राउंड की ऑनलाइन काउंसिलिंग अब 22 अगस्त की जगह 26 अगस्त से शुरू होगी, 29 अगस्त तक धरोहर राशि जमा कर सकेंगे। पूर्व में यह काउंसिलिंग 22 अगस्त से शुरू होनी थी, जिसे मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी नई दिल्ली के निर्देश पर संशोधित तिथि चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक( डीजीएमई ) कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर गुरुवार को घोषित की गयी है। डीजीएमई कार्यालय द्वारा घोषित समय सारिणी के अनुसार, पंजीकृत अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर राशि जमा के बाद, उसी दिन शाम 5 बजे को मेरिट सूची घोषित की जाएगी, और 2 सितंबर तक अभ्यर्थियों से कॉलेज की प्राथमिकताएं ली जाएंगी। अगले दिन 3 सितंबर को सीट आवंटन के बाद 6 सितंबर तक संबन्धित कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई है। इस बीच, तकनीकी खराबी केक कारण दो इकाइयां ठप हो गईं। पहले से ठप इकाइयों को मिलाकर कुल लगभग 2200 मेगावाट उत्पादन घट गया। इस दौरान एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर प्रदेश की मांग पूरी की गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता व जवाहरपुर की भी इतनी की क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इन इकाइयों के एक-दो दिनों में चालू होने की संभावना जताई गई, जबकि टांडा की 110 मेगावाट की दो इकाइयां, हरदुआगंज की 105 मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां पहले से बंद चल रही हैं। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों से बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। स्थिति से निपटने के लिए बिजली आपूर्ति के वैकल्पिक इंतजाम किये गए हैं।

### संविधान संशोधन बिल के विरोध में बसपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा में पेश किये गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन विधेयक देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है और इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है। बसपा इस विधेयक से कतई भी सहमत नहीं है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र व संविधान के हित में जरूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।

### छंटनीशुदा कर्मियों को लिया जाए वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने ऊर्जा निगमों के छंटनीशुदा कर्मियों को वापस सेवा में रखने की मांग की है। इस सिलसिले में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में छंटनी के नाम पर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने व कर्मचारियों का स्थानांतरण न करने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदा-निविदा कर्मचारी संघ लखनऊ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को बताया कि छंटनी कर दिए जाने से शेष बचे कर्मचारियों पर कार्य का अधिक भार पड़ गया है।

# भाजपा के सहयोगी बना सकते हैं नया मोर्चा

## निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल व रालोद की निगाहें विधानसभा चुनाव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा की तैयारी तेज, बूथ, मंडल और शक्तिकेंद्रों को 'पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी' का मंत्र

**अमृत विचार :** अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा अकेले दम पर बूथ, मंडल और शक्तिकेंद्रों के जरिए 'पूर्व तैयारी-पूर्ण तैयारी' का मंत्र साधने में जुटी है। जबकि सहयोगी दल निषाद पार्टी, सुभासपा अपना दल (एस) और रालोद जैसे दलों ने दम दिखाने के लिए नया मोर्चा बनाने की तैयारी तेज कर दी है। हालांकि चुनाव में प्रत्याशी झंडा-बैनर से दूर रहेगा, लेकिन डंडा यानी जोश में कोई कमी नहीं दिखेगी।

भाजपा सरकार में सहयोगी दल प्रधान, बीडीसी और महाप्रधान (जिला पंचायत सदस्य) पदों पर ज्यादा सीटें जीतकर 2027 में विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी मजबूत करने में अभी से जुट गए हैं। जबकि भाजपा अकेले दम पर राज्य के मतदाताओं का मूड भांपने की पूरी तैयारी कर रही है। पार्टी को त्रिस्तरीय चुनाव के आखिर में जिला पंचायत अध्यक्षों को लेकर ज्यादा चिंता नहीं है, कारण कि यहां जिसकी लाठी-उसकी भैंस का सिद्धांत अरसे से चला आ रहा है। सपा-बसपा सरकारों में उनका अधिकाधिक कब्जा था, तो योगी के आते ही भाजपा का कब्जा। वर्ष 2021 के चुनाव में भाजपा के पास राज्य की 75 में से 65 सीटों आईं। दो सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीते हैं। वहीं सपा को 5 सीटें मिली। एक पर रालोद ने कब्जा रहा। प्रतापगढ़ सीट पर राजा भइया की पार्टी विजयी रही। जबकि 2016 में सपा ने 63 सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह खुद तैयारियों पर नजर रख रहे हैं। पार्टी ने बूथ समिति, मंडल इकाई व शक्ति केंद्रों को सक्रिय कर ग्रामीण मतदाताओं तक पहुंचने की रणनीति बनाई है। पार्टी का ज्यादा फोकस जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य पर है, कारण कि इसी जीत से बाद में भाजपा की मजबूती होगी और जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख पदों पर भगवा फहराएगा।

### दबाव की रणनीति बना रहे सहयोगी

निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल (एस) और रालोद ने पूरब से पश्चिम तक एकजुटता दिखाने की तैयारी शुरू कर दी है। निषाद पार्टी के 10वें स्थापना दिवस पर दिल्ली में आयोजित समारोह नए समीकरणों के संकेत साफ हो गए हैं। इनको भरोसा है कि पंचायत चुनाव में नए मोर्चा के दम पर वोटरों को आकर्षित करने में सफल होंगे और एक-दूसरे के प्रभाव वाले इलाकों में वोटों का ट्रांसफर भी भाजपा के बजाय अपने खेमे में होगा। इसका असर विधान सभा चुनाव 2027 में भाजपा नेतृत्व से टिकट के लिए दबाव बनाने में काम आएगा। साथ ही, सपा की पीडीए रणनीति और बसपा को चुनौती देने में सफल रहेंगे। हालांकि इससे भाजपा का खेल भी कई सीटों पर बिगड़ेगा।

### विरोध-प्रदर्शन



लखनऊ में कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च कर वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन करतीं समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# गायब रहने वाले सात डॉक्टर सेवा से किए जाएंगे बर्खास्त

## योगी सरकार सख्त, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में बिना किसी सूचना के लगातार गायब डॉक्टरों पर गाज गिरेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को लगातार गैरहाजिर सात डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही संबन्धित आदेश जारी हो जाएंगे। बर्खास्त होने वाले डॉक्टरों में विशेषज्ञ भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह 'सुमन' ने बताया कि झांसी जिला चिकित्सालय में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकुल मिश्र, अमेठी के बाजार शुक्ल न्यू सीएचसी के डॉ. विकास कुमार मिश्र, अमेठी के जगदीशपुर न्यू सीएचसी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा, बरेली सीएमओ के अधीन डॉ. दीपेश गुप्ता, सीतापुर मिश्रिख सीएचसी में गायनी की डॉ. श्वेता सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत आनंद और हाथरस जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद राफे लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संपर्क किया, लेकिन जवाब नहीं आया। उप मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया। गैरहाजिर डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं।

### गैरहाजिर शिक्षक को आरोप पत्र

बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक कुमार शाह वर्ष 2023 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्हें आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### इलाज न मिलने की शिकायत पर होगी कार्रवाई

पीलीभीत जिला महिला चिकित्सालय में मरीज को समुचित इलाज न मिलने की शिकायत को उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है। शिकायत के प्रथम दृष्टया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार को आरोप पत्र देकर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### निविदा शर्तों में नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

निविदा प्रक्रिया के नियम और शर्तों की अनदेखी करना हमीरपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी को महंगा पड़ा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हमीरपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीतम सिंह के खिलाफ आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षामित्रों के समायोजन की प्रक्रिया अटकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के समायोजन और स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, लेकिन शिक्षामित्रों को लेकर यह प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं है। क्योंकि कई जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने अब तक मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षा मित्रों का डाटा अपडेट ही नहीं किया है। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि शिक्षामित्रों को पहले उनके मूल विद्यालय में समायोजित किया जाएगा और यदि वहां स्थान न हुआ तो संबंधित ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालय में तैनाती दी जाएगी।

# पितृपक्ष के लिए विशेष बस सेवा शुरू वाराणसी से गया जाएंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से मुजफ्फरपुर और मेरठ से सोनीपत-हरियाणा के लिए भी बसों का संचालन

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने पितृपक्ष के दौरान पिंडदान एवं तर्पण के लिए गया (बिहार) जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष परिवहन सेवा शुरू की है। अंतरराज्यीय बस संचालन के तहत सारनाथ, वाराणसी से बोधगया बिहार के लिए बस सेवाएं संचालित होंगी। इसी प्रकार लखनऊ से मुजफ्फरपुर के लिए एवं मेरठ से सोनीपत (हरियाणा) के लिए भी बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह बसें सप्ताह में सातों दिन संचालित होंगी। यह जानकारी परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने दी है।

**ये होगा रूट, किराया भी निर्धारित :** वाराणसी (कैंट) से संचालित होकर रोडवेज सेवा चन्दौली-सासाराम-औरंगाबाद-शेरघाटी-गया (बिहार) पहुंचेगी। वाराणसी स्टेशन से रात्रि 8 बजे चलकर उक्त बस गया, बिहार होते हुए 4 बजे पहुंचेगी। वाराणसी से बिहार तक का किराया 465 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार लखनऊ (आलमबाग बस टर्मिनल) से मुजफ्फरपुर का किराया 862 रुपये तय हुआ है। यह बस सेवा लखनऊ से रात्रि 2 बजे चलकर बाराबंकी, अयोध्या, गोरखपुर, तमकुही, गोपालगंज होते हुए अगले दिन सुबह 4 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। मेरठ से सोनीपत के लिए चलने वाली बसें दिन में 3 फेरे लगाएंगी। यह बस बड़ौत डिपो से सुबह 6:30 बजे, 10:50 बजे एवं 15:50 बजे चलकर सोनीपत जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त बस संचालन से निजी वाहनों पर श्रद्धालुओं की निर्भरता कम होगी। खर्च कम होगा और समय भी बचेगा। उन्होंने बताया कि सब ठीक रहा तो बस सेवा को नियमित किया जा सकता है।

# दावा : 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। कृषि विभाग ने मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं।

कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.02 लाख मीट्रिक टन एनपीके की उपलब्धता है। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से अपील की है कि वे खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। जितनी जरूरत हो, उतनी ही मात्रा में खाद लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### खाद उपलब्धता की स्थिति मीट्रिक टन में

| मंडल | यूरिया | डीएपी | एनपीके | मंडल | यूरिया | डीएपी | एनपीके |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहारनपुर | 17195 | 6980 | 3062 | चित्रकूट | 24891 | 10885 | 3802 |
| मेरठ | 39104 | 16864 | 8625 | वाराणसी | 44445 | 27120 | 14643 |
| आगरा | 47476 | 29917 | 21267 | मीरजापुर | 15860 | 7448 | 3878 |
| अलीगढ़ | 30562 | 21151 | 16068 | आजमगढ़ | 37589 | 24160 | 9034 |
| बरेली | 42938 | 20566 | 27914 | गोरखपुर | 32634 | 25601 | 15650 |
| मुरादाबाद | 50991 | 18057 | 29796 | बस्ती | 12848 | 10322 | 4571 |
| कानपुर | 47586 | 41946 | 32375 | गोंडा | 17418 | 19934 | 8953 |
| प्रयागराज | 52395 | 21479 | 25262 | लखनऊ | 38920 | 37675 | 36488 |
| झांसी | 28090 | 26146 | 16367 | अयोध्या | 23448 | 27616 | 24530 |

# भाजपा के पूर्व सांसद और दो पूर्व जिलाध्यक्षों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा ने गुरुवार को कानपुर देहात में आंतरिक कलह शांत करने हेतु महिला कल्याण राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी और दो पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी व मनोज शुक्ला को कारण बताओ नोटिस दिया है। उन पर कार्यकर्ताओं को जाति के आधार पर बांटने और खनन माफिया को संरक्षण देने के आरोप हैं। एक सप्ताह में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व जिलाध्यक्षों ने सोमवार 18 अगस्त को राज्यमंत्री व उनके पति के खिलाफ प्रेस कान्फ्रेंस कर मोर्चा खोला था। उन्होंने वारसी पर कार्यकर्ताओं को जाति के आधार पर बांटने व खनन माफिया को संरक्षण देने के आरोप लगाए थे।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने को 234 गांवों का चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


लखनऊ में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव की दीप जलाकर शुरुआत करते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव उद्यान बीएल मीणा, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम व अन्य। ● अमृत विचार

- विकसित भारत के लिए ग्रामीण पर्यटन अहम : जयवीर

**अमृत विचार:** आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन सेक्टर का अहम योगदान होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह गुरुवार ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कान्क्लेव-2025 में दी।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा एवं बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी है। पर्यटक कम समय में अधिक से अधिक स्थलों तक पहुंचना चाहता है। इसके लिए उच्चस्तरीय कनेक्टिविटी जैसे रेल, वायु, जल परिवहन आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। गांव में होमस्टे, फॉर्म स्टे, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, यही कारण है कि घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर और विदेशी पर्यटन में अग्रणी स्थान प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कान्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 234 गांवों का चयन किया गया है। पर्यटन से जुड़ी इकाईयों को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने 40 फॉर्म स्टे संचालकों और उनसे जुड़े महानुभावों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

# कांग्रेस बनाएगी न्याय योद्धा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश के लोगों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस प्रदेश की 360 तहसीलों में 'न्याय योद्धा' बनाएगी। पार्टी के प्रदेश विधि विभाग का पुनर्गठन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में जिस तरह सच बोलने पर व सरकार की कुनीतियों का विरोध करने पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं, उसमें न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता भी पिस रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्याय योद्धा सरकारी तानाशाही के शिकार


प्रेस वार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

लोगों को कानूनी रूप से न्याय दिलाएंगे और सच और इंसाफ की लौ जलाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि विधि विभाग के 'सिपाही' कथित वोट चोरी व चुनाव आयोग के कथित 'भ्रष्ट मॉडल' के खिलाफ पार्टी नेता राहुल गांधी के आंदोलन को और धार देने का कार्य करेंगे। मतदाता सूची में हो रही धांधलियों को उजागर कर नाम काटे जाने के शिकार लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे। विधि विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने लगभग 1719 मुकदमे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक प्रतिशोध के चलते दर्ज कराए हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

### कांग्रेस की ली सदस्यता

कांग्रेस विधि विभाग में कानपुर के चेयरमैन प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में कानपुर से मयंक वर्मा, मनीष पोरवाल, रोहन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अमित यादव, अजीत अग्निहोत्री, आनंद तिवारी, वैभव शुक्ला, आस्तिक तिवारी, जितेन्द्र कुमार, शिवेंद्र तिवारी आदि ने पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की।

# रैपिड रिस्पांस टीमें रहें सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा करने आई केंद्रीय टीम ने दो और जिलों का लिया जायजा दिए सुझाव

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चल रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का जायजा लेने केंद्र से आई तीन सदस्यीय टीम ने रायबरेली व फतेहपुर के बाद गुरुवार को कानपुर व कानपुर देहात के कई स्थानों पर पहुंची। लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज के निदेशक डॉ. एस.के रसानिया की अध्यक्षता में निरीक्षण करने वाली टीम ने जिला व ब्लाक स्तर पर पर्यवेक्षण बढ़ाने, प्रतिकूल प्रभाव वाले लोगों को विशेष सुविधाएं देने व रेपिड रेस्पांस टीम सक्रिय करने के निर्देश दिए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि प्रदेश में दो दिवसीय दौरे पर आई इस केंद्रीय टीम ने उन व्यक्तियों को विशेष सहायता प्रदान करने के महत्व पर ज़ोर दिया, जिन्हें दवा लेने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं। साथ ही रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय करने पर जोर दिया, जो फाइलेरिया उन्मूलन प्रयासों के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रत्याशित चुनौती या प्रकोप से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने बताया कि टीम में प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के विशेषज्ञ शामिल थे।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय टीम सबसे पहले कानपुर के बिधनु ब्लाक के मटियारा गांव पहुंची। स्वास्थ्य टीम ने बताया कि गांव में सीएचओ-पीएसपी समूह बना है, जिसमें प्रधान राहुल चौबे व कोटेदार कमल प्रकाश सक्रिय भूमिका निभाते हैं। पीएसपी समूह होने से गांव में काफी जागरूकता आई है और 65 से 70 प्रतिशत लोग दवा भी खा रहे हैं। प्रधान ने बताया इस बार रात्रि चौपाल भी लगाई गई, जिसमें फाइलेरिया के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है और दवा खाने के लिए खुद आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एडवर्स ड्रग रिएक्शन (एडीआर) रोगी गुड़िया के घर जाकर उसका हालचाल पूछा।

**पहल** नई पीढ़ी को विज्ञान-प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने लिया फैसला

# हर वर्ष 23 अगस्त को मनेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व केजीबी विद्यालयों में होगा आयोजन



**अमृत विचार :** देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों और नई पीढ़ी को विज्ञान-प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेशभर के विद्यालयों में 23 अगस्त को द्वितीय 'नेशनल स्पेस डे' मनाया जाएगा। इस अवसर पर एनसीईआरटी द्वारा तैयार नया मॉड्यूल 'इंडिया-ए राइजिंग स्पेस पॉवर' भी लॉन्च होगा। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व केजीबी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने सरकार के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की लगातार बढ़ती उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। चंद्रयान, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसे मिशनों की जानकारी देकर राज्य सरकार बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ेगी। यह योगी सरकार के 'समग्र शिक्षा, समग्र विकास' के लक्ष्य को भी नई गति प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने नवाचार और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पहले ही स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, ड्रोन और रोबोटिक्स लैब जैसी पहलें शुरू की हैं।

### अंतरिक्ष विज्ञान व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कॅरियर बना सकेंगे विद्यार्थी

आयोजन का उद्देश्य बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और अभिरुचि पैदा करना है, ताकि बच्चे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में कॅरियर की ओर प्रेरित हों। इसी लक्ष्य के लिए विद्यालयों में विशेष सभाएं, प्रदर्शनी, कार्यशालाएं और विशेषज्ञों के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन सेशन आयोजित होंगे।

### छात्रों का ज्ञानवर्धन करेंगे संसाधन

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि बच्चों को अंतरिक्ष अन्वेषण की उपलब्धियों से अवगत कराने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने दीक्षा, निष्ठा, एनसीईआरटी वेबसाइट और भारत ऑन द मून पोर्टल जैसे संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिन पर अंतरिक्ष से जुड़ी समसामयिक गतिविधियां नियमित रूप से अपडेट होती रहती हैं। विशेष रूप से एनसीईआरटी ने आयु और कक्षा-आधारित नया मॉड्यूल 'इंडिया-ए राइजिंग स्पेस पॉवर' तैयार किया है, जिसकी शुरुआत 23 अगस्त को होगा। यह मॉड्यूल नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी और एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सबजूनियर बालक फुटबॉल ट्रायल 28 को

**अयोध्या।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सबजूनियर बालक फुटबॉल का ट्रायल 28 अगस्त को होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह 9 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम पीलीभीत में 31 अगस्त से आयोजित प्रदेशीय समन्वय सबजूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### सीनियर पुरुष हॉकी ट्रायल 27 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सीनियर पुरुष हॉकी का ट्रायल 27 अगस्त को होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह 10 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 2 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम वाराणसी में पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर 31 अगस्त से आयोजित प्रदेशीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### सबजूनियर बालिका हैण्डबॉल ट्रायल 27 को

**अयोध्या।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सबजूनियर बालिका हैण्डबॉल ट्रायल 27 को होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह 9 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम बाराबंकी में एक सितम्बर से चार सितम्बर तक प्रदेशीय समन्वय सबजूनियर बालिका हैण्डबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### दिशा कमेटी की बैठक 23 को

**अयोध्या।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा कमेटी) की बैठक सांसद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में 23 अगस्त को दोपहर ढाई बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। बैठक में सांसद व विधायकगण के प्रतिनिधि के अतिरिक्त अन्य किसी सदस्य के प्रतिनिधि द्वारा बैठक में भाग नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने दी।

# पार्षदों का गुस्सा फूटा, कर विभाग कराया गया खाली

## एसएनए समेत तीन के खिलाफ नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को उस समय हंगामा मच गया, जब नाराज पार्षदों ने कर विभाग के कार्यालय को खाली करा दिया। पार्षदों ने सहायक नगर आयुक्त सुभाष त्रिपाठी समेत तीन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। तानाशाही नहीं चलेगी के नारे भी लगाए। इस दौरान महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के कक्ष में लंबी वार्ता चली, जिसमें नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार को बुलवाकर पार्षदों ने अपनी मांगें रखीं। पार्षदों ने तीनों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। नगर आयुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा है।

पार्षदों का आरोप है कि कर विभाग के उपरोक्त अधिकारी व कर्मचारी उनकी बातों को अनसुना करते हैं। खुले तौर पर कहते हैं कि पार्षदों के बुलाने पर नहीं जाना है। इससे नाराज पार्षदों ने एकजुट होकर कर विभाग के कार्यालय में प्रवेश किया। यहां तीनों के खिलाफ मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार से शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद और भी बड़ी संख्या में पार्षद पहुंच गए। देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया। कर विभाग में मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों से कहा गया कि जब हमारा काम नहीं होगा तो आप भी काम नहीं कर पाओगे। यह कहते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बाहर कराया गया। इस दौरान सत्तारूढ़ दल के साथ-साथ निर्दलीय और सपा के पार्षद भी शामिल रहे, जिससे यह विरोध और भी व्यापक हो गया। इस घटना ने अयोध्या नगर निगम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच तनाव को उजागर कर दिया है। पार्षदों का कहना है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। वहीं, नगर निगम प्रशासन इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश में जुट गया है।


मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार से शिकायत दर्ज कराते पार्षद।


दोपहर में खाली पड़ा टैक्स विभाग। अमृत विचार

### अधिकारी कुछ भी नहीं बता सके

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार को दो बार फोन मिलाया गया, लेकिन उनके ओएसडी ने बताया कि वह मीटिंग में हैं। इसके बाद अपर नगर आयुक्त नागेन्द्र नाथ को फोन मिलाया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है। मंडलायुक्त की मीटिंग में गया था। टैक्स विभाग की जिम्मेदारी देख रहे अपर नगर आयुक्त को फोन मिलाया तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है। मैं बाहर निकला था।

### खुलकर बोले पार्षद, लगाए जमकर आरोप

अटल नगर से भाजपा पार्षद जय नारायण सिंह ने बताया कि अधिकारी पार्षदों पर आरोप लगाते हैं, जबकि पार्षद जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। वह जनता के काम कराने के लिए ही नगर निगम जाते हैं। पार्षदों के प्रति इस तरह का व्यवहार निंदनीय है। इसीलिए बड़ी संख्या में पार्षद एकत्रित हुए और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की गई है। चंद्रशेखर नगर वार्ड के पार्षद विशाल पाल ने अधिकारी सुभाष त्रिपाठी पर आरोप लगाया कि वह कहते हैं कि कोई भी कर्मी पार्षदों के बुलाने पर नहीं जाएगा। हम लोग सदन से निर्वाचित हैं और हमारे खिलाफ ही बरगलाया जा रहा है। तीनों को यहां से हटाया जाए। पार्षद सूर्या ने बताया कि महापौर के कक्ष में नगर आयुक्त के सामने तीनों को बुलवाया गया। नगर आयुक्त ने स्पष्टीकरण की मांग की है। बताया कि थोड़ी देर बाद सब सामान्य हो गया और विभाग में सभी काम करने लगे। अशफाक उल्ला खां वार्ड के पार्षद अखिलेश ने बताया कि अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। थोड़ी देर के लिए विभाग से अधिकारी व कर्मचारियों को जाने के लिए कह दिया गया था। चौक मंगल पांडेय वार्ड के पार्षद व उपसभापति राजेश गौड़ ने मांग की है कि आगे से कोई भी विभाग अगर पार्षदों की बात को अनसुना करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

### 49 महिला परिचालकों का चयन

**अयोध्या, अमृत विचार।** परिवहन निगम द्वारा महिला परिचालक पद के लिए आयोजित किए गए रोजगार मेले में अयोध्या परिक्षेत्र में 49 महिला परिचालकों का चयन हुआ है। इसमें अयोध्या डिपो में 21, अकबरपुर डिपो में 18, सुल्तानपुर में 9 व अमेठी में एक महिला परिचालक का चयन किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक विमन राजन ने बताया कि कागजी सत्यापन के बाद सभी को उनके गृह जनपद में नियुक्ति दी जाएगी।

### कुर्क जमीन की नीलामी के लिए कराई मुनादी

**अयोध्या, अमृत विचार :** कुर्क की गई जमीन की नीलामी के लिए गुरुवार को मुनादी कराई गई। मामला मोहतरिम नगर दर्शन नगर तहसील सदर से जुड़ा है। यहां के रहने वाले दिव्य प्रकाश तिवारी और राजर्षि तिवारी के विरुद्ध जिला खाद्य विभाग अधिकारी द्वारा लगभग 23 वसूली प्रमाण पत्र जारी किये गये। बकाया जमा न करने की दशा में मोहतरिम नगर उपहार गाटा संख्या 230 को एसडीएम 13 फरवरी 2018 आदेश के क्रम में कुर्क कर लिया गया था। बकाया 22.17 लाख की वसूली के लिए 27 अगस्त को तहसील सदर सभाकक्ष में नायब तहसीलदार से नीलामी कार्रवाई के लिए मुनादी कराई गई। मुनादी करने वाली टीम में अवधेश प्रताप सिंह, जैसराज वर्मा, ब्रम्हदेव मिश्र व डेनियल भारती, रघुनाथ आदि थे।

### खतरे के निशान से 15 सेमी ऊपर पहुंचा सरयू का जलस्तर

**अयोध्या कार्यालय।** सरयू नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है, गुरुवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 15 सेमी. ऊपर दर्ज किया गया। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण सरयू नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कनिष्क अभियंता आकाश ने बताया कि वर्तमान में जलस्तर 92.880 सेमी से ऊपर पहुंच गया है। जो की खतरे के निशान से लगभग 15 सेमी ऊपर है। जिला प्रशासन ने घाटों पर गहरे पानी में स्नान करने के लिए न जाने की चेतावनी बोर्ड भी लगाया है। क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था पहले से है। जल पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमों को लगाया गया है। स्थानीय गोताखोरों को अलर्ट किया गया है। पुलिस लोगों को गहरे पानी में जाने से रोकने की अपील कर रही है।

## रामलला के दर्शन कर सफल हो गया जीवन : रवीना टंडन


हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करने पहुंची अभिनेत्री रवीना टंडन।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आज रामलला के दर्शन कर जीवन सफल हो गया। यह बात बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रवीना टंडन ने गुरुवार को रामलला व राम दरबार में दर्शन-पूजन के बाद कही। पुजारी ने उन्हें अंगवस्त्र और प्रसाद भी दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर बहुत अच्छी व्यवस्था की है, जिससे हमें बहुत अच्छे से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इससे पूर्व कड़ी सुरक्षा के बीच रामनगरी पहुंचीं रवीना ने हनुमान गढ़ी मंदिर में बजरंगबली के दर्शन किये। जय श्रीराम का जयकारा लगाया। मंदिर परिसर में संतों ने उनका स्वागत किया।

## हादसों में एक युवक की मौत, चार लोग घायल

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार:** रौनाही थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

निदूरा गांव निवासी लवकुश पुत्र (23) अपनी मां सुगना(60)के साथ बाइक से अयोध्या की ओर आ रहा था। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अरकुना पेट्रोल पंप के पास संतुलन बिगड़ा और बाइक हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में घायल लवकुश व उसकी मां को सीएचसी सोहावल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने लवकुश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मां को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं लक्ष्मणपुर दक्षिण पारा निवासी इरशाद बाइक से अपनी गर्भवती पत्नी और छोटे बच्चे को लेकर सोहावल स्वास्थ्य केंद्र जा रहा था। ड्योढ़ी-रौनाही मार्ग पर बाभनियावा मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है। उप निरीक्षक हरे कृष्णा ने बताया कि मृतक लवकुश का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य घायलों का मंडलीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

दुखद




### यूनीफॉर्म वाले विद्यार्थियों की फोटो अब फ्लैक्स पर होगी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों में पूर्ण यूनीफॉर्म में सबसे अधिक उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्रा की तस्वीर फ्लैक्स पर प्रिंट कर कक्षा-कक्ष के बाहर प्रदर्शित की जाएगी। इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने नए निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में यूनीफॉर्म के प्रति जागरूकता और नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देना है। इस कार्य के लिए आवश्यक व्यय विद्यालय की कम्पोजिट ग्रान्ट से वहन किया जाएगा। महानिदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिभावकों को डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उपयोग अनिवार्य रूप से बच्चों के लिए यूनीफॉर्म, स्वेटर, जूता-मोजा, स्कूल बैग और स्टेशनरी खरीदने के लिए करना होगा। यह निर्देश विधान मण्डल की महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त समिति (2024-25) की 26 अगस्त को होने वाली बैठक के संदर्भ में जारी किए गए हैं। प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि आदेश मिला है। इसके अनुपालन की व्यवस्था की जा रही है।




## न्यूज ब्रीफ

### 2800 मीट्रिक टन यूरिया पहुंची

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में 28 सौ मीट्रिक टन खाद पहुंच गई। इसे सीधे सालारपुर स्टेशन से सहकारी समितियों और एग्री जंक्शन भेज जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने बताया कि लगातार खाद का वितरण कराने का प्रयास है। प्रति दिन खाद यहां लाने का प्रबंध किया गया है। सप्ताह भर में सभी किसानों को भरपूर खाद की उपलब्धता हो जाएगी।

### जिला सैनिक बंधु की बैठक 28 को

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक 28 अगस्त को सुबह साढ़े 11 से साढ़े 12 बजे तक होगी। बैठक में सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों को सुनकर निराकरण किया जाएगा। यह जानकारी सदस्य सचिव, जिला सैनिक बन्धु समिति ले. कर्नल संजीव कुमार ने दी।

### मंडलीय समीक्षा बैठक 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक 25 अगस्त को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में होगी। यह सीएम डैश बोर्डकी रैंकिंग के आधार पर की जाएगी। समीक्षा कमिश्नर राजेश कुमार करेंगे। संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने बताया कि राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा दो से सवा तीन बजे, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा साढ़े तीन से छह बजे, कानून व्यवस्था की समीक्षा छह से सात बजे तक की जाएगी।

### सही मिली प्रधान द्वारा कब्जाई भूमि की शिकायत

**हैदरगंज।** एक ग्राम पंचायत की आरक्षित भूमि, दूसरे ग्राम सभा के प्रधान से कब्जा करने की शिकायत सही पाई गई। मामले की तहसील प्रशासन से जांच करवाई गई। मामला बीकापुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पछियाना का है। लेखपाल सियाराम ने जांच रिपोर्ट कहा है कि राजस्व अभिलेख में नवीन परती के खाते में दर्ज इस जमीन पर अशोक कुमार वर्मा ने अवैध रूप से कब्जा कर गन्ने की फसल लगाई है। राजस्व निरीक्षक जगदंबा ने बताया कि कब्जा करने वाले को 15 दिन का मोहलत दी गई है। यदि खाली नहीं करते हैं, तो नियमानुसार फसल को नष्ट करा दिया जाएगा।

### अधिवक्ता परिषद ने की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के जिला इकाई की एक बैठक कचहरी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिसर में की गई। बैठक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सात सितंबर को अधिवक्ता परिषद के स्थापना दिवस मनाए जाने की रणनीति बनाई गई। अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह और संचालन उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया। बैठक में महामंत्री रत्नेश सिंह, कर्मवीर, बबीता मौर्य, शिवमंगल सिंह, अधिवक्ता संजय रस्तोगी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** पब्लिक सेवा संस्थान और शुभारंभ होटल के संयुक्त सौजन्य से 23 अगस्त की शाम 4 बजे से वीएन एकेडमी स्कूल प्रांगण में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी गुरुवार को संस्था के मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, जिला कोऑर्डिनेटर रामकुमार व महासचिव बबीता यादव ने संयुक्त रूप से दी।

### सुपर सिक्स क्रिकेट टूर्नामेन्ट कल से

**अयोध्या, अमृत विचार :** सुपर सिक्स क्रिकेट टूर्नामेन्ट का शनिवार से कैन्ट स्टेडियम में आयोजन होगा। टूर्नामेन्ट आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि यादव ने बताया कि तीन दिवसीय सुपर सिक्स फार्मेट पर होने वाली प्रतियोगिता में 32 टीमें प्रतिभाग करेंगी। टूर्नामेन्ट की विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन समिति के विभू पंडित, मनीष श्रीवास्तव, आसिफ़ खान, जाबिर ख़ान ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और क्रिकेट को बढ़ावा देना है।

### जानलेवा हमले के आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार।** जानलेवा हमले के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी राज उर्फ गब्बर यादव को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज प्रथम शिवानी जायसवाल की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 20 जुलाई की है। इसकी रिपोर्ट घायल के पिता रामकुमार यादव ने दर्ज कराई थी।

# तीन ट्रांसफार्मर फुंके, 15 फिट तक उठे आग के शोले

## फायर ब्रिगेड ने पाया लपटों पर काबू, छह घंटे गुल रही बिजली

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** देवकाली-रीडगंज मार्ग पर देवकाली चौराहे के निकट गुरुवार सुबह 11 बजे एक ही स्थल पर रखे तीन ट्रांसफार्मर फुंक गए। दो घंटे से अधिक ट्रांसफार्मरों से 15 फिट तक आग के शोले निकलते रहे। धड़ाम-धड़ाम की आवाज से आसपास हड़कंप मच गया और लोग जान बचा कर भागे। आग के शोले इतने भयावह थे कि दोनों ओर का ट्रैफिक रूक गया। इन तीनों ट्रांसफार्मरों के जलने से देवकाली क्षेत्र की बिजली छह घंटे तक गुल रही और पांच हजार आबादी को संकट झेलना पड़ा। ट्रॉली ट्रासफार्मर के सहारे शाम 4:30 करीब विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। भयावह आग को बुझाने में ही फायर ब्रिगेड को दो घंटे लग गए। ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटना अभी रहस्य बनी हुई है। पॉवर कॉर्पोरेशन ने ओवरलोडिंग से इंकार किया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक के बाद एक ट्रांसफार्मरों में जोरदार धमाके हुए। जिससे आसपास के इलाके में धुआं और आग की लपटें फैल गईं। इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। सड़क पर वाहनों की आवाजाही रुक गई, जिससे लंबा जाम लग गया।

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे। इस हादसे से आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को पूरे दिन परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदार राजाराम मौर्य ने बताया कि करीब 11 बजे तेज आवाज हुई, दुकान से निकल कर देखा तो ट्रांसफार्मरों में आग लगी थी, जब तक कुछ समझ पाता दो और ट्रांसफार्मर चपेट में आ गए। बताया कि वहां से भागना ही बेहतर समझा। स्टेशनरी की दुकान करने वाले संजय पांडेय ने बताया कि आग कैसे लगी कुछ पता नहीं चला, आसपास इतना धुंआ हो गया कि बुझाने की हिम्मत भी नहीं हुई। यह तो गनीमत थी कि सड़क पर बहुत आवागमन नहीं था वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था।



देवकाली चौराहे के निकट सुबह 11 बजे ट्रांसफार्मरों में लगी आग से उठते शोले, बुझाने का प्रयास करते लोग।

### पॉवर कॉर्पोरेशन को लगी डेढ़ करोड़ की चपत

देवकाली रोड पर गुरुवार को सुबह 11 बजे हुई इस घटना से पॉवर कॉर्पोरेशन को लगभग डेढ़ करोड़ की चपत लग गई। सूत्रों ने बताया कि तीनों ट्रांसफार्मर की कुल कीमत डेढ़ करोड़ थी। अब इन्हें बदलने के लिए भी इतनी ही धनराशि खर्च कर नए ट्रासफार्मर लगाने पड़ेगे।

### ओवरलोड नहीं तो फिर कैसे लगी भयावह आग

पॉवर कॉर्पोरेशन के अनुसार सभी तीनों ट्रांसफार्मर अंडर लोड थे इसलिए ओवरलोड होने से आग लगने का कोई कारण ही नहीं बनता है। देवकाली अवर अभियन्ता एके द्विवेदी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जानकारी तो नहीं। संभवतः किसी बड़ी गाड़ी ने खंभे पर टक्कर मार दी होगी जिससे केबल से जुड़े तारों में स्पार्क हो गया होगा। हालांकि आसपास के लोगों ने गाड़ी की टक्कर की बात से इंकार किया है। जेई ने बताया जांच की जा रही है, आसपास के सीसीटीवी देखे जा रहे हैं।

> देवकाली रोड पर तीन ट्रांसफार्मर जल गए थे। आग कैसे लगी जानकारी नहीं है। कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्रॉली ट्रांसफार्मर से क्षेत्र की बिजली सुचारू कर दी गई है। अवर अभियन्ता से रिपोर्ट मांगी गई है। ओवरलोडिंग का कोई मामला नहीं है। **–मनीष चौबे, अधिशासी अभियन्ता प्रथम।**

### संतों ने शुरू की राम मंदिर की अंतर गृही परिक्रमा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** चित्रकूट की कामदगिरि परिक्रमा की ही तरह गुरुवार से अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि की अंतर गृही परिक्रमा शुरू की गई। अयोध्या की शास्त्रीय सीमा में शामिल होने वाली इस परिक्रमा में रोज श्रद्धालु और अयोध्या के संत शामिल होंगे। जिनकी सुविधा के लिए पूरे मार्ग पर साइनेज बोर्ड, पेयजल और विश्राम स्थल के साथ सुरक्षा का प्रबंध किया जा रहा है। यह करीब चार किमी. की श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर की परिक्रमा है। जो यात्री सेवा केंद्र से रोज शुरू होकर टेड़ी बाजार चौराहा, गोकुल भवन, अशर्फी भवन, डाकखाना तिराहा होते हुए राम पथ पर चलकर राम जन्म भूमि मंदिर के दर्शन प्रवेश मार्ग पर समाप्त होगी। आज की परिक्रमा में राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास, पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय और डॉ. चंद्रगोपाल पांडेय आदि शामिल हुए। सभी ने सनातनी झंडे के साथ रामनाम करते हुए यह परिक्रमा की है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि का परकोटा बनने के बाद भक्त राम मंदिर की परिक्रमा रोज कर सकेंगे। इससे पहले राम मंदिर की अंतरगृही परिक्रमा आज से संतों की अगुवाई में भक्तों ने आरंभ कर दी है।

# सपा नेता राजा मानसिंह के काले साम्राज्य के नेस्तनाबूद की तैयारी

**अयोध्या कार्यालय**

- अवैध संपत्तियों को किया जाएगा कुर्क, जांच के लिए एसआईटी गठित

**अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन ने मसौधा द्वितीय से सपा के जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह निवासी सरियावां थाना पूराकलंदर के काले साम्राज्य को नेस्तनाबूत करने की तैयारी कर ली है। इस गिरोह के काले कारनामों की जांच करने के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक देवेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

इस टीम में क्राइम ब्रांच के निरीक्षक रणजीत यादव, निरीक्षक जनार्दन सिंह, थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक मो. अरशद व स्वाट टीम के प्रभारी अमरेश कुमार त्रिपाठी शामिल हैं। यह टीम राजा मानसिंह व उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमें, अवैध रूप से एकत्र की गई संपत्ति, इनके ठिकाने व संरक्षण देने वालों के खिलाफ जांच कर अपनी रिपोर्ट एसपी सिटी को सौंपेगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सूत्र बतातें हैं कि पुलिस ने तहसील सदर, सोहावल व बीकापुर तहसील में इस गिरोह के द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को चिह्नित कर लिया है। राजस्व विभाग इनका आंकलन करने में जुटी हैं। बताया जा रहा है कि लखनऊ में सपा नेता, उसकी पत्नी व भाई के नाम पर बेशकीमती जमीन व फ्लैट हैं, इन्हें भी चिह्नित किया जा रहा है। वहीं, अभी हाल ही में 10 करोड़ की ठगी के मामले में दर्ज मुकदमें में आरोपी सुशील चतुर्वेदी व उसकी पत्नी ममता जायसवाल के तार भी राजा मानसिंह से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनके खिलाफ भी एसआईटी की टीम जांच करेगी। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद इस गिरोह पर ऐसी कार्रवाई की जाएगी।

# बंद रैन बसेरे के बाहर खड़े रहे मंडलायुक्त, नहीं मिली चाबी

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त का पदभार संभालने के बाद गुरुवार को पहली बार जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त राजेश कुमार के सामने इंतजामों की पोल खुल गई। उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी से वार्डों तक का निरीक्षण किया। रैन बसेरा पहुंचे तो ताला लटक रहा था। सीएमएस डॉ. अजय सिंह गौतम से खुलवाने के लिए कहा तो चाबी ही नहीं मिली। तीन मिनट तक वहीं खड़े रहने के बाद नाराजगी जताते हुए आगे बढ़ गए। इससे पहले उन्हें अस्पताल में प्रवेश करते ही गंदगियां दिखीं। सफाई कराने के निर्देश दिए। बाहरी दवाओं की मरीजों से मिली पर्ची पर चिकित्सक को फटकार लगाते हुए हिदायत दी। इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर खींच रहे मरीज के तीमारदार को देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्हें बताया गया कि पर्याप्त वार्ड बॉय न होने के कारण तीमारदार मरीज को ले जाते हैं। जनरल वार्ड में मरीज के पास भी बाहरी दवा की पर्ची मिली। इस पर सीएमएस को निर्देशित किया कि मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां ही लिखी जायें। जो दवाइयां उपलब्ध नहीं है उनको प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों से क्रय किये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों को चेक करते हुए पाया कि एक यंत्र की एक्सपायरी तिथि बीत चुकी है, जिसको बदलने तथा सभी अग्निशमन यंत्रों को चेक कराने के निर्देश दिये।



बंद रैन बसेरे के बाहर चाबी का इंतजार करते मंडलायुक्त राजेश कुमार व मौजूद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम।

- जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मिली बाहरी दवा की पर्ची

ओपीडी के विभिन्न कक्षों तथा परिसर में स्थापित ब्लड बैंक, फिजियोथैरेपी सेंटर, आईसीयू वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। साफ सफाई की कमी पाए जाने पर सफाई ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। परिसर में मौजूद विभिन्न निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी कराने व परिसर के नाली निर्माण सहित अन्य मरम्मत कार्यों के लिए भेजे गये प्रस्ताव की जानकारी करते हुये जल्द पूर्ण कराने के लिए कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए पकाये जा रहे भोजन कक्ष को भी देखते हुये मरीजों को वितरित किये जा रहे भोजन एवं दूध की जानकारी ली।

# अयोध्या के 15 गांव में हो रहा धर्मांतरण नाम की जगह बदली जा रही तस्वीर

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** अयोध्या के पौराणिक महत्व को कम करने की साजिश के तहत ईसाई मिशनरियां काम कर रही हैं। अब तक 15 से अधिक गांव इसकी चपेट में आ चुके हैं। यह दावा गुरुवार को बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने किया। वह विहिप मुख्यालय कारसेवकपुरम में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कहा कि देश में बढ़ते धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे घटनाओं को रोकने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। अयोध्या के सीमावर्ती क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां सक्रिय है जो धर्मांतरण करा रही हैं। इनके द्वारा साइलेंट होकर कार्य किया जा रहा है, वह लोगों का नाम नहीं बदल रहे हैं लेकिन घर के चित्र बदल रहे हैं। जिसकी चपेट में कई गांव है, इस षड्यंत्र को रोकना होगा। इसके लिए इसमें प्रशासन को भी कदम उठाना होगा। इसमें सरकार भी हस्तक्षेप करें। इसके लिए कठोर कानून बने। साथ ही लव जिहाद को कानूनी अपराध घोषित किया जाए। कहा कि अयोध्या के एक स्थान पर अवैध रूप से चर्च बनाए जाने का भी मामला सामने आया है। अयोध्या के पौराणिक महत्व को कम करने की दृष्टि से यह साजिश है, यह बंद होने चाहिए नहीं तो उसके गंभीर परिणाम होंगे।



कारसेवकपुरम में पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया।

### 20 सदस्यों का जत्था मक्का मदीना सफर-ए-उमरा पर रवाना

**सोहावल, अमृत विचारः** सोहावल के पूर्व ब्लॉक प्रमुख फिरदौस खान अपने बड़े भाई हाजी सरफराज़ खान सहित अपने परिवार व आस पास के 20 सदस्यों के जत्थे के साथ सफ़र-ए-उमरा पर सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के लिए रवाना हुए। इसमें परिवार की महिलाएं एंव बच्चे भी शामिल हैं। सपा नेता हाजी फिरोज़ खान गब्बर ने बताया कि दो सप्ताह के लिए इस धार्मिक यात्रा पर सऊदी अरब में मौजूद मक्का एवं मदीना शरीफ में रहेंगे। सफर पर जाने के पहले सभी ने मदरसा अल-जामिया-अतुल इस्लामियां पहुंच कर धार्मिक गुरुओं से आशीर्वाद लिया।

### साकेत के पूर्व प्राचार्य के निधन पर शोक

**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एचबी सिंह के निधन पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कहा कि हमने एक ऐसे व्यक्ति को खोया है जिसकी भरपाई वर्षों तक नहीं पूरी की जा सकती। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता शीतला पाठक, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व नगर अध्यक्ष वेद सिंह आदि ने उनके निधन को सामाजिक क्षति बताया।

# फिर उठा औद्योगिक क्षेत्र में ट्रिपिंग का मामला

**अयोध्या कार्यालय**

- मंडलायुक्त ने मुमताजनगर में ट्रिपिंग की समस्या पर 5 दिन में मांगी रिपोर्ट, मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक

**अमृत विचारः** मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में एक बार फिर बिजली आपूर्ति में ट्रिपिंग की समस्या उठी। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने पांच दिन में इसे दुरुस्त करके रिपोर्ट दिए जाने का निर्देश दिया।

आयुक्त सभागार में एलओसी प्राप्त इकाईयों को द्वितीय चरण की प्रतिपूर्ति के लिए धनराशि स्वीकृत किए जाने को लेकर स्वीकृति समिति एवं फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक गुरुवार को हुई। मंडलायुक्त ने इसकी अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, सीएम युवा, ओडीओपी वित्त पोषण एवं एमओयू हस्ताक्षरित इकाईयों की प्रगति और स्थापना की समीक्षा की। बैंकर्स को स्वीकृत/वितरण का निर्देश दिया। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र मुमताजनगर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या उठाई। बता दें कि उद्यमियों की यह समस्या कई महीने से हैं। अब तक कई बार इस समस्या को बैठक में उठाया गया, आश्वासन मिला। समाधान नहीं हुआ। जबकि मुमताजनगर बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। इस बार मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि वे सर्वेक्षण कराकर ट्रिपिंग को दूर करने की कार्रवाई कराएं। पांच दिन के अन्दर आख्या उन्हें उपलब्ध कराएं। निर्यात प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत एलओसी प्राप्त सात इकाईयों को दूसरे चरण के लिए डिस्वर्समेण्ट धनराशि स्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया। फैसिलिटेशन काउंसिल के तहत आरबी ट्रेशन के दो वाद और अवार्ड/आरसी संबंदी नौ वाद और चार नए वादों पर समिति ने विचार किया। निर्णय भी लिया।

संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन ने किया। बैठक में एडीएम वित एवं राजस्व बाराबंकी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, आरएमयूपी सीडा, जिलों के उपायुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, डीआईजी स्टाम्प, आईआईए के मण्डलीय अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष सुमित जायसवाल सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

# वृहस्पति कुंड में आज दक्षिण भारत के तीन संगीतकारों की मूर्तियां होंगी स्थापित

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर के दक्षिण दिशा में स्थित वृहस्पति कुंड में दक्षिण भारत के तीन महान संगीतकारों की मूर्तियां शुक्रवार को स्थापित की जाएगी। इसके लिए सभी मूर्तियां अयोध्या पहुंच गई है।

- तमिलनाडु से संगीतकारों की मूर्तियों को तैयार कर लाया गया

अयोध्या के ऐतिहासिक कुंडों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी कड़ी में 4.49 करोड़ की लागत से टेढ़ी बाजार चौराहे के पास स्थित वृहस्पति कुंड को भी तैयार किया जा रहा है। दक्षिण भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़े दिवंगत तीन महान संगीतकार त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास व अरुणाचल कवि की मूर्तियां स्थापित करने की तैयारी है। राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया कि परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। दो वर्ष पहले कार्य शुरू हुआ था। वृहस्पति कुंड के जीर्णोद्धार से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



डीसीएम से अयोध्या लायी गई संगीतकारों की प्रतिमा।

### जिला चिकित्सालय को आधुनिक बनाए जाने की पहल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** जिला चिकित्सालय की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व आधुनिक बनाए जाने के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा से भेंटकर अस्पताल की लंबित आवश्यक कार्यों की चर्चा की। इस संदर्भ में प्रस्ताव सीएमएस जिला चिकित्सालय के माध्यम से प्रमुख सचिव को भेजा गया है। विधायक ने अस्पताल में जी-फाइव भवन के निर्माण, ब्लड बैंक में दो नए कमरों की व्यवस्था, नाला-ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार और अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवीए का नया जेनरेटर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा। विधायक ने कहा कि अयोध्या का जिला चिकित्सालय प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आदर्श अस्पताल बने, यह हमारा संकल्प है। कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी प्राथमिकता है। बताया कि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी।



वेद प्रकाश गुप्ता नगर विधायक।

# गणेश पूजा को लेकर महापौर ने की समिति के साथ बैठक



तिलक हाल में दुर्गा पूजा समिति के साथ बैठक करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचारः** गणेश पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने गुरुवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा, रामलीला समन्वय समिति के पदाधिकारी और गणेश पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक तिलक हाल में की। पदाधिकारियों ने समस्याओं को रखा। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने अपनी मांगों को रखा।

महापौर ने सभी को आश्वस्त किया कि नगर निगम सर्वोत्तम व्यवस्था प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपसभापति और केंद्रीय समिति के नगर निगम समन्वयक राजेश गौड़ ने भी आश्वस्त किया कि इस बार की व्यवस्था अब तक की सर्वोत्तम व्यवस्था साबित होगी। संचालन सहसंयोजक गगन जायसवाल ने किया। बैठक में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, जेएन चतुर्वेदी, सुप्रीत कपूर, अतुल सिंह, संजय श्रीवास्तव, पवन निषाद, विशाल गुप्ता वाशु समेत नगर निगम के तमाम अधिकारी व पूजा समिति से जुड़े लोग मौजूद थे।

**कवायद** परियोजनाएं दीपोत्सव व परिक्रमा मेले के पहले पूरी कराने का लक्ष्य

# अयोध्या विजन–2047 पर बढ़ेगा फोकस

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचारः** अयोध्या विजन-2047 की परियोजनाओं पर फोकस बढ़ेगा। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया कि अयोध्या विजन की नियमित बैठकें किए जाने पर विचार किया जा रहा है। कई परियोजनाएं दीपोत्सव और परिक्रमा मेले के पहले पूरी कराई जाने का लक्ष्य है।

अयोध्या विन-2047 में अयोध्या के समग्र विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल की जाती हैं। राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले तत्कालीन मंडलायुक्त ने इसे शुरू किया था। मकसद अयोध्या को वैश्विक सिटी बनाए जाने के लिए शुरू की जाने वाली परियोजनाओं पर चर्चा के साथ प्रगति समीक्षा थी। जैसे-जैसे परियोजनाएं पूरी होती हैं, उन्हें सूची से बाहर कर दिया जाता है। अब भी अयोध्या विजन में शामिल बड़ी संख्या में परियोजनाएं चल रही हैं। मंडलायुक्त ने उनकी पूरी बुकलेट मंगवाई। अध्ययन किया। इसमें शामिल विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया कि अयोध्या को वैश्विक सिटी बनाए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत काम किया जा रहा है। निर्धारित समय में परियोजनाएं पूरी की जानी है। दीपोत्सव और परिक्रमा मेले तक कई बड़ी परियोजनाएं पूरी की जाएंगी। इनमें राम की पैड़ी की परियोजना के साथ पंचकोसी और 14 कोसी परिक्रमा पथ सहित अन्य शामिल हैं। अयोध्या विजन-2047 में एक साथ सभी परियोजनाएं शामिल रहती हैं। भविष्य में अन्य परियोजनाएं भी आ सकती हैं। विकास परियोजनाओं पर एक साथ नजर रखने, चर्चा और प्रगति समीक्षा के लिए अयोध्या विजन की नियमित बैठकें किए जाने पर विचार किया जा रहा है।



- मंडलायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, नियमित बैठकें संभव

### नदियों के संरक्षण के लिए दिया जाएगा गंगा सम्मान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश में गंगा एवं उनकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरणीय पुनर्जीवन और जन भागीदारी बढ़ाने के लिए गंगा सम्मान पुरस्कार–2025 का आयोजन किया जा रहा है। पुरस्कार आठ श्रेणी में दिया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी व जिला गंगा समिति के संयोजक प्रखर गुप्ता ने बताया कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से दिए जाने वाले इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं एवं संगठनों को सम्मानित करना है, जिन्होंने प्रदेश में गंगा और उनकी सहायक नदियों को स्वच्छता, संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रत्येक जिले से जिला गंगा समितियां उपयुक्त नामांकन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद राज्य स्तर पर गठित कमेटी से गंगा सम्मान के लिए उपयुक्त व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों का चयन किया जाएगा



समीक्षा बैठक के लिए सर्किट हाउस पहुंचे जनसत्ता दल के वरिष्ठ नेता एवं राजा भैया के करीबी अक्षय प्रताप सिंह।

### हम खुद चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनायेंगे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के वरिष्ठ नेता अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने गुरुवार को अयोध्या में सर्किट हाउस में मंडलीय समीक्षा बैठक की। जिसमें 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। अक्षय प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, हम खुद चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे। यदि सरकार बनाने की स्थिति नहीं बनी, तो उस समय तय करेंगे कि किसके साथ खड़ा होना है। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के आरोपों पर तंज कसते हुए कहा, "इसकी समीक्षा होनी चाहिए। जब राहुल गांधी की सरकार थी, तब वोट नहीं कटते थे? उन्होंने सुझाव देते हुए कहा, सभी चुनावों की वोटर लिस्ट एक होनी चाहिए। इससे गड़बड़ी की संभावना खत्म हो जाएगी। बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### सपा महिला सभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार।** सपा महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल के नेतृत्व में गुरुवार को भारत के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौंपा गया। कहा कि सपा ने उत्तर प्रदेश की विधानसभा मतदाता सूची में पिछड़ी जातियों यादव, मुस्लिम, मौर्य, प्रजापति, बघेल आदि के नाम बड़ी संख्या काटने की शिकायत की थी,लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में श्रीचंद यादव, शावेज जाफरी, पूजा वर्मा, पूनम साहू, फहमीदा कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### समिति पर नहीं मिल पाई पर्याप्त खाद

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित तेलियागढ़ सहकारी समिति पर काफी किसान गुरुवार को लाइन में लगे रहे। सीमित उपलब्धता के कारण कोई एक बोरी तो कोई पांच से 10 बोरी ही खरीद पाया। समिति सचिव रामआशीष वर्मा ने बताया कि उपलब्ध स्टॉक का वितरण कर दिया गया है। अतिरिक्त खाद के लिए विभाग से मांग की गई है। किसानों का कहना है कि समय से खाद न मिलने पर फसलें बर्बाद होने का खतरा है।

### प्रेमी को पुलिस के हवाले किया

**मवई, अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को गांववालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी पटरंगा शशिकांत यादव ने बताया कि आरोपी पुरनियां थाना केसरी जनपद बलरामपुर बब्लू के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# 3 माह के लिए 2.60 लाख लोगों का रोका गया राशन



ई-केवाईसी न कराने पर यूनिट निलंबित मची अफरा-तफरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बार-बार मौका मिलने के बाद भी ई-केवाईसी न कराने वाले 2.60 लाख लोगों का तीन माह का राशन रोक दिया गया है। सभी यूनिटों को निलंबित करते हुए राशनकार्ड धारकों को अंतिम मौका दिया गया है। विभाग के सख्त रुख के बाद हर माह मुफ्त राशन ले रहे यूनिट धारकों में अफरातफरी मची हुई है।

जिले में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय के कार्डों में 18,62,652 यूनिटें शामिल हैं। कई माह से यूनिटों की ई-केवाईसी का काम चल रहा है।

> जिले में 2.60 लाख से अधिक यूनिटों का राशन तीन माह के लिये रोक दिया गया है। यूनिटों को निलंबित करते हुए कार्डधारकों को संबंधित यूनिटों की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर यूनिटों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। - बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी।

अब तक 16,01,964 यूनिटों की ही ई- केवाईसी का काम पूरा हुआ है। चर्चा है कि ई-केवाईसी न कराने वाले उपभोक्ता अपात्र होने के बाद भी राशन ले रहे हैं। इसी कारण ई-केवाईसी नहीं करा रहे हैं।

विभाग ने राशन की कालाबाजारी को रोकने के लिए बायोमेट्रिक तरीके से राशन वितरण शुरू कराया है। व्यवस्था यह है कि राशन कार्डों में शामिल एक भी यूनिट की ई-केवाईसी है तो बायोमेट्रिक से सभी यूनिटों का राशन मिल जाता है। इसी कारण इसे कराने में सुस्ती बरती जा रही है। शासन स्तर पर राशन कार्डों की ऐसी यूनिटों को चिह्नित किया गया हैं, जिनकी ई-केवाईसी नहीं हो सकी है। कार्डधारकों को संबंधित यूनिटों की ई-केवाईसी तीन माह के अंदर कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर यूनिटों को कार्डों से हटा दिया जाएगा।

### 75 जिलों में 46वें स्थान पर है अयोध्या

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक ई-केवाईसी कराने में प्रदेश के 75 जिलों में अयोध्या को 46वां स्थान मिला है। खाद व रसद विभाग के आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को ई-केवाईसी में छूट देते हुए एनआईसी के वरिष्ठ निदेशक राजीव रस्तोगी को उपभोक्ताओं को निलंबित करने के लिए पत्र लिखा है।

## यूपीडीए में डॉ. नानक बने अध्यक्ष व डॉ. वीरेंद्र सदस्य

**अयोध्या, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन (यूपीडीए) के लिए हाल ही में हुए चुनाव के परिणाम मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज के. श्रीवास्तव ने घोषित किए। जिसमें अध्यक्ष पद पर अयोध्या के डॉ. नानक सरन निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा अयोध्या मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। यह चुनाव एक अप्रैल 2025 को हुई गवर्निंग बॉडी की बैठक के बाद हुआ था। नतीजों से चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की अपेक्षा बढ़ गई है।



डॉ. नानक शरण



डॉ. वीरेंद्र वर्मा



## अयोध्या पुस्तक प्रदर्शनी शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित सात दिवसीय अयोध्या पुस्तक प्रदर्शनी का गुरुवार को केएस साकेत महाविद्यालय के जेपीएन सिंह सभागार में समारोहपूर्वह आगाज हुआ। मुख्य अतिथि एडीएम एमके सिंह ने मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि एडीएम सिंह ने एनबीटी की पुस्तकों के प्रति अपने अनुभव व दिलचस्पी को साझा करते हुए सबको न्यास की पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि न्यास द्वारा 1972 से संचालित विश्व पुस्तक मेले के आगामी संस्करण का आयोजन 10- 18 जनवरी को होना सुनिश्चित हुआ। न्यास के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्रो. असीम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, उदया पब्लिक स्कूल व साकेत पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने न्यास की पुस्तकों का अवलोकन कर क्रय किया।

## सहकारिता से समृद्ध होगा किसान : डीडीएम नाबार्ड

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** हैरिंगटनगंज ब्लॉक के पूरे पटना मजरे चमोला में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव ने कहा कि समितियों का सीधा लाभ आम जनता खासतौर से किसानों को मिलेगा। वर्तमान में सहकारी समिति के बायलॉज में परिवर्तन करके उन्हें और भी अधिकार दिए गए है।

भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय संस्था सीएफएल के एरिया मैनेजर अजय यादव ने किसानों को सहकारिता साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, केसीसी सहित सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। सेवा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सहकारी साक्षरता कार्यक्रम से किसानों को मजबूती के साथ साथ विभिन्न वित्तीय योजनाओं में भी भागीदारी का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम को सेंट्रल बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक कामता प्रसाद यादव, सर्वोदय विद्या आश्रम के प्रबंधक राम बदल यादव, क्षेत्र के प्रगतिशील किसान योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान अशोक चौरसिया सहित अन्य ने संबोधित किया।

## हर शबे जुमा निकाले अपने मरहूमीन का सदका : मौलाना नदीम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** हैदरी मस्जिद मिर्ज़ा अली बजाऱ में गुरुवार को एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खेताब करते हुए मौलाना नदीम रज़ा जैदी ने कहा कि हर शबे जुमा मरहूमीन की रूहें अपने घर आती है, अगर उसके घर वालों ने नमाज पढ़ी है। सदका निकाला है। सूरह फातिहा पढ़ी है तो वह खुश होकर दुआएं देकर वापस जाती है। अगर उसके घर में किसी ने उसके लिए इसाले सवाब नहीं किया तो बहुत मायूस होकर जाती है। मौलाना ने कहा कि सबसे बड़ा अल्लाह है। उसके बताए हुए रास्ते पर चलेंगे तो कभी परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कर्बला की शहादत का वाकया बयान किया। जिसे सुनकर मौजूद मोमनीन रो पड़े। मजलिस के बाद अंजुमन नासिरिया कदीम ने नौहा ख्वानी व सीनाज़नी की।



सहादतगंज स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में स्वर्गीय कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता।

## पुण्यतिथि पर बाबू कल्याण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री और राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता बाबू कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बाबू कल्याण सिंह जन-जन के सच्चे नेता थे। आह्वान किया कि उनके आदर्शों पर चलकर संगठन और राष्ट्रहित में सतत कार्य करते रहें। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, गिरीश पांडे डिप्पुल, करुणाकर पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं को किया प्रशिक्षित

**बीकापुर, अमृत विचार :** व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजाविका मिशन के महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का 21 दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। समूह से जुड़ी महिलाओं को सामाजिकता के सीख, मानवीय गुण, व्यक्तित्व विकास सहित अन्य कई बिंदुओं पर डीआरपी मनीषा वर्मा से प्रशिक्षण दिया। सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय ने बताया कि अलग-अलग बैच में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे उनमें मानवीय व्यवहार के विकसित होने के साथ कार्य कुशलता में भी गुणवत्ता आएगी और उनके व्यक्तित्व मे निखार आएगा।

### रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

**मवई, अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक उपाध्यक्ष आशाराम पाल व महामंत्री धर्मेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम न करने को लेकर गुरुवार को खंड विकास अधिकारी भावना यादव को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक महामंत्री गुप्ता ने कहा कि इस मौसम में खेतों में जहरीले सर्प, बिच्छु आदि का खतरा है। बिना संसाधन व सुरक्षा के क्रॉप सर्वे का कार्य करना संभव नहीं है। पहले किए गए क्राप सर्वे व अन्य कार्यो का भुगतान अभी तक लंबित है। यह कृषि विभाग का काम है, ग्राम्य विकास विभाग से संबंधित नहीं है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक उपाध्यक्ष आशाराम पाल, आशीष कुमार, अजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार आदि थे।

## डीसीएम स्कूल के गेट से टकराई, चालक की मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में एक डीसीएम चालक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। दुर्घटना हंसवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रंगेय राघव कॉलेज के निकट की बताई जा रही है।

बता दें कि सुनील कुमार यादव निवासी पिपरी मरौचा थाना बसखारी खलीलाबाद से डीसीएम पर पशु आहार लादकर हंसवर की तरफ आ रहा था। इसी बीच डीसीएम अनियंत्रित होकर रघुराजी देवी महाविद्यालय के गेट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्यालय की दीवार गिर गई और डीसीएम का आगे का हिस्सा क्षत्रिग्रस्त होकर पलट गया। जिसमें चालक सुनील कुमार यादव 32 वर्ष की मौत हो गई। हादसे की खबर सुनकर मौके पर पहुंची हंसवर पुलिस ने सुनील को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौत की खबर पाकर परिजन और गांव के लोग भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं थाना प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सुनील परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा था। जो मजदूरी करके परिवार की जरूरतों को पूरा करता था। उसकी 30 वर्षीय पत्नी प्रियांशी देवी मौत की खबर सुनकर सुध-बुध खो बैठी है। पिता सभाजीत यादव व 13 वर्षीय पुत्री साक्षी व 10 वर्षीय पुत्र सक्षम का भी रो-रो कर बुरा हाल है। अचानक मौत की खबर सुनकर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। वहीं सुनील के परिवार को ढांढस बंधाने पहुंची गांव की महिलओं की आंखों से भी आंसू छलकने लगे थे।



सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डीसीएम व स्कूल की दीवार। अमृत विचार

- खलीलाबाद से पशु आहार लादकर हंसवर की तरफ आ रहा था चालक

## गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** मालीपुर पुलिस ने एक युवक को एक किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया है। एसओ मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पेदिया चौराहा के पास से एक युवक के पास से 1150 ग्राम अवैध गांजा और एक अदद मोबाइल बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष कुमार वर्मा निवासी बीबीपुर भुसौली हाल पता धवरुआ तिराहा बताया है। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

## अवैध निर्माण की शिकायत पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जलालपुर से सटकर बह रही तमसा नदी की धारा को सुरक्षित रखने और गंगा नदी के गाइडलाइन के अनुरूप गंगा और उसकी सहायक नदियों की धारा से सौ मीटर की दूरी तक निर्माण कार्य पर रोक के बावजूद अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अतिक्रमण प्रभारी नगर पालिका परिषद जलालपुर रमाकांत चौबे ने तहरीर देते हुए बताया कि जलालपुर तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग की आख्या पर कई बार नोटिस व चेतावनी देने के बावजूद नगर के वाजिदपुर निवासी सिरातुन्निसा पत्नी हेलाल अहमद, नाजनीन पत्नी मो. हाशमी, महमूद आलम पुत्र इदरीस तथा वाजिदपुर निवासी गुड्डू पुत्र शकील के द्वारा तमसा के सौ मीटर के दायरे में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया। शिकायत में कहा गया कि तमसा नदी किनारे अवैध भवन निर्माण से पर्यावरणीय असंतुलन और जनहित को क्षति पहुंच रही है। शिकायत के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं प्रभारी कोतवाली हीरालाल यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दिव्यांग लाभार्थियों के लिए आज लगेगा शिविर

**अंबेडकरनगर:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जनपद के पात्र दिव्यांग लाभार्थियों के आवेदन पत्र भरने के लिए विकासखंड वार प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय पर सुबह 11 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक चिह्नांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव ने बताया कि 22 अगस्त को विकासखंड जहांगीरगंज, 29 अगस्त को रामनगर, 5 सितंबर को भियांव, 12 सितंबर को जलालपुर, 19 सितंबर को भीटी, 26 सितंबर को कटेहरी, 3 अक्टूबर को बसखारी में चिह्नांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## मुठभेड़ में एक घायल बदमाश सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़,

- आरोपियों ने पोस्टमास्टर के साथ लूट की घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार:** बीते सोमवार को फूलपुर कोतवाली के मुड़ियार-चितरावल रोड पर डाकघर मुडियार के पोस्ट मास्टर दयाशंकर यादव से हुई लूट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना में शामिल बदमाशों में से एक पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार हुआ, जबकि उसका साथी मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, लूटे गए मोबाइल, 4270 रुपये नकद, पोस्ट मास्टर का आधार-पैन कार्ड, पासबुक व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि गत 18 अगस्त को पीड़ित पोस्ट मास्टर दयाशंकर यादव ने थाने में दी तहरीर देकर बताया था कि करीब पौने चार बजे वे साइकिल से घर लौट रहे थे। बीच रास्ते में बदमाश बाइक से आए और उनका बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में सरकारी व निजी मोबाइल, अंगूठा स्कैनिंग डिवाइस, 8000 रुपये और डाकघर से संबंधित कागजात थे। इस आधार पर थाना निजामाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्तों के नाम सलीम, अंश मौर्या, ऋषभ कश्यप और अरफात सामने आए।

बीती रात कोतवाली प्रभारी सच्चिदानन्द पुलिस टीम के साथ जगदीशपुर पुलिया पर चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि वही बदमाश बाइक से किसी वारदात की फिराक में जा रहे हैं। पुलिस ने मनरा गांव के पास घेराबंदी की। इशारा करने पर बदमाश भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में सलीम पुत्र हबीब के पैर में गोली लगी, जबकि अंश मौर्या पुत्र शिवकुमार मौर्या को मौके से दबोच लिया गया। जबकि तीसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## वीएचपी के प्रांत प्रमुख को अंतर्राष्ट्रीय नंबर से मिली जान से मारने की धमकी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर:

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत में प्रांत संत सम्पर्क प्रमुख के दायित्व पर कार्यरत अरविन्द पाण्डेय और उनके परिवार को अंतर्राष्ट्रीय नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। प्रांत प्रमुख ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि प्रांत प्रमुख ने बताया कि वह धर्मान्तरण रोकने, तथाकथित लव जिहाद की शिकार युवतियों की घर वापसी कराने तथा हिंदू समाज से सम्बन्धित प्राचीन पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा एवं पुर्नस्थापना के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। बीती 6 जुलाई को किसी अंतर्राष्ट्रीय आतंकी संगठन द्वारा प्रार्थी के मोबाइल पर कॉल कर प्रार्थी और उसके परिवार को जान से मार डालने की धमकी दी गई। इस संबंध में प्रार्थी ने एलआईयू के इंस्पेक्टर नन्दलाल को सम्पूर्ण कॉल डिटेल साझा की। जिसके बाद बीते दिवस 20 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत में प्रांत संत सम्पर्क प्रमुख के पद पर कार्यरत अरविन्द पाण्डेय को अंतर्राष्ट्रीय नंबर से परिवार सहित बम से उड़ाने की धमकी के साथ गाली-गलौज भी की गई। जिसके कुछ अंश पीड़ित ने मोबाइल में रिकार्ड किए हैं।

## जल जीवन मिशन के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के कर्मचारियों ने तहसील में उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन के उपरांत अपनी मांगों के समर्थन में मांग पत्र तहसीलदार गरिमा भार्गव को सौंपा। पत्र में कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह से बकाया वेतन नहीं मिलने से उनके समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बार-बार निवेदन करने के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उनकी मांग है कि बकाया वेतन अविलंब भुगतान किया जाए। वेतन वृद्धि लगाई जाए, जिससे कर्मचारियों के समस्याओं का समाधान हो सके।



तहसीलदार गरिमा भार्गव को मांग पत्र सौंपते जल जीवन मिशन के कर्मचारी।

उनका कहना है कि वेतन वृद्धि समय से नहीं की जाती तथा वेतन भी समय से नहीं दिया जाता है। धरना-प्रदर्शन करने वालों में कर्मचारी उमेश कुमार उपाध्याय, शिवकुमार, अखिलेश, मन्दन, अमरनाथ, संदीप कुमार, अजय कुमार, फूलचंद सहित दर्जनों कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। अंत में कर्मचारियों ने प्रदर्शन के पश्चात उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार गरिमा भार्गव को अपना मांग पत्र सौंपा।

## भाजपा की सह पर कार्य कर रही पुलिस और प्रशासन : हवलदार

संवाददाता, आजमगढ़

- सपा जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता के दौरान लगाए आरोप

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की सह पर प्रशासन और पुलिस दलित, पिछड़ों और मुसलमानों पर एक तरफा कार्रवाई कर रही है। भाजपा नेता थानों में बैठकर सपा के कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमा लगाकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने गुरुवार को सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही।

सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने जिले की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ग्राम सिंहपुर निवासी दलित युवक को थाने में फांसी पर लटका दिया गया, लेकिन अभी तक उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह जीयनपुर थाना क्षेत्र के लाटघाट में मौर्य समाज की महिलाओं को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया, लेकिन भाजपा के नेताओं की सह पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यहां विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, नफीस अहमद, एचएन पटेल, इंजीनियर सुनील कुमार यादव, इसरार अहमद, अजीत कुमार राव, विवेक सिंह रहे।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हवलदार यादव। अमृत विचार

## पुत्र ने धारदार हथियार से हमला कर मां को उतारा मौत के घाट

**आजमगढ़:** जिले के थाना अतरौलिया क्षेत्र के अचलीपुर गांव निवासी विजयकांति पांडे (55) पत्नी स्व. गोपाल पांडे अपने छोटे बेटे प्रवीण पांडे और बहू स्वेता के साथ रह रही थीं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उनका बड़ा बेटा प्रणव पांडे (35) घर पहुंचा और किसी बात को लेकर मां से विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में आकर मां पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे विजयकांति पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की छानबीन शुरू कर दी। वहीं छोटे बेटे प्रवीण पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बड़े भाई प्रणव पांडेय पर हत्या का आरोप लगाया है।

बैठक

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

## जिम्मेदार फार्मर रजिस्ट्री में नहीं बरते लापरवाही

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकता कार्यक्रम फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उपनिदेशक कृषि अश्विनी सिंह और जनपद के कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री में जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही नहीं बरतने के दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, लेकिन विगत कुछ दिनों से अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण जनपद के प्रदेश स्तर पर रैंकिंग प्रभावित हुई है। इस स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री से वंचित कृषकों और लंबित आवेदनों की सूची सभी वीएलई को उपलब्ध कराई जाए, ताकि कृषकों से व्यक्तिगत वार्ता कर उनकी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कराई जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी वीएलई अपने-अपने क्षेत्र के कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें सीएससी सेंटर पर बुलाकर फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि सीएससी वार प्रगति प्रतिदिन समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में मौजूद अन्य। अमृत विचार

### कंट्रोल रूम स्थापित करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन किसानों की अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है, वह शीघ्र ही अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर पंजीकरण अवश्य कराएं। साथ ही उन्होंने तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कृषि विभाग में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह को समस्या निवारण में प्रभावी कदम उठाने को कहा है, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स जय माँ विंध्यवासिनी, ग्राम-सुबारपुर, पोस्ट-लारपुर, जिला-अम्बेडकरनगर, उ0प्र0, 224186 के साझीदार श्रीमान नरसिंह वर्मा पुत्र श्री रामलखन, निवासी नथाईपट्टी, पोस्ट फरीदपुर कला, जिला अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश, ने व्यक्तिगत कारणों से स्वेच्छापूर्वक उपरोक्त फर्म से अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है। उनके स्थान पर नये साझेदार के रूप् में श्री रामजी वर्मा आयु लगभग 62 वर्ष पुत्र श्री राम नायक निवासी कसेरूवा जिला.अम्बेडकरनगर शामिल किये गये है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति बसखारी अम्बेडकरनगर, आई-90852 में साधारण सभा के सदस्यों की संख्या बढ़ाये जाने का कई बार प्रस्ताव पास किया गया, किन्तु अग्रिम कार्यवाही न किये जाने के कारण साधारण सभा के सदस्यों की संख्या बढ़ायी नहीं जा सकी। अत: सूचित करना है कि बाल कल्याण समिति के उद्देश्यों तथा संस्था के प्रति समर्पित होकर कार्य करने तथा निष्ठा रखने वाले लोग अपनी सदस्यता हेतु संस्था के प्रबन्धक के नाम आवेदन पत्र संस्था कार्यालय पर सूचना जारी होने के 10 दिन के अन्दर सदस्यता श्रेणी सहित प्रस्तुत करें। आजीवन सदस्य, संरक्षक सदस्य सदस्यता शुल्क 1000.00 दस वर्ष के लिए सामान्य सदस्य सदस्यता शुल्क 25.00 प्रति वर्ष।- **प्रबन्धक बाल कल्याण समिति, अम्बेडकरनगर**

न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक संडा के केस में गवाही टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में गुरुवार को पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ दर्ज केस में कोई साक्षी उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने 2 सितंबर के लिए साक्षी को तलब किया है। कोतवाली नगर के तत्कालीन उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने 20 फरवरी 2022 की घटना बताते हुए तत्कालीन सपा प्रत्याशी संडा के खिलाफ केएनआईटी कस्बे में मंदिर के पास गलत तरीके से सभा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसका ट्रायल एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा है।

### पूर्व विधायक के केस में बहस 29 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया अब 29 अगस्त को बहस होगी। मामला 24 फरवरी 2022 का है, जब विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभाएं करने पर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। कोर्ट में सभी आरोपियों के बंधपत्र पहले ही दाखिल हो चुके हैं।

### रंगदारी मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में अनिरुद्ध नगर मोहल्ला निवासी रणजीत दूबे और उनके पुत्र रजत दूबे को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रणजीत दूबे के खिलाफ कादीपुर कोतवाली में 6 तथा हसनगंज (लखनऊ) थाने में एक केस दर्ज है।

# खाद के लिए बवाल, कर्मचारियों से मारपीट, 2 किसानों पर केस दर्ज

## सहकारी समिति सैदखानपुर में अलसुबह से लगने लगी थी लाइन, फिर भी मायूस लौटे किसान

कूरेभार/द्वारिकागंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले भर में यूरिया को लेकर हाहाकार मचा है। जिस गोदाम पर खाद मिल रही वहां पर पुलिस लगाकर बंटवाना पड़ रहा है। कूरेभार थाना क्षेत्र के सहकारी समिति सैदखानपुर में खाद वितरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ। स्थिति बिगड़ती देख ग्राम प्रधान ने एसडीमए सदर विपिन द्विवेदी से संपर्क किया। उनके निर्देश पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोपहर करीब 12 बजे सचिव के आने पर पुलिस निगरानी में खाद वितरण शुरू हो सका। किसानों पर सहायक लेखाकार व सचिव के साथ मारपीट का आरोप लगा है। सहायक लेखाकार ने दो किसानों पर मुकदमा दर्ज कराया है। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि हर सीजन में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हो।

बुधवार को यूरिया की 550 बोरियों के आने की खबर पर किसानों में उम्मीद जगी। गुरुवार की अलसुबह से ही महिला-पुरुष किसान लाइन में लग गए। सुबह सात बजे तक केंद्र के बाहर करीब 400 किसानों की लंबी कतार लग चुकी थी। किसानों ने बताया कि हर सीजन में खाद की किल्लत से जूझना पड़ता है, जिससे समय और मेहनत दोनों बर्बाद होते हैं।



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते सपा लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भूख से बेहोश हुआ किसान

इसी दौरान किसान मेही लाल भूख-प्यास से व्याकुल होकर बेहोश हो गया। ग्रामीण उसे पानी पिलाकर किसी तरह होश में लाये। इसके बाद किसानों में आक्रोश फैल गया और हंगामा शुरू हो गया।

### दो लोगों पर केस दर्ज

एसओ कूरेभार ने बताया कि सहायक लेखाकार ऋषभ मिश्र की तहरीर पर शेर बहादुर वर्मा और अमर बहादुर सिंह वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और अब आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सपा लोहिया वाहिनी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर : समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी ने यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले की साधन सहकारी समितियों पर यूरिया की भारी कमी बनी हुई है। किसानों को सुबह से लाइन में लगना पड़ रहा है, लेकिन देर शाम तक कई किसानों को यूरिया नहीं मिल पा रही। लाइन में महिलाएं भी लग रही है जिनमें से कई बेहोश होकर गिर रही हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पर खरी नहीं उतरी, बल्कि किसानों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। छुट्टा पशुओं से धान की फसल चौपट हो रही है और नहरों में पानी न आने व खराब सरकारी ट्यूबवेलों की वजह से फसलें बर्बादी के कगार पर हैं। सपा लोहिया वाहिनी ने मांग की है कि सोसाइटियों पर तत्काल यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति कराई जाए और महिलाओं को प्राथमिकता देकर खाद उपलब्ध कराया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसानों के हितों के लिए सड़क जाम और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव (भजन प्रधान), राजू चौधरी, बसंत अग्रहरि, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सहकारी समिति का किया निरीक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर : लगातार यूरिया ओवर रेटिंग और अनुपलब्धता की शिकायतों को देखते हुए एसडीएम (सदर) विपिन द्विवेदी ने गुरुवार को साधन सहकारी समिति बंधुआ कला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम पर 278 बोरी यूरिया का स्टॉक पाया गया। एसडीएम ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा नियमित रूप से गोदामों पर यूरिया भेजी जा रही है, जिससे किसानों को अपनी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि आवश्यकता अनुसार ही यूरिया खरीदें, अनावश्यक स्टॉक करने की जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्राइवेट दुकानदार द्वारा यूरिया की ओवररेटिंग की शिकायत मिली तो उसका लाइसेंस रद कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### इंस्पेक्टर तोमर की दर्ज हुई गवाही

सुलतानपुर, अमृत विचार : किशोरी से छेड़खानी से जुड़े नौ साल पुराने मामले में गुरुवार को तत्कालीन विवेचक इंस्पेक्टर नीशू तोमर विशेष कोर्ट में हाजिर हुए तथा गवाही दर्ज कराई। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट/एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने बचाव पक्ष के जिरह के लिए 9 सितंबर की तारीख नियत की है। कूरेभार थाने के एक गांव की रहने वाली किशोरी के परिजनों ने स्थानीय थाने के ही एक गांव के रहने वाले आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपो में मुकदमा दर्ज कराया था।

# अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में सीओ तलब



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में गुरुवार को अभियोजन गवाह तत्कालीन सीओ प्रशांत सिंह को तलब किया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया 30 अगस्त की नियत तारीख पर सीओ की गवाही दर्ज होगी। मामले में सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अधिशषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### जानलेवा हमले का आरोपी जमानत पर रिहा

चांदा थाना क्षेत्र के बरुआ उत्तरी में होमगार्ड पर बलवा और जानलेवा हमला करने के आरोपी रविलाल की जमानत अर्जी मंजूर कर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने रिहाई का आदेश दिया है। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा कि होमगार्ड जगदीश प्रसाद सिंह ने 27 अक्टूबर 2018 की घटना में बरुआ उत्तरी निवासी भोलानाथ, अनिल, रविलाल, रत्नेश, वीरेंद्र आदि पर मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें रविलाल का स्पष्ट रोल नहीं दिखाया गया है।

### जानलेवा हमले का केस सेशन कोर्ट में, 27 को तय होंगे आरोप

जानलेवा हमले के मामले को सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने सेशन कोर्ट को सुपुर्द कर दिया है। अदालत ने तीनों आरोपियो के विरुद्ध आरोप तय करने की तारीख 27 अगस्त नियत की है। अभियोजन के मुताबिक मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के लोकनाथपुर गांव निवासी सैय्यद नौशाद अहमद पर हुए हमले से जुड़ा है। आरोप है कि 25 जून 2024 को वीरेंद्र प्रताप सिंह पीजी कॉलेज के पास आरोपितों ने क्षेत्र में दबदबा कायम करने के इरादे से उन पर जानलेवा हमला किया। फायरिंग कर दहशत फैलाने की वारदात ने इलाके में हड़कंप मचा दिया था। पुलिस विवेचना के बाद अखंडनगर थाना क्षेत्र के मसुरन गांव निवासी अनुज प्रताप सिंह और आलोक कुमार तथा कादीपुर के लक्ष्मणपुर निवासी विपिन कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। अब सेशन कोर्ट में आरोप तय होने के बाद मुकदमे की नियमित सुनवाई शुरू होगी।

### निलंबित दीवानी कर्मी की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

अदालत से अर्थदंड की रसीद बुक गायब करने के आरोप में जेल भेजे गए निलंबित दीवानी कर्मी फैज आलम की जमानत पर सुनवाई एडीजे तृतीय की अदालत में नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया जिला जज की अदालत ने जमानत पर सुनवाई के लिए फाइल अपर सत्र न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में स्थानांतरित कर दी है। गुरुवार को कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय ने सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख नियत की है।

### पत्नी की हत्या के आरोपी पति की जमानत अर्जी खारिज

सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने गुरुवार को दहेज हत्या प्रकरण में बंधुआकला थानाक्षेत्र के पूरे नान्हू लोनिया का पुरवा हसनपुर निवासी आरोपी बृजेश कुमार की जमानत अर्जी पर सुनवाई की। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के अनुसार बृजेश कुमार ने दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी चौहान को प्रताड़ित किया और 10 जुलाई को मारपीट के बाद घायल अवस्था में अस्पताल ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। जेल में निरुद्ध आरोपित पति की जमानत पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपों को गंभीर पाते हुए आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

### विदेश यात्रा की सशर्त मंजूरी, आरोपी दानिश खान को एक साल के लिए कुवैत जाने की अनुमति

संवाददाता, सुलतानपुर : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुक्ता त्यागी की अदालत ने बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में तीन वर्ष पूर्व थाना बाजार शुक्ल, अमेठी में दर्ज मामले के आरोपी दानिश खान को विदेश यात्रा की अनुमति प्रदान कर दी है। शाहपुर मजरे किशनी निवासी आरोपी को अदालत ने शर्तों के साथ एक वर्ष के लिए कुवैत में रोजगार हेतु जाने की इजाजत दी। आरोपी के अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल एक मुकदमे के लंबित रहने की वजह से आरोपी को रोजगार के अवसर से वंचित करना न्यायोचित नहीं होगा। मुकदमा विचाराधीन होने के कारण आरोपी का वीजा अब तक कन्फर्म नहीं हो पा रहा था।

# कंप्यूटर लैब से सामान गायब कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के श्री दामोदर इंटर कॉलेज, पांडेयपुर लंभुआ में कंप्यूटर लैब से लाखों रुपये का सामान गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। रिटायर्ड प्रधानाचार्य त्रिभुवन दत्त त्रिपाठी की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को लंभुआ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

● कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर 3 लाख की चोरी का आरोप

शिकायतकर्ता त्रिपाठी ने बताया कि उनके कार्यकाल 30 जून 2013 तक में भारत सरकार से लैब के लिए उपकरण मिले थे। इनमें 2 यूपीएस, 11 मॉनिटर, 11 माउस, 20 स्पीकर, 11 कीबोर्ड, एक प्रोजेक्टर, एक वीडियो कैमरा, एक स्कैनर, वेब कैमरा, एग्जॉस्ट फैन और 22 कुर्सियां शामिल थीं। आरोप है कि सितंबर 2016 में कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने हरिप्रकाश त्रिपाठी ने कुछ कर्मचारियों की मदद से लैब का ताला तोड़कर यह सामान चुरा लिया। तत्कालीन एसपी से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में हरिप्रकाश द्वारा धमकी देने के बाद उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिस पर अब पुलिस जांच कर रही है।

### वज्रपात से बकरी चराने गई महिला की मौत

सुलतानपुर, अमृत विचारः कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे मुन्ना पंडित मजरे रंकेडीह गांव निवासी जंगली कोरी की पत्नी धर्मा देवी गुरुवार दोपहर में बकरी चराने गयी थी। अचानक बरसात शुरू होने पर धर्मा देवी नौगवा रायताशी में अनिल तिवारी की बाग में भीगने से बचने के लिए महुआ के पेड़ के नीचे बैठ गयी। इसी बीच आकाशीय बिजली पेड़ पर जा गिरी। जिसकी चपेट में आकर महिला गंभीर रूप से झुलस गयी, जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को लेकर कुड़वार सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया।

# परशुराम एकता समिति ने जिलाध्यक्ष का किया सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना गांव में अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति की बैठक एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष रविशंकर पांडेय को सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित शिवकुमार तिवारी ने की। राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुगल शासनकाल में कुशभवनपुर का नाम बदलकर सुलतानपुर किया गया था। इसी मुद्दे को लेकर आगामी 10 सितंबर को अयोध्या से सुलतानपुर तक पदयात्रा निकाली जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्य प्रकाश पाठक ने कहा कि संगठन गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भी पदयात्रा करेगा। प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ मिश्रा 'विनम्र' ने कहा कि सांस्कृतिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री ऋषभदेव शुक्ला ने किया, जबकि जिलाध्यक्ष रविशंकर पांडेय ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

● अयोध्या-सुलतानपुर पदयात्रा को सफल बनाने की अपील

# बीएसए से मिला प्राशिसं का प्रतिनिधिमंडल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय एवं जिला मंत्री रामाशीष मौर्य के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्त से मिला। इस दौरान शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रतिनिधियों ने 15 वर्षों से लंबित प्रोन्नत वेतनमान आदेश को शीघ्र जारी करने, 2006 से 2015 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने तथा निलंबन-बहाली और चयन वेतनमान से जुड़े मामलों के निस्तारण की मांग उठाई। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने शिक्षामित्र कोटे से नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग की। बीएसए उपेंद्र गुप्त ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षक समय से विद्यालय जाएं तथा समस्याओं को सीधे उन्हें अवगत कराएं। इस मौके पर जिला संयुक्त मंत्री देशराज, संजय सिंह, फिरोज अहमद, दिनेश शुक्ला, डॉ. अख्तर, डॉ. हीरा लाल यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



बीएसए को मांग पत्र देता प्राशिसं का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

● बीएसए ने दिया समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन

मौसम हुआ सुहावना

धान व खरीफ फसलों को बड़ा लाभ, सिंचाई खर्च में होगी बचत, शहर के कई मोहल्लों की सड़कें कई घंटे तक रहीं जलमग्न

# बारिश से फसलों को मिली संजीवनी, किसानों के चेहरे खिले

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः बल्दीराय तहसील क्षेत्र में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश ने उमस और गर्मी से बेहाल लोगों को राहत दी तो किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौटा दी। देहली बाजार, बहुरावां, बल्दीराय, पीरो सरैया सहित पूरे इलाके में बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। जबकि, शहर में करीब डेढ़ घंटे हुई झमाझम बरसात से राहुल चौराहा, शास्त्रीनगर समेत कई मोहल्ले जलमग्न रहे।

लगातार कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस से परेशान लोग ठंडी हवाओं और बरसात का आनंद लेते दिखे। बच्चे और युवा बारिश में भीगकर झूम उठे। सबसे ज्यादा खुशी किसानों को हुई। उनका कहना है कि यह बरसात धान समेत खरीफ की फसलों के लिए वरदान है। खेतों में नमी बढ़ने से फसल की बढ़वार होगी और सिंचाई पर आने वाला खर्च घटेगा। किसान अब बेहतर उत्पादन और अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं।



बल्दीराय क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश। ● अमृत विचार

### चांदा में सूखे के हालात से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर हुई गहरी

चांदा, सुलतानपुर : चांदा क्षेत्र में इस बार मानसून ने किसानों को निराश किया है। सामान्य से काफी कम बरसात होने के कारण अवकर्षण की स्थिति बन गई है। खेतों में नमी की कमी और सिंचाई के संकट ने किसान के माथे पर चिंता की लकीर गहरा गई है। धान की फसल इस समय सबसे अधिक पानी चाहती है, लेकिन पर्याप्त वर्षा न होने से किसान ट्यूबवेल और डीजल पम्प के सहारे सिंचाई करने को विवश हैं। डीजल की महंगाई और बिजली आपूर्ति की अनिश्चितता से किसानों पर बोझ और बढ़ गया है। वहीं, नहरों में भी पर्याप्त पानी न होने से सिंचाई व्यवस्था चरमराई हुई है। फुटेला गांव के किसान बेचन सिंह का कहना है कि इस सीजन में अब तक एक बार भी ढंग से बारिश नहीं हुई। सिंचाई करने के बाद भी खेत जल्दी सूख जाते हैं। रामलाल वर्मा बताते हैं कि धान की फसल को इस समय अधिक पानी की आवश्यकता है, लेकिन मानसून ने दगा दे दिया। किसान बद्री यादव ने बताया कि नहरों में भी पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं छोड़ा गया है, जिससे हालात और खराब हो रहे हैं। फिलहाल धान की फसल किसी तरह बची हुई है, लेकिन यदि जल्द ही बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर गहरा संकट खड़ा हो जाएगा। किसानों का कहना है कि समय रहते सरकार ने सिंचाई के लिए बिजली की बेहतर व्यवस्था नहीं की तो सूखे जैसी हालत स्थिति और बदतर हो सकती है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नहरों में तुरंत पर्याप्त पानी छोड़ा जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति दुरुस्त की जाए। साथ ही, डीजल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सिंचाई के लिए किसानों को राहत पैकेज या सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए। उनका कहना है कि यदि हालात ऐसे ही बने रहे तो धान ही नहीं, आगामी रबी की फसल भी प्रभावित होगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वर्ष 1979 अनुक्रमांक 1020 840 तथा इंटरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र वर्ष 1982 अनुक्रमांक 490 254 वास्तव में कहीं खो गया है। **अरशद खान पुत्र स्वगह्नय राहत अली खान मोहल्ला किला नानपारा जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश मोबाइल नंबर 9453 145430**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं अपने मंझले पुत्र चंदन को उसके गलत आचरण व क्रिया कलापों से दुखी होकर मैंने संबंध विच्छेद कर लिया है अब से उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **सुरेश पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम मोहरी कला थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा सन 2016 अनुक्रमांक 2265892 का प्रमाण-पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मो0 अनफाल पुत्र अम्मार अहमद पता- ग्राम पालपुर, पोस्ट- जगदीशपुर, तहसील -मुसाफिरखाना, जनपद-अमेठी उ0प्र0 227809**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Nitin Kumar से Nitin Kumar Rastogi कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। NITIN KUMAR RASTOGI MOHALLA-GUDRI SARDAR DHYAN SINGH KA HATA BAHRAICH

**सूचना**
सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल के अंकपत्र- सह-प्रमाण पत्र वर्ष 2023, अनुक्रमांक 23280285 में मेरे पिता का नाम LALJEE JAISAWAL दर्ज हो गया है, जो अशुद्ध है। मेरे पिता का वास्तविक नाम LAL JI JAISAWAL है। इसे ही सही माना जाए। **अंकित जायसवाल सुत लाल जी जायसवाल ग्राम- डकाही, पोस्ट- लंभुआ जनपद- सुलतानपुर (उ. प्र.)**

**सूचना**
सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल के अंकपत्र- सह-प्रमाण पत्र वर्ष 2020, अनुक्रमांक 23258100 में मेरे पिता का नाम LALJEE JAISWAL दर्ज हो गया है, जो अशुद्ध है। मेरे पिता का वास्तविक नाम LALJI JAISWAL है। इसे ही सही माना जाए। **सेजल जायसवाल सुत लाल जी जायसवाल ग्राम- डकाही, पोस्ट- लंभुआ जनपद- सुलतानपुर (उ. प्र.)**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना - BASHARAT HUSSAIN BAHAR ALAM से BASHARAT HUSSAIN कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। BASHARAT HUSSAIN L-3/35, Sector-D, PURANIA CROSSING ALIGANJ, LUCKNOW-226024

**सूचना**
मैंने अपना नाम जैतून बेगम पत्नी जुम्मन से बदलकर जैतून बेगम पत्नी जुम्मन सिद्दीकी कर लिया है। भविष्य में मुझे जैतून बेगम पत्नी जुम्मन सिद्दीकी के नाम से जाना जाए। जैतून बेगम पत्नी जुम्मन सिद्दीकी पुत्री बली मोहम्मद, मोहल्ला -जेरकिला, छिबरामऊ, कन्नौज पिन कोड 209721

**सूचना**
मैंने अपना नाम जुम्मन से बदलकर जुम्मन सिद्दीकी रख लिया है। भविष्य में मुझे जुम्मन सिद्दीकी के नाम से जाना जाए। जुम्मन सिद्दीकी पुत्र अलाउद्दीन निवासी- मोहल्ला-जेरकिला, तहसील-छिबरामऊ, कन्नौज, पिन कोड नंबर 209721

**सूचना**
सूचित किया जाता है। कि मैंने अपना नाम SHAHNAWAJ SHIEKH से SHAHNAWAZ SHEIKH कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SHAHNAWAZ SHEIKH 164/105, HATA FAKIR MOHAMMAD PUKHTA-1 Lucknow

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD NOMAN S/OMOHAMMAD SHABAN ALI था। अब बदलकर MOHD NOMAN रख लिया है। अब मुझे MOHD NOMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। Address- MOHALLA-MANIHAR WARD DHAURAHARA PRO DHAURAHARA CAKHIMPURKHERI LUCKNOW 262723

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम ZAHRABANO था से बदलकर ZAHIRA रख लिया है। ZAHIRA के नाम से जाना व पहचाना जाये। w/o-ALI AHMAD Address- 161/22 KHA TAZI KHANA MASHAKGANJ LUCKNOW-226018

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1797537 इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 13 24 778 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये है। **रुद्राक्ष भदोरिया पुत्र धर्मेंद्र सिंह भदोरिया सी0वी0सी0आई0डी0 कालोनी विकल्प खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **हमीदुन निशा पत्नी कमरुद्दीन निवासिनी-260/1 नवाबगंज, रकाबगंज, लखनऊ,** मेरा धरेलू नाम अहमदुन निशा है यहकि हमीदुन निशा एवं अहमदुन निशा एक ही महिला के नाम है यानि दोनों ही नाम मेरे है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **स्नेहा पटवा उर्फ खुशी पुत्री दिनेश कुमार निवासी- गायत्री पुरम साकेत नगर लालगंज रायबरेली** मेरी एल आईसी पॉलिसी संख्या-215571740 में मेरा नाम बचपन का नाम खुशी दर्ज है जबकि मेरे समस्त प्रपत्र (अभिलेख) स्नेहा पटवा के नाम से हैं। मैं स्नेहा पटवा उर्फ खुशी दोनों नाम से जानी जाती हूं।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाइस्कूल और इंटरमीडिएट के अंक पत्र में मेरा नाम रजानीकांत (Rajanikant) अंकित हो गया है जबकि आधार कार्ड संख्या 505882767622 में रजनीकांत (Rajnikant) अंकित हैं जो कि सही है। रजनीकांत (Rajnikant) एवं रजानीकांत (Rajanikant) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। **रजनीकांत पुत्र श्री राम भोरे निवासी- 256/282, आइडियल स्कूल, खजुआ, संतोषी माता मंदिर, कुंडरी रकाबगंज, लखनऊ राजेंद्र नगर उत्तर प्रदेश- 226004**

**सूचना**
मैं CHATANYA SWAROOP पुत्र श्री CHANDRA SHEKHAR PRASAD निवासी-21/328, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर CHAITANYA SWAROOP GUPTA पुत्र श्री CHANDRA SHEKHAR PRASAD GUPTA रख लिया है, अतः आज से मुझे CHAITANYA SWAROOP GUPTA S/O CHANDRA SHEKHAR PRASAD GUPTA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **हसीन पुत्र गुलशेर, निवासी- ग्राम सालेहनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** का हूँ, मैने अपनी पत्नी रहमतुल व तीनों पुत्र साहिल, समीर, शकील पुत्रगण निवासी उपरोक्त को उनके गलत आचरण व दुव्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से इनका मेरा कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। पत्नी व पुत्रों द्वारा किए गये किसी भी अच्छे-बुरे कार्य की समस्त जिम्मेदारी इन लोगो की स्वंय की होगी।

**सूचना**
मैं, श्रीमती सीमा (कार विक्रेता) पत्नी एस. बी. अस्थाना नि- सी/67, सेक्टर- जे, अलीगंज, लखनऊ ने अपनी हुंडई क्रेटा कार नं. यू.पी. 32 जे एफ 3670 मॉडल 2017 को श्री अर्जुन सिंह कार क्रेता नि:- 4/1065, सेक्टर- 4, विकास नगर, लखनऊ को दिनांक 25-07-2025 को विक्रय कर उनके सुपुर्द कर दिया है। उपरोक्त तिथि से उक्त वाहन से संबंधित समस्त वैधानिक या अवैधानिक कृतियों के लिए अर्जुन सिंह की जिम्मेदारी होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं तारावती, सेना संख्या- 3012552H, पद-L/Hav संतोष कुमार तिवारी, यूनिट 5 राजपूत, C/o 56 APO, निवासी- ग्राम- खजुरा बसंतपुर, डाकघर- बांसगांव, जिला- बाराबांकी, उत्तर प्रदेश-225415, की कानूनी रूप से माता हूँ। मेरे बेटे के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम तारावती व जन्म तिथि 08-05-1960 जो कि गलत है जबकि सही नाम प्रभावती व जन्मतिथि 01-01-1960 है जो कि सही है और मेरी आधार कार्ड संख्या- 349573903416) है।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल का आयोजन आज

**रुपईडीह** : ब्लॉक की ग्राम पंचायत झूरी कुइयां के पंचायत सचिवालय पर 22 अगस्त को ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी। पंचायत सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि इस चौपाल में जिला कृषि अधिकारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### केसीसी धारकों को किया जागरूक

**रुपईडीह** : उप्र ग्रामीण बैंक की शाखा बनगाई कौड़िया बाजार के प्रबंधक राजेश कुमार राव ने वसूली अधिकारी सुनील कुमार के साथ घुघुआपुर, भैरमपुर, तेलिया कोट व जेठ पुरवा का भ्रमण किया। गांव में उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बकायेदारों से निर्धारित समय पर बकाया अदा अधिक से अधिक ब्याज में छूट लेने के प्रति जागरूक किया।

### युवक ने फांसी लगाई

**गोंडा** : युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले 20 वर्षीय अंकित कुमार ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस जांच में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### करनैलगंज के एसडीएम बने जितेंद्र गौतम



**करनैलगंज** : कजरी तीज कांवड़ मेले के दृष्टिगत जिले में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने करनैलगंज तहसील को नया उपजिलाधिकारी दे दिया है। गोंडा तहसील में अपर उपजिलाधिकारी रहे जितेंद्र गौतम को करनैलगंज का उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त किया गया है। वहीं करनैलगंज में कार्यरत उपजिलाधिकारी यशवंत राव को स्थानांतरित कर गोंडा तहसील का अपर उपजिलाधिकारी बनाया गया है। खास बात यह है कि यशवंत राव को महज तीन माह पहले ही करनैलगंज का एसडीएम नियुक्त किया गया था। यह बदलाव आगामी कांवड़ मेले की तैयारियों और भीड़-प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### एटीएम कार्ड छीनकर 20 हजार की निकासी

**करनैलगंज** : ग्राम पंचायत कचनापुर के मजरे बसूहा निवासी राहुल सिंह करनैलगंज के सकरौरा चौराहा स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम से पैसा निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे खड़े दो युवकों ने उसका एटीएम पिन देख लिया और कार्ड छीनकर फरार हो गए। वह तुरंत बैंक पहुंचा और कार्ड ब्लॉक कराने की कोशिश की, मगर कर्मचारियों ने लंच का बहाना बनाकर उसे आधे घंटे तक रोक दिया। इसी बीच आरोपियों ने शीशामऊ चौराहा स्थित एसबीआई के एटीएम से 20 हजार रुपये निकाल लिए। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# खाद के लिए दिन भर लाइन में डटे रहे किसान

## साधन सहकारी समिति पंडरीकृपाल पर खाद लेने के लिए जुटी रही किसानों की भीड़

संवाददाता, गोंडा



पंडरीकृपाल साधन सहकारी समिति पर खाद के लिए लाइन में खड़े किसान।

**अमृत विचार** : यूरिया खाद की किल्लत बरकरार है और किसान लगातार खाद के लिए परेशान हैं। खाद के लिए समितियों पर प्रतिदिन किसानों की लंबी कतार लग रही है और गर्मी तथा उमस के बीच किसानों को एक एक बोरी खाद के लिए जूझना पड़ रहा है। लाइन में खड़े किसानों की यह तस्वीर साधन सहकारी समिति पड़रीकृपाल की है जहां बृहस्पतिवार को तेज धूप के बीच खड़े किसान खाद के लिए जद्दोजहद करते दिखे।

वैनिया गांव के रहने वाले किसान शरद कुमार ने बताया कि वह खाद लेने के लिए सुबह 6 बजे से साधन सहकारी समिति पर आ गए थे और लाइन लगाकर खड़े हैं लेकिन खाद नहीं मिली है। न प्रशासन कोई मदद कर रहा है जो किसान हैं, जो बूढ़े किसान हैं वह तेज धूप में गिर गिर जा रहे हैं। यहां एक डिब्बा पानी भी नहीं रखा गया है जिससे किसान को प्यास लगे तो पानी पी ले। खाद मिल नहीं पा रही है। जल्दी प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए जिससे खाद सरलता के साथ मिल सके। लाइन में खड़े एक बुजुर्ग का कहना था कि किसान की स्थिति बहुत खराब है। लाइन में सुबह 5.30 बजे से आया हूं। खड़े हैं, मजबूरी है। खाद अभी नहीं मिली है। लाइन में लगे हैं। मिल जायेगी तो ठीक है। कल भी आकर वापस आया था आज भी आया हूं। किसान हैं। चार बोरी की आवश्यकता है। दो ही मिल जाए तो काम तो चल जाए। खाद लेकर बाहर निकली एक महिला किसान के चेहरे पर खाद मिलने की खुशी साफ दिखाई दी। महिला ने बताया कि वह सुबह 8 बजे वह समिति पर पहुंच गई थीं। तीन घंटे तक साइन लगाने के बाद 2 बोरी खाद मिल गयी है।

जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का दावा है कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। जिले में लक्ष्य से अधिक खाद का वितरण किया जा चुका है। अभी गोदाम में 5000 एमटी खाद रिजर्व है उसे समितियों को भेजा जा रहा है। आज जिले को 1700 एमटी यूरिया खाद और मिल जायेगी। एक दो दिन में समस्या पूरी तरह खत्म हो जायेगी। समितियों पर लगी लाइन और क्राइसेस के सवाल पर उनका कहना है कि किसानों के मध्य कुछ समाज विरोधी तत्त्व द्वारा यह भ्रम फैलाया गया कि यूरिया नहीं मिलेगी और लोग आगामी फसलों के लिए भी यूरिया खरीद रहे है। आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि किसान अभी के लिए यूरिया क्रय करें। आने वाले दिनों में यूरिया की कोई दिक्कत नहीं होगी।

### अधिवक्ताओं ने डीएम को दिया मांग पत्र

**गोंडा** : किसानों की समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व महामंत्री संजय कुमार सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौंपा है। उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने की मांग की गई है। पूर्व अध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, विनय कुमार मौजूद रहे।

### लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल सकी यूरिया



खाद के लिए समिति पर जुटे किसान। अमृत विचार

**खरगूपुर, गोंडा** : बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण साधन सहकारी समिति जानकीनगर में बृहस्पतिवार को छह बजे सचिव ने खाद वितरण शुरू कर दिया। थोड़ी देर में ही खाद बंटने की खबर आसपास के गांवों में फैल गई। तब तक वहां काफी संख्या में किसान जमा हो गये। लाइन लगा कर किसान अपनी बारी आने का इंतजार करने लगे। आरोप है कि भीड़ बढ़ती देखकर सचिव ने दो घंटे बाद चुनिंदा किसानों को खाद देकर ताला बंद कर दिया। किसान दोपहर तक समिति के आसपास टहलते रहे। इस समिति पर चार दिन पहले ही सात सौ बोरी का स्टाक आया था। इसे किसानों को बांटा नहीं गया था। ग्राम संझवल के प्रमोद तिवारी व भगवान दीन ने बताया कि दो सप्ताह से खाद के लिए समिति का चक्कर लगा रहे हैं। रामनगर झिन्ना के वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अचानक खाद बंटने का पता चलने पर यहां आया था। मगर खाद नहीं मिल सकी। जनकौरा के जंगली, महादेवा कलां के जब्बार ने बताया कि खाद नहीं मिल पाई है। पिरवरतारा के भगवान तिवारी का कहना है आठ बजे सचिव किसानों की खतौनी के फोटो कापी बाहर फेंक दिया। अहलादनगर के मुक्ता प्रसाद, बसंतपुर राजा के विनोद तिवारी, फरेंदा कानूनगो के सिद्धनाथ ने बताया कि सचिव ने अपने चहेतों को दस से पंद्रह बोरी खाद बांट दी। इसके बाद सचिव ने बताया कि खाद का स्टाक खत्म हो गया है। कई बार फोन करने पर सचिव ने रिसीव नहीं किया।

### अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी

**तरबगंज**। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह की टीम ने दुर्जनपुर घाट में छापेमारी की। टीम ने मौके से एक खनन मशीन और ट्रॉली को जब्त किया है। घटना में एक ट्राली चालक नायब तहसीलदार के गार्ड को धक्का देकर फरार हो गया। जब्त की गई ट्राली और मशीन को वजीरगंज थाने में रखा गया है।

दुर्जनपुर घाट ग्राम पंचायत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। यहां प्रधानमंत्री सड़क के किनारे से एक नाला टेढ़ी नदी में मिलता है। गांव के राजेंद्र सिंह उर्फ ननकऊ अपने साथियों के साथ यहां से मिट्टी निकालकर जमीन बेचने की योजना बना रहे थे। पिछले तीन दिनों से लगभग छह ट्रालियां मशीन के साथ अवैध खनन कर रही थीं। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई। गुरुवार की सुबह एसडीएम विश्व मित्र सिंह को सूचना मिली। उन्होंने तुरंत टीम को मौके पर भेजा। वर्ष 2020 में भी इसी नाले को काटने का प्रयास किया गया था। तब ग्रामीण अशोक सिंह की शिकायत पर तत्कालीन एसडीएम राजेश कुमार ने अवैध खनन पर रोक लगाई थी।

# डीसीएम की चपेट में आया मजदूर, मौत

संवाददाता, करनैलगंज



रहमत अली। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार** : सब्जी मंडी में मजदूरी करने जा रहे एक अधेड़ को अनियंत्रित डीसीएम ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना बृहस्पतिवार भोर करीब पांच बजे मौर्यनगर चौराहे पर हुई।

सकरौरा मोहल्ला निवासी रहमत अली (55) रोज की तरह सब्जी मंडी मजदूरी करने जा रहे थे। तभी लखनऊ से गोंडा की ओर जा रही एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पहुंची और पैदल जा रहे रहमत अली को जोरदार टक्कर मारते हुए रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस दौरान सड़क किनारे सफाई कर रही महिला कर्मचारी बाल-बाल बच गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहमत अली रहमत अली की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। उनकी पत्नी मुन्नी बानो के सिवा घर में कोई और सदस्य नहीं है। दंपति की संतान न होने से रहमत अली ही परिवार का सहारा थे।

### वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत

**रुपईडीह, गोंडा** : बुधवार को देर शाम खरगूपुर के सिसई माफी गांव निवासी नंगू (42) पिपरा चौबे गांव से मजदूरी करके मोटरसाइकिल पर सवार होकर अकेले घर जा रहा था। तभी रास्ते मे गोंडा-बहराइच मार्ग पर गांव के ही निकट बहराइच से गोंडा की तरफ जा रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। इस घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के बड़े भाई कौशल कुमार ने पुलिस को दी। इस सूचना पर पिपरा बाजार चौकी के पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल किया। मृतक के तीन पुत्र नंदन 25, चंदन 18, आनंद दो वर्ष व पुत्री अर्चना सात वर्ष की है। वह गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ती है। मृतक की पत्नी नगीना ने बताया कि उनके दो पुत्र चंदन व नंदन राजकोट में रहकर मजदूरी करते हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना करने वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। वाहन चालक मौका पाकर भाग जाने मे सफल रहा।

### चार्ज लेने से कतरा रहे रजिस्ट्रार कानूनगो लेखपाल संवर्ग बेहाल

**परसपुर** : तहसील मुख्यालय पर नवनियुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो के चार्ज न लेने से लेखपाल संवर्ग का कामकाज ठप पड़ गया है। पूर्व रजिस्ट्रार कानूनगो रामजीलाल माथुर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। अस्थायी तौर पर गुरुप्रसाद पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद बालपुर हजारी के कानूनगो अवनीश मिश्रा को पदस्थापित कर दिया गया, लेकिन वे अब तक चार्ज लेने से कतरा रहे हैं। चरहुवां निवासी सेवानिवृत्त लेखपाल राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें रिटायर हुए एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अभी तक छुट्टी का एरियर नहीं मिला। उन्होंने आधा दर्जन लेखपालों संग तहसीलदार करनैलगंज को शिकायती पत्र देकर तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी करनैलगंज जीतेन्द्र कुमार गौतम ने कहा कि आज ही कार्यभार ग्रहण कर रहे। जांच कराकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# परसपुर मूर्ति चोरी मामले में एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली

अमृत विचार Follow UP

**गोंडा, अमृत विचार**: परसपुर कस्बे के राजा टोला स्थित राजघराने के प्राचीन मंदिर से हुई मूर्ति चोरी के मामले में पुलिस की टीमें एक महीने बाद भी खाली हाथ हैं। मूर्ति चोरों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा सकी है। वहीं इस घटना के खुलासे की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को परसपुर विकास मंच के पदाधिकारियों ने डीएम व एसपी से मुलाकात की और उन्हे मांगपत्र सौंपा।

बीते 16 जुलाई की रात में परसपुर राजघराने के प्राचीन राजमंदिर से भगवान राम, लक्ष्मण व लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गयी थी। मामले में मंदिर के सर्वराकार कुंवर विजय बहादुर सिंह उर्फ बच्चा साहब की तरफ से परसपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मूर्ति चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। इस घटना के बाद एसपी ने परसपुर के एसओ रहे दिनेश सिंह को हटा दिया था और इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे के लिए स्थानीय पुलिस व एसओजी समेत कई टीमों को लगाया था। घटना का खुलासा न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है और लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। बृहस्पतिवार को परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह, राकेश वर्मा गुड्डू व राकेश शुक्ला ने डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी विनीत जायसवाल से मुलाकात की और इस वारदात की गंभीरता को बताते हुए उनसे खुलासे की मांग की। अरुण सिंह से बताया कि डीएम एसपी ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

### अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 30 करोड़ है कीमत

परसपुर कस्बे में स्थित राजघराने के प्राचीन राजमंदिर में स्थापित भगवान राम, लक्ष्मण व लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियों का वजन करीब 31 किलो है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 30 करोड़ रुपये है।

# श्री श्याम मंदिर में मेहंदी उत्सव शुरू

**गोंडा, अमृत विचार** : भादी मावस उत्सव के दो-दिवसीय कार्यक्रम में गुरुवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में मेहंदी उत्सव शुरू हुआ। पहले दिन समाज की महिलाओं ने दादी के नाम की मेहंदी हाथों में लगाई। श्री श्याम मंदिर महिला मंडल के सदस्यों ने सर्वप्रथम झुंझुनू वाली सती दादी जी के हाथों और पैरों में मेहंदी रचाई। फिर सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी लगवाई। दादी जी भजनों का गुणगान में हुआ। मंगल पाठ वाचक रजत शर्मा कोलकाता आनंद नगर से नृत्य नाटिका टीम के साथ मौजूद रहेंगे। मंगल पाठ में मुख्य यजमान संगीता अग्रवाल एवं श्रवण अग्रवाल होंगे।



मेहंदी रचना कर प्रदर्शित करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग

- मंदिर के आसपास की जमीन पर कब्जे का मामला

**गोंडा, अमृत विचार** : हिंदू समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से भेंटकर उनको सारे विषयों से अवगत कराया और त्वरित निराकरण की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल दोपहर 12:00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और थाना खोडारे के अंतर्गत ग्राम फंदहा दौलतपुर ग्रंट में मंदिर के आसपास की भूमि को अब्दुल्ला नामक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा करके मंदिर को अपनी बाउंड्री वॉल के अंदर कर लेने एवं मंदिर से सटी मठ की भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से बैनामा कराए जाने, परसपुर कस्बा स्थित प्राचीन मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति के चोरी होने व एक समय एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी मूर्ति बरामद न होने एवं ग्राम जमदरा में काली माता स्थान के नाम से अभिलेख में दर्ज भूमि पर निर्माण करवाने से समुदाय विशेष के लोगों द्वारा अनावश्यक बाधा डालने की बात पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल में विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र, बजरंग दल के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू, महेश तिवारी उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष पर चलेगा विश्व का सबसे बड़ा सम्पर्क अभियान: सुभाष



सुभाष।

**गोंडा, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अपने स्थापना शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आगामी विजयदशमी से एक वर्ष तक राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने गुरुवार को संघ कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह अभियान अब तक का विश्व का सबसे बड़ा सम्पर्क अभियान होगा। दो अक्टूबर 2025 से 10 अक्टूबर 2026 तक सात प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें पथ संचलन, घर-घर सम्पर्क, हिंदू सम्मेलन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, प्रमुख जन गोष्ठी, युवा कार्यक्रम और शाखा विस्तार शामिल हैं।

## सिटी डायरी

### रक्तदान शिविर कल




बेलसर में रैली निकाल कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते लोग।

**बेलसर, गोंडा** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज के तत्वावधान में 23 अगस्त को आयोजित रक्तदान शिविर के लिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली को ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज की मुख्य संचालिका सुनीता बहन एवं अन्य समाजसेवियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। दादी प्रकाश मणि की 18वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आयोजित किया गया है। रक्तदान रैली में प्रतिभाग कर रहे बेलसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि रक्त दान रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने कहा कि समाज सेवा में रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। व्यापार मंडल के हरिश्चंद्र सिंह ने कहा सभी व्यापारी भाइयों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना होगा।



श्री झूलेलाल महोत्सव में एसपी को सम्मानित करते सिंधी समाज के लोग।

### सांस्कृतिक आयोजनों की रही धूम

**गोंडा** : श्री झूलेलाल महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभु झूलेलाल की आरती की गई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार (अखिल) को सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी एवं मथुरादास लधानी ने शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार ठक्कुर एवं कैलाश रायतानी ने भी मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। अकादमी के रवि यादव को सिन्धी समाज के दिनेश ठक्कुर ने मोमेंटो भेंट किया। सिख समाज के प्रधान सरदार हरजीत सिंह छाबड़ा और सरदार अजीत सिंह सलूजा को यूथ ग्रुप के मयूर रायतानी, पंकज लधवानी ने पाखड़ पहनाकर सम्मानित किया।



मनकापुर एसडीएम को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता।

### सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर** : गौरा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी संजय विद्यार्थी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तहसील क्षेत्र के किसानों को समय से यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि धान की रोपाई के सीजन में यूरिया खाद की भारी कमी बनी हुई है, जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर शिवकुमार प्रजापति, रामजीत यादव, अंबुज कुमार, संतोष यादव सहित कई समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।



डीएम के साथ ताइक्वांडो खिलाड़ी।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो के खिलाड़ियों को डीएम ने किया सम्मानित

**गोंडा** : दिनांक 3 से 7 सितंबर को साईं सिटी इटावा में आयोजित होने वाली सीबीएसई की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता व उत्कर्ष सिंह को जिलाधिकारी ने विजयी होने की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अर्जित पदक को पहनाकर सम्मानित किया। ताइक्वांडो सचिव डॉ. प्रत्यूष राज ने हरियाली का प्रतीक पुष्प गमला प्रदान किया। उक्त उपलब्धि पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर सेंट जेवियर्स की प्रबंधक सुजैन दत्ता, प्रधानाचार्य पायल दूबे, जीन आनंदन ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

दिशा-निर्देश | कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए होगी बेहतर व्यवस्था

# कजरी तीज मेले की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा



खरगूपुर पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर का जायजा लेतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : पृथ्वीनाथ मंदिर में आगामी कजरी तीज मेला व जलाभिषेक की तैयारी को लेकर डीएम ने साफ सफाई, प्रकाश, पेयजल तथा सुरक्षा आदि का जायजा लिया।

गुरुवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पौराणिक पृथ्वीनाथ मन्दिर परिसर में कजरी तीज मेले की तैयारी को लेकर बैरीकेटिंग, बैरियर, साफ-सफाई, प्रकाश आदि से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम व क्षेत्राधिकारी सदर, राजस्व, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संयुक्त रूप से कहा कि कजरी तीज के मौके पर यहां आने वाले कांवरियों, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। यहां चिकित्सा, बिजली, साफ सफाई आदि की पर्याप्त व्यवस्था के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मंदिर तक पहुंचने वाले अलग अलग मार्गों पर लगभग आधा दर्जन स्थानों पर वैरियर की व्यवस्था की जाए। दो व चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक रहेगा। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा को देखते हुए गर्भगृह व मेला परिसर सीसीटीवी के साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, महंत जगदम्बा प्रसाद तिवारी सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी रहे।

### फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने का आरोप

**गोंडा** : देवीपाटन मंडल के आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त द्वारा एक गंभीर शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता अनवर खाँ पुत्र काबिर हुसैन खाँ निवासी राजापुर पूरे अकराम, थाना धानेपुर ने आरोप लगाया है कि मोहम्मद शाहबुद्दीन, सहायक अध्यापक, आलिया मदरसा दारुल उलूम हबीबुर्रजा, देवरिया अलावल बग्गीरोड रोड ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों में हेरफेर कर नौकरी प्राप्त की है। अनवर खां ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि आरोपी ने फर्जीवाड़ा और कूटरचित दस्तावेज़ों के आधार पर नौकरी हासिल की। इस शिकायत पर आयुक्त देवीपाटन मंडल ने संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त कमलेश चन्द्र को मामले की जांच सौंपी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र के लोनियापुरवा माधौ में गुरुवार की सुबह रामसेवक (40) पुत्र नक्छेद उर्फ नातू चौहान का शव बाग में आम के पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवारजन सदमे में हैं। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### फंदे से लटककर अधेड़ ने दी जान

**बहराइच, अमृत विचार :** रानीपुर थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ने बड़ेर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अहिरन पुरवा दाखिला गोबरहा निवासी मिश्रीलाल ने पुलिस को सूचना दी कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे उसके पुत्र सुरेश (48) ने बड़ेर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन ने अपनी 11 सूत्री मांगों व तहसीलदार न्यायालय में तैनात पेशकार के अभद्र व्यवहार से क्षुब्ध होकर 22 व 23 अगस्त को एसडीएम व तहसीलदार कोर्ट के बहिष्कार की घोषणा की है। महामंत्री अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बार एसो. की चली आ रही 11 सूत्री मांगों व तहसीलदार कोर्ट पर तैनात पेशकार के अभद्र व्यवहार से क्षुब्ध अधिवक्ता 22 व 23 अगस्त को दोनों न्यायालयों का बहिष्कार करेंगे व न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

# खाद की किल्लत पर सपा का प्रदर्शन

## डीएम कार्यालय का किया घेराव, तीन सूत्री मांग-पत्र एडीएम को सौंपा

संवाददाता, बहराइच


प्रदर्शन करने के बाद मांगपत्र देते सपा नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूरिया खाद के संकट व कालाबाजारी, जनपद में घाघरा और सरयू नदियों के कटान और बाढ़ से विस्थापितों को राहत तथा पुनर्वास, चिलवरिया चीनी मिल पर किसानों के 100 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर समाजवादी पार्टी ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया और तीन सूत्री ज्ञापन अपर जिला मजिस्ट्रेट को सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की।

सपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता जिलाअध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट के नेतृत्व में पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष नें आरोप लगाया कि यूरिया खाद की अवैध रूप से नेपाल सप्लाई कर करोड़ों की कमाई की जा रही है और जनपद का किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए दर-दर भटक रहा है। किसान पुलिस की लाठियां खा रहा है। जनपद का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ और कटान से पीड़ित बेघर विस्थापित सड़क के किनारे तिरपाल के नीचे खुले आसमान में पड़े हुए हैं। गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत भुगतान का झूठा दावा करने वाले मुख्यमंत्री के राज में बहराइच के गन्ना किसानों का 100 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, पूर्व विधायक रमेश गौतम, लोकसभा कैसरगंज के पूर्व प्रत्याशी भगतराम मिश्र, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुंदर लाल बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष देवेशचंद्र मिश्र, अनिल यादव, उत्तम कुमार सिंह, वसीम अहमद, रामजी यादव, नंदेश्वर यादव, अवधेश वर्मा, विकास चौधरी, हरीश वर्मा, जंगबहादुर पांडे, मो. आसिफ, आनंद पाठक, अयोध्या सोनी, गुड्डू निसार, मुन्ना रइनी, गौरव यादव, तबरीज अहमद, सुनील यादव, रितेश यादव सावन, शिवाकांत शुक्ला, अन्नू गुप्ता, प्रदीप गौतम, चंद्र प्रकाश मिश्र, बलवीर गौतम, मनुदेवी, रेखाराव, सुमन शर्मा, मंजू चौधरी एड., राजकुमार अवस्थी, शोभित बाजपेई, ललित मिश्र, आकाश नीरज कैराती, आशीष अवस्थी अरविन्द आर्य, मोहित सिंह राना, शरद कुमार सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भादो मेला व कलश यात्रा की तैयारी पूरी

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** श्री श्याम प्रभु एवं दादी रानी सती मंदिर में इस वर्ष भी भादो मेला धूमधाम से आयोजित होगा। मेला 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा 22 अगस्त को सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी, जो स्टेशन रोड स्थित मंदिर से निकलकर डालमिया धर्मशाला और विश्वनाथ मंदिर तक जाकर पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। रात्रि 9 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

राम स्वरूप अग्रवाल ने बताया कार्यक्रम में दूर-दराज से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने मार्गों की साफ-सफाई, की मांग की है। अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने बताया कि तैयारी पूरी है संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है व्यवस्थाएं सही रहेंगी।

## सीएम के हस्तक्षेप के बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

● पीड़िता ने जनता दरबार में मुख्यमंत्री से लगाई थी गुहार

**अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चर्चित हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को एक माह से अधिक समय बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। इस मामले में मृतक की पत्नी ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में मिलकर वादी मुकदमा बनाए जाने और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए गुहार लगाई थी।

बताते चलें कि बीते माह 12 जुलाई को कोल्डड्रिंक खरीदने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने तकिया गांव निवासी राजित राम की पीटकर हत्या कर दी थी। रुपईडीहा पुलिस ने इस मामले में आपसी विवाद में गैर इरादतन हत्या के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया था। मृतक की पत्नी सुषमा गौतम ने आरोप लगाया था कि उसे बादी मुकदमा नहीं बनाया गया। बल्कि उसके ससुर को मुकदमे में बादी बनाया गया है। जिनसे उसका विवाद चल रहा है। वह हत्या आरोपियों के पक्ष में कभी भी समझौता कर सकते हैं। इसी बात को लेकर मृतक की पत्नी जनता दरबार में मुख्यमंत्री से जाकर मिली थी और वादी मुकदमा बनाने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस क्रम में रुपईडीहा पुलिस ने अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र पैरू उर्फ देवतादीन निवासी दर्जीगाव थाना रूपइडीहा को बरवलिया तिराहा थाना रूपईडीहा से गिरफ्तार कर लिया। वह कहीं भागने की फिराक में था।

## सचिव पर हमले के विरोध में बंद रहा खाद बिक्री का कार्य

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** सहकारी समिति के सचिव संगठन के हड़ताल के आह्वान पर नवाबगंज सहकारी समिति बंद रही। यूरिया खाद लेने आए किसानों को बैरंग लौटना पड़ा।

कैसरगंज में प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति/सहकारी संघ के सचिवों के साथ उर्वरक वितरण के दौरान मारपीट, गाली-गलौज, अभिलेख छीनने के विवाद के चलते गुरुवार को नवाबगंज सहकारी समिति पर सूचना चस्पा कर ताला लगा दिया गया। घटना के बारे में बताया गया है कि किसानों ने सचिव पर जान लेवा हमला किया था। पुलिस की मौजूदगी में सूचना देने के बावजूद किसानों के विरुद्ध कार्रवाई न होने तथा प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था न किये जाने के कारण संगठन की बैठक एवं अधिकारियों से समस्याओं के उचित निराकरण वार्ता के लिए पूरे जनपद के सचिव विकास भवन जाएंगे। ऐसी स्थिति में सभी समितियों पर उर्वरक बिक्री का कार्य बंद रहेगा।

## शांतिभंग के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** मटेरा पुलिस ने शांति भंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मटेरा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने शांति भंग करने के मामले में दो नफर अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र हृदय नारायण निवासी जोकहा सलारपुर थाना मटेरा व रिजवान पुत्र इसराक निवासी भाटन पूरवा भौखारा थाना मटेरा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

संवाददाता, बहराइच

● किसानों की आय दोगुनी करने के वायदे को बताया झूठा


प्रेसवार्ता करते जितेन्द्र प्रताप सिंह जीतू।

**अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू ने पार्टी के विधायकों और पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्या से किसी को लेना देना नहीं है। सरकार ने किसानों की आय दो गुना करने का जो वादा किया था वह बिल्कुल झूठा है। आज किसान एक बोरी यूरिया खाद के लिए पुलिस की लाठियां खा रहा है। यहां तक की लाइन में लगने के बाद शाम को घर लौट आता है। किसानों व बेरोजगारों की समस्याएं मुझसे सही नहीं जा रही हैं। इसलिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वह 2017 में भाजपा की लोक लुभावनी नीतियों में पड़कर पार्टी से जुड़े थे और 6 साल से वह भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष है। पार्टी का नारा सबका साथ सबका विकास छलावा है। युवा बेरोजगार है नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहा है। भाजपा शासन काल में 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। इतना जरूर हुआ है कि किसान यूरिया और डीएपी के लिए दर-दर भटक रहा है और पुलिस की लाठियां खा रहा है। यूरिया खाद की कालाबाजारी चरम पर है। समिति पर किसानों को खाद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि नहरों में पानी नहीं आ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि विधायक और पार्टी पदाधिकारी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। सभी परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर ठेकेदारी और बालू खनन के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि वह एक किसान हैं। उन्हें ईडी और सीबीआई का कोई डर नहीं है। जिले की सभी 1047 ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर किसानों को एकजुट करने का प्रयास करूंगा जिससे कि समस्याओं का समाधान हो सके।

# लोगों को न हो कोई असुविधा

● एसडीएम ने विद्यालय, आधार केंद्र व गौशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच


गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसडीएम अश्वनी पांडेय ने गुरुवार को बीआरसी, उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेने उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय गुरुवार सुबह बीआरसी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में पत्रावलियों और अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था देखी। इसके बाद वह परिसर में ही संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों से कुछ सवाल पूछे। बच्चों द्वारा दिये उत्तर से वह खुश नजर आये। उन्होंने बीआरसी पर चल रहे आधार केंद्र का निरीक्षण करते हुए संचालक पंकज तिवारी को निर्देशित किया कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा पहुंचे, जहां उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

दिन में लगभग 3 बजे एसडीएम पाण्डेय सोहरियावां स्थित गौशाला पहुंचे। उन्होंने वहां पर गोवंशों के लिए चारे-पानी, साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया।

## ट्रक की टक्कर से बस में घुसा आटो, चालक की मौत

संवाददाता, नानपारा, बहराइच


हादसे के बादआटो के उड़े परखचे।

**अमृत विचार :** थाना नानपारा अंतर्गत कुर्मीनपुरवा बाईपास पर बुधवार रात करीब 1 बजे रूपईडीहा की ओर से आ रहे ट्रक ने आटो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में आटो बस में घुस गया जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्राम ताजपुर टेडिया निवासी सलमान (35) पुत्र बब्बू खान बुधवार रात करीब 1 बजे कुर्मीनपुरवा बाईपास पर रूपईडीहा की ओर से आई रोडवेज बस के पीछे आटो खड़ा कर सवारी बिठाने के लिए जा रहा था तभी अचानक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पीछे से आटो में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक ट्रक को भगाकर बहराइच की तरफ टोल पर लगे ब्रेकर को तोड़ता हुआ भाग निकला। कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक की पहचान की जा रही है।

# स्वर्ण जयंती पार्क का होगा कायाकल्प

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वर्ण जयन्ती पार्क बभनी रिसिया व कपूरथला स्थित इन्दिरा गांधी उद्यान को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्यान विकास समिति की बैठक हुई। बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कराए जाने, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने और सुरक्षा के लिए पीआरडी जवान तैनात किए जाने पर चर्चा हुई।

बैठक में एमएलसी पदमसेन चौधरी के प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा के प्रतिनिधि राजीव कुमार वर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सहित, परशुराम कुशवाहा तथा जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व ईओ बहराइच प्रमिता सिंह मौजूद रहीं। बैठकमें पार्कों में पेयजल की सुविधा के लिए आरओ, सुरक्षा के लिए पीआरडी जवानों की तैनाती व सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के साथ समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था कराये जाने का सुझाव आया। डीएम ने आश्वस्त किया कि समिति की ओर से प्राप्त हुए सुझावों को कार्यान्वित कराया जायेगा।


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते जगदंबिका पाल व दद्दन मिश्रा।

### बलरामपुर-बहराइच बौद्ध परिपथ बनेगा फोरलेन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर-बहराइच होकर डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर तक जाने वाले बौद्ध परिपथ को अब फोरलेन बनाया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र व डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने दोनों मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बताया कि बहराइच-बलरामपुर बौद्ध परिपथ पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर के झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज न होने से रोजाना भीषण जाम लगता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ओवरब्रिज निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है। उन्होंने विश्वास जताया कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद दोनों मांगें शीघ्र पूरी होंगी।

## फर्जी दस्तावेज पर भर्ती शिक्षक बंदी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़े में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नीरज कुमार निवासी सौहल्ला प्रतापपुरा, थाना सदर जनपद आगरा को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग से पकड़ा। विदित हो कि वर्ष 2021 में बीएसए डॉ. रामचन्द्र ने 92 शिक्षकों की फर्जी दस्तावेज़ के आधार पर हुई भर्ती की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान अब तक 27 आरोपी गिरफ्तार होकर जेल भेजे जा चुके हैं। वहीं एक और आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस की कार्रवाई में और तेजी आई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

# पुलिस ने बरामद किए 159 स्मार्टफोन

संवाददाता, बलरामपुर


चोरों से बरामद किए गए मोबाइल फोन के साथ एसपी विकास कुमार।

**अमृत विचार :** सक्रियता और तकनीकी दक्षता का बड़ा उदाहरण पेश करते हुए बलरामपुर पुलिस ने 159 गुमशुदा स्मार्टफोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये बताई जा रही है।

मोबाइल फोन बरामदगी का यह अभियान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी अपराध डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में सर्विलांस टीम ने गुमशुदा मोबाइलों का लोकेशन ट्रैक कर सफलता हासिल की। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामियों को लौटाए गए। मोबाइल पाकर लोगों ने खुशी जताई और बलरामपुर पुलिस, खासकर सर्विलांस टीम की सराहना की। नागरिकों ने कहा कि यह पुलिस की ईमानदार कार्यशैली का प्रमाण है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल बरामदगी की प्रक्रिया आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रभारी सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक पवन कुमार कनौजिया के नेतृत्व वाली टीम को सम्मानित करने की घोषणा की।

## रोजगार महाकुंभ में मिलेंगी 50 हजार नौकरियां

**बलरामपुर, अमृत विचार :** युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक होने वाले रोज़गार महाकुंभ/कैंपस प्लेसमेंट में बलरामपुर जिले के युवा भी भाग ले सकेंगे। इस मेले में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने दी है।

उन्होंने बताया कि इस रोजगार महाकुंभ में देश-विदेश की कंपनियां अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इंटर, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सेज पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। वहीं कुशल-अकुशल कामगारों के लिए भी मौके रहेंगे। विदेश में नौकरी चाहने वालों के लिए यूएई, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी में 15 हजार से अधिक अवसर मिलेंगे। आईटी, विनिर्माण, सेवा और अन्य क्षेत्रों में 35 हजार से अधिक रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। रोज़गार महाकुंभ में एआई प्रशिक्षण मंडप और रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी आकर्षण होंगे। यहां डिजिटल स्किल्स और एआई आधारित नौकरियों की तैयारी पर फोकस रहेगा। मुख्यमंत्री युवा स्टॉल पर स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी मिलेगी। मीता गुप्ता ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉब सीकर के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं।

## अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नाबालिग के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को अदालत ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई ऑपरेशन कनविक्शन के तहत की गई। मामला थाना पचपेड़वा क्षेत्र के एक गांव का है। 19 मई 2022 को वादी ने तहरीर देकर बताया कि उसका चार वर्षीय बेटा गांव के आंगनबाड़ी स्कूल में पढ़ता है। उसी दौरान उदल बच्चे को टॉफी का लालच देकर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की।

उपनिरीक्षक मुनीश चन्द्र दुबे ने मामले की विवेचना कर आरोपपत्र न्यायालय भेजा। विचारण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह तथा थाना पचपेड़वा पुलिस ने मजबूत पैरवी की।

# दुष्कर्म के बाद किशोरी का गर्भपात

संवाददाता, बलरामपुर

● आरोपी व फर्जी अस्पताल संचालक गिरफ्तार

**अमृत विचार :** गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी का हवाला देकर पट्टीदार युवक ने किशोरी के साथ तीन माह पूर्व दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर आरोपित उसे महक नर्सिंग होम ले गया, जहां अवैध रूप से गर्भपात कराया गया। मामला खुलने पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित व फर्जी अस्पताल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी लवकुश मिश्र विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। उसने तीन माह पूर्व अपनी किशोर पट्टीदार को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो वह उसे गौरा चौराहा स्थित महक नर्सिंग होम ले गया। यहां चिकित्सक की सलाह पर गर्भपात की दवा दी गई।

घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने थाना गौरा चौराहा में तहरीर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लवकुश मिश्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इधर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार देर रात पुलिस बल के साथ महक नर्सिंग होम पर छापेमारी की। जांच में अस्पताल बिना पंजीकरण के पाया गया और लेबर रूम व ऑपरेशन थियेटर बदहाल मिले। संचालक डॉ. अवधेश पाठक आयुष पद्धति के चिकित्सक होते हुए भी अवैध रूप से नर्सिंग होम चला रहे थे। एसीएमओ ने नर्सिंग होम को सील कराते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने डॉ. पाठक को भी गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। आरोपित लवकुश और नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## पंचायत सहायकों ने गैर विभागीय कार्यों का किया बहिष्कार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** डिजिटल क्रॉप सर्वे से पंचायत सहायकों ने खुद को अलग कर लिया है। उनका कहना है कि यह कार्य कृषि विभाग का है। बुधवार को पचपेड़वा बीडीओ मोहित दूबे को ज्ञापन सौंपकर पंचायत सहायकों ने इस कार्य से मुक्त करने की मांग उठाई। पंचायत सहायक यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत मौर्या के नेतृत्व में दर्जनों पंचायत सहायकों ने कहा कि खरीफ 2025 ई-खसरा पडताल के तहत कराया जा रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचायत सहायक गांव की ग्राम पंचायत और सचिवालय से जुड़े कार्यों के लिए नियुक्त हैं।

# पुल से लापता युवक की राप्ती नदी में तलाश

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पिपरा एकडंगा में बुधवार रात एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। पुल से अचानक युवक के लापता होने की खबर फैलते ही सनसनी मच गई।

विकास पाण्डेय पुत्र वासुदेव पाण्डेय निवासी ग्राम पिपरा एकडंगा, पोस्ट अलीपुर बुजुर्ग रात करीब साढ़े आठ बजे कहीं जा रहे थे। जब वह पिपरा घाट पुल पर पहुंचे तो उन्होंने अपने मित्र ज्ञानचंद निवासी ग्राम कटरा को फोन कर घबराए हुए लहजे में बताया, दोस्त जल्दी आओ, मुझे बचा लो, चार-पांच लोग पकड़कर नदी में फेंकना चाहते हैं। इतना कहते ही उनका फोन कट गया। बीस मिनट बाद ज्ञानचंद मौके पर पहुंचा, लेकिन वहां विकास की बाइक मिली। युवक का पता नहीं चला। परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना गौरा चौराहा में तहरीर दी। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरा चौराहा व उतरौला थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से एनडीआरएफ टीम की मदद से राप्ती नदी में तलाशी अभियान छेड़ दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

## यूरिया की कालाबाजारी करने वाले पर मुकदमा दर्ज कराने का आदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने यूरिया की कालाबाजारी करने वाले विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। साथ ही तहसील और थाना स्तर पर टास्क फोर्स गठित कर दी है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम को खाद की कालाबाजारी की सूचना मिली थी। जिस पर देर रात बहादुरपुर चौराहा, हरैया में खाद विक्रेता इकबाल पुत्र अबु समा की दुकान पर छापेमारी कराई गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### रोड चौड़ीकरण की जमीनों का जल्द हो रजिस्ट्री : मंडलायुक्त

गोरखपुर, अमृत विचार।। मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में विरासत गलियारा गोड़ोइयां नाला सहित रोड चौड़ीकरण में किए गए अधिग्रहित जमीनों की रजिस्ट्री में अवरोध व विलंब के कारणों से रूबरू हो कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा एसडीएम सदर दीपक गुप्ता डिप्टी कलेक्टर/ तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी कानूनगो लेखपाल मौजूद रहे।

### लाइसेंस वाले ही अस्पताल होंगे संचालित : डीएम

**गोरखपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए सीएमओ को निर्देशित दिया कि गोरखपुर जनपद में जिन हॉस्पिटलों का लाइसेंस दिया गया है वही हॉस्पिटल संचालित होने चाहिए जिन-जिन हॉस्पिटलों का लाइसेंस सीएमओ द्वारा जारी किया गया है उन हॉस्पिटल की सूची जारी करें इनके अलावा कोई भी हॉस्पिटल जनपद में संचालित नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी डीएफओ विकास यादव जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा सीएमओ डॉ राजेश झा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बाणगंगा में मिली महिला शव की हुई पहचान

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत बाणगंगा नदी में शनिवार दोपहर मिले अज्ञात महिला शव की पहचान हो गई। मृतका की शिनाख्त थाना क्षेत्र के खड़कुंइया नानकार निवासी 20 वर्षीय नसरीन पत्नी गुलाम हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को बाणगंगा बैराज के पश्चिमी कोमर तट के पास चरवाहों ने नदी में एक महिला का शव तैरते देखा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन उस समय सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को मर्चरी हाउस में रखवाकर शिनाख्त का प्रयास जारी रखा। मृतका के पति गुलाम हुसैन को बुलाकर शव की पहचान कराई गई। पति ने शव को नसरीन का ही बताया। थानाध्यक्ष बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि महिला की पहचान उसके पति ने कर ली है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है।

### यूरिया के लिए लगी किसानों की भीड़

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विकास खण्ड बर्डपुर की सहकारी समिति में यूरिया वितरण के लिए किसानों की लम्बी कतार लगी है। सुबह से ही महिला और पुरुष किसान यूरिया लेने के लिए पहुंच गये है। समिति के सचिव ने बताया कि राजस्व टीम के आने के बाद ही यूरिया का वितरण शुरू किया जायेगा। सुबह 9 :45 बजे तक वितरण शुरू नहीं हो पाया है। किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति गुरुवार 21 अगस्त 2025 की है। किसानों को यूरिया की आपूर्ति के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है। राजस्व टीम के आने में देरी से वितरण प्रभावित हो रहा है।

### वंदे भारत ट्रेन में यात्री का कंप्लेन

**गोरखपुर :** गाड़ी संख्या 225 49 वंदे भारत 20 अगस्त को गोरखपुर से अयोध्या तक बैठने वाले एक विकास नामक पैसेंजर ने रेलवे के उच्च अधिकारियों को एक मैसेज के माध्यम से अवगत कराया कि वंदे भारत जैसे वीआईपी ट्रेन में यात्रा के दौरान कोई भी टी टी टिकट चेक करने नहीं आया। फिलहाल मामले को संज्ञान में लेकर रेल अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र लोटन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से सुपर स्पेलेंडर नंबर यूपी 55 जेड 5175 का लाक तोड़कर चोरी हो गई है। बाइक मालिक सन्तोष चौबे ने जिसकी लिखित तहरीर थाने पर देने के लिए ले जाया गया जिसे थानाध्यक्ष ने लेने से मना कर दिया।

# एसोसिएशन की शिकायतें जल्द सुलझाएं

## महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने पूर्वोत्तर रेलवे में एससी/एसटी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर की बैठक

संवाददाता, गोरखपुर



बैठक को सम्बोधित करतीं महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री सौम्या माथुर की अध्यक्षता में ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे इम्प्लॉइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक अनौपचारिक बैठक गुरुवार को महाप्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित की गई।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ला, वरिष्ठ रेल अधिकारी, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन यूनियन और एसोसिएशन से नियमित संवाद करता है। उन्होंने बताया कि सीधी भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण के नियमों का पूर्ण पालन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में अब तक 2268 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है, जिसमें एससी वर्ग के 398 और एसटी वर्ग के 96 कर्मचारी शामिल हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा प्राप्त 354 अभ्यर्थियों के पैनल में एससी के 47 और एसटी के 26 अभ्यर्थी हैं। महाप्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष लेवल 2 से 7 तक के 850 पदों का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें एससी के लिए 130 और एसटी के लिए 93 पद आरक्षित हैं। लेवल-1 के 1332 पदों में एससी के लिए 206 और एसटी के लिए 231 पद आरक्षित हैं। उन्होंने आवास आवंटन में भी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया और कहा कि एसोसिएशन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष बच्चू लाल ने महाप्रबंधक के सकारात्मक रवैये के लिए आभार व्यक्त किया और समय से पदोन्नति की मांग की। जोनल महामंत्री रामप्रकाश ने पदोन्नति व चयन में आरक्षण नियमों के पालन की मांग की। बैठक का संचालन मुख्य कार्मिक अधिकारी आई.आर. अवधेश प्रसाद ने किया। इस संबंध में जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा प्रदान की गई।

### विनोद कुमार शुक्ला बने पूर्वोत्तर रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे को गुरुवार को नया नेतृत्व मिला, जब विनोद कुमार शुक्ला ने अपर महाप्रबंधक (एजीएम) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। श्री शुक्ला भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और इससे पहले वे बनारस रेल इंजन कारखाना (बीएलडब्ल्यू), वाराणसी में प्रमुख मुख्य इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। श्री शुक्ला ने वर्ष 1989 में मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज (अब एम.एन.आई.टी.), इलाहाबाद से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और वर्ष 1991 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), नई दिल्ली से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1991 में पूर्वोत्तर रेलवे में सहायक इंजीनियर के रूप में उनकी पहली नियुक्ति हुई थी। इसके बाद अपने तीन दशकों के सेवाकाल में उन्होंने मंडल इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर जैसे विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।



एनईआर के नये अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल।

### चिरगांव स्टेशन पर 2 मिनट रुकेगी बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 11124/11123 बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का 02 मिनट का ठहराव उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के चिरगांव रेलवे स्टेशन पर निम्नवत दिया है। बरौनी से 22 अगस्त से चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस चिरगांव स्टेशन पर 15.58 बजे पहुंचकर 16.00 बजे छूटेगी। ग्वालियर से 23 अगस्त से चलने वाली 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस चिरगांव स्टेशन पर 14.27 बजे पहुंचकर 14.29 बजे छूटेगी। चिरगांव स्टेशन पर ठहराव से पहले 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 23 अगस्त से मोठ स्टेशन से निर्धारित समय 14.42 बजे के स्थान पर 14.52 बजे, एट जं. से 15.08 बजे के स्थान पर 15.23 बजे, उरई से 15.32 बजे के स्थान पर 15.47 बजे, कालपी से 16.03 बजे के स्थान पर 16.17 बजे तथा पुखरायां से 16.19 बजे के स्थान पर 16.35 बजे छूटेगी।

# अंसारी समेत 13 पर गैंगरेप व धर्म परिवर्तन का केस दर्ज

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार :** गरीबों का मसीहा बन चर्चित रहने वाला रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी का मालिक आलमगीर अंसारी अब एक बार फिर मामले में घिर गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में पीड़िता ने खुलासा किया है कि आलमगीर ने न सिर्फ उसका यौन शोषण किया बल्कि उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर बार-बार दुष्कर्म किया। यहीं नहीं, जाली नोट कांड में जेल जा चुके तमकुहीराज निवासी रफीक खान उर्फ बबलू और उसके साथी नौशाद खान ने भी पीड़िता को झांसा देकर बलरामपुर के उतरौला स्थित मजार पर पहुंचाया। वहां जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराया और नया नाम रखकर नौशाद से निकाह करवा दिया। मंगलवार को लखनऊ में पीड़िता ने यह खुलासा विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय की मौजूदगी में मीडिया के सामने किया। मीडिया में खुलासे के बाद कुशीनगर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने छांगुर बाबा, उसकी सहयोगी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, नौशाद, आलमगीर अंसारी समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस टीम को लखनऊ भेजा गया है। जांच में सामने आया है कि बलरामपुर और लखनऊ के अलावा छांगुर बाबा का नेटवर्क कुशीनगर से भी जुड़ा है। जाली नोट कांड का आरोपी रफीक और नौशाद छांगुर के इशारे पर ही काम करते थे। पीड़िता अनामिका, जो उस वक्त 17 वर्ष की थी। कुशीनगर के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। एक कार्यक्रम के दौरान उसकी मुलाकात रफीक खान से हुई। जिसने नौकरी और शादी का झांसा देकर 2017 से उसका शोषण कर रहा था।


**DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT**
**MINISTRY OF DEFENCE**

**CHANGE OF DATES OF DGR EMPLOYMENT JOB FAIR AT LUCKNOW TO 18 SEP 2025 (THURSDAY)**

1. Reference advertisement for release order No. 10401/11/0014/2526 published on 07 Aug 2025 for the Ex-Servicemen (ESM) Job Fair Schedule to be held on 22 Aug 2025 at Army Medical Corps Centre College Lucknow Cantt, Uttar Pradesh.
2. The DGR Lucknow Employment Job Fair as rescheduled and will now be conducted on 18 Sep 2025 at Army Medical Corps Centre College Stadium Lucknow Cantt, Uttar Pradesh.

CBC 10401/11/0019/2526


# कल्याण सिंह की मनी पुण्यतिथि



पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी।

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 'पद्म विभूषण कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, अरविंद उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र, रमेश मणि, नगर महामंत्री अनुराग गगन, भानु सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज पर चल रहे मदरसे

- जांच में हुआ बड़ा खुलासा, प्रबंधक व सरकारी कर्मचारी पर केस दर्ज

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** कुशीनगर जनपद के फाजिलनगर क्षेत्र स्थित अंजुमन इस्लामिया फैजुल उलूम मदरसा धनौजी खुर्द में वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। यह मदरसा वर्ष 1996 से अनुदानित था, जबकि इसकी जमीन ग्राम सभा की बंजर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा की शिकायत पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्र को जांच सौंपी।

जांच में सामने आया कि मदरसा प्रबंधक सेराज अहमद ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वर्षों से सरकारी अनुदान प्राप्त किया। सबसे गंभीर बात यह है कि एसडीएम कसया के तत्कालीन रीडर राहुल कुमार चतुर्वेदी ने 24 जुलाई 2023 को एसडीएम के कार्यमुक्त होने के अगले दिन बैकडेट में फर्जी आदेश तैयार कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया। जांच में पाया गया कि आदेश पत्रक पर प्रयुक्त बारकोड किसी अन्य केस का था, साथ ही पोर्टल से जारी आदेशों की सामान्य पहचान वाली सूचनाएं जैसे यूआरएल पेज संख्या, तिथि व समय गायब थे। इस प्रकरण में पोर्टल पर फर्जी आदेश, झूठे हस्ताक्षर, और सुनवाई की तारीखों में हेरफेर कर पूरी प्रक्रिया को गुमराह किया गया। जांच में तहसील कर्मियों और लाभार्थियों की मिलीभगत की पुष्टि हुई। जिलाधिकारी ने दोषियों पर कार्रवाई करते हुए तत्कालीन रीडर को निलंबित कर दिया और सेराज अहमद व राहुल कुमार के विरुद्ध कसया थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच**

पत्रांक : एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/ 2025–26 दिनॉक–20/08/2025

**विज्ञप्ति**

जनपद में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में एक के0जी0बी0वी0 एक खेल योजना के क्रियान्वयन के अन्तर्गत खेल कूद से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं0–GEM/2025/B/6548117 निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 30.08.2025 समय 05:00 बजे तक है। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु समस्त नियम एवं शर्ते बिड में अपलोड है, जिसमें इच्छुक फर्मे निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बहराइच**


# एनईआर के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास



पूर्वोत्तर रेलवे के बैडमिंटन खिलाड़ियो के साथ महासचिव/नरसा। अमृत विचार

- 39 वर्षों बाद ऑल इंडिया रेलवे बैडमिंटन चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंची टीम

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विभाग का नाम रोशन किया है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सिकन्दराबाद में दिनांक 20 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया रेलवे पुरुष एवं महिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2025 में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाता है यह तथ्य कि लगभग 39 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंतिम चार में स्थान बनाया है। यह सफलता टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और खेल के प्रति अनुशासन का प्रतिफल है। टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर राष्ट्रीय रेलवे स्पोर्ट्स संघ (नरसा) के अध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता, महासचिव पंकज कुमार सिंह, एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नरसा से जुड़े अन्य पदाधिकारीगण तथा खेलप्रेमियों ने भी टीम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे पूर्वोत्तर रेलवे की खेल प्रतिभा का प्रमाण बताया।

# मेडिकल शिविर में 110 बच्चों की हुई जांच, 87 बच्चों का बना प्रमाण पत्र



मेडिकल कैंप में दिव्यांग बच्चों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कक्षा 1 से 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र, बर्डपुर में आयोजित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर जिला समन्यवक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी द्वारा कैंप का संचालन किया गया। कैंप में कुल 110 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से 87 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किया गया जिसमें बौद्धिक अक्षम के 59, श्रवण बाधित के 5, दृष्टि दिव्यांग के 1, सेरेब्रलपाल्सी अस्थि दिव्यांग के 22 जबकि 13 बच्चों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया एवं 10 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु अपात्र पाया गया। चिकित्सकों की टीम में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज/संयुक्त जिला चिकित्सालय से आर्थो. सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी, नेत्र सर्जन डॉ. आरके वर्मा, ई. एनटी सर्जन डॉ. संजय कुमार शर्मा, साइकेट्रिस्ट डॉ. पीयूष शुक्ल, ऑडियोलॉजिस्ट, बृजदीप कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट हरीशचंद्र शामिल थे। कैंप को संपन्न कराने में विशेष शिक्षकों की टीम में विनोद मिश्र, सतीश, प्रदीप सिंह, राजेश त्रिपाठी पूर्णिमा पाण्डेय एवं राकेश आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद– बहराइच**

पत्रांक–86/सीवरेज जल नि0–2023–24/नि0का0/ ई–टेण्डर / न0पं0प0/2025–26 दिनांक 19 अगस्त 2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना– तृतीय चरण**

इस कार्यालय के पत्रांक–85/सीवरेज जल नि0–2023–24/नि0का0/ई–टेण्डर/ न0पं0प0 / 2025–26 दिनांक 19, अगस्त, 2025 द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना में स्वीकृत निर्माण कार्यों में से नाला/नाली निर्माण के 04 कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 21–8–2025 को अपरान्ह 3: 00 बजे से दिनांक 30–8–2025 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 अथवा वर्ष 2025–26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A, B, C ,व D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहरियावां, बहराइच में संचालित बचत खाता संख्या– 39299996124 IFS code SBIN0009394 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत जमानत धनराशि की बैंक द्वारा निर्गत सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के पदनाम से बन्धक हो जमा किया जा सकता है, किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन ही उक्त बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 30–80 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य सहित विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच

**बालेन्द्र प्रताप** अध्यक्ष, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच।


# सम्पूर्ण विश्व मान रहा आयुर्वेद की वैज्ञानिकता : डॉ. तोमर

**गोरखपुर, अमृत विचार:** महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर एमजीयूजी के फार्मेसी कॉलेज में पद्मश्री प्रो राम हर्ष सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आरोग्य भारती एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं आयुर्वेद विषय पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं आरोग्य भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. जीएस तोमर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. तोमर ने वेदों को सृष्टि की उत्पत्ति काल से ही ज्ञान का अजस्र स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि अथर्ववेद का उपांग होने के नाते आयुर्वेद की प्राचीनता स्वतः प्रमाणित है। भारतीय वांग्मय में आयुर्वेद, योग, प्राकृत विज्ञान, गणित, ज्योतिष, खगोल विज्ञान, विमान शास्त्र एवं धातु विज्ञान की समृद्ध, बहुआयामी, अद्भुत एवं अकल्पनीय ज्ञान परम्परा का दिग्दर्शन होता है। इसकी वैज्ञानिकता आज सम्पूर्ण विश्व मानने लगा है। मंत्रदृष्टा ऋषियों ने अपनी दिव्य दृष्टि एवं अनुभव से जो ज्ञान तत्कालीन ग्रंथों में उकेरा है वह आज के वैज्ञानिक मापदंडों पर पूरी तरह खरा उतर रहा है। डॉ. तोमर ने कहा कि आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा विधा ही नहीं सम्पूर्ण जीवन दर्शन है। इसकी गुणवत्ता पूर्ण औषधियां जहां प्रभावी एवं निरापद हैं, वहीं इसकी आदर्श जीवनशैली वैश्विक धरातल पर अनुकरणीय एवं लोकप्रिय सिद्ध हो रही हैं। डॉ. तोमर ने कहा कि हम सबके लिए यह प्रसन्नता का विषय है की नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को स्कूलों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल कर लिया गया है। इससे हमारी नई पीढ़ी हमारे ज्ञान परंपरा के गौरव से परिचित हो सकेगी।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद– बहराइच**

पत्रांक–84/मु0न0सृ0यो0–2023–24 (द्वितीय चरण) / नि0का0 / ई–टेण्डर / न0पं0प0/2025 दिनांक 18 अगस्त 2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना–चतुर्थ चरण**

इस कार्यालय के पत्रांक– 83 / मु0न0सृ0यो0–2023–24 (द्वितीय चरण) / नि0का0/ई–टेण्डर /न0पं0प0/2025 दिनांक 18 अगस्त 2025 द्वारा मुख्यमन्त्री नगर सुजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 हेतु द्वितीय चरण में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना के स्वीकृत अवशेष 09 निर्माण कार्यो में से 04 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.08.2025 की अपरान्ह 2: 30 बजे से दिनांक 28–8–2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025–26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A,B,C एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा खुटेहना में मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना (CMNSY N.P. PAYAGPUR BAHRAICH ) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 50100487453375 IFS code HDFC0003844 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत जमानत धनराशि बैंक द्वारा निर्गत जमा रसीद की सी0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के नाम से बन्धक हो, टेण्डर के साथ संलग्न किया जा सकता है, किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन उक्त वर्णित खाते में ही आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से ही जमा किया जाना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। आनलाइन अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 28.08.2025 को अपरान्ह 4: 00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच

**बालेन्द्र प्रताप** अध्यक्ष, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच।



**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद– बहराइच**

पत्रांक– 88 / एम0आर0एफ0 सेंटर–नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2024–25 दिनांक 19 अगस्त, 2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना– तृतीय चरण**

इस कार्यालय के पत्रांक–87/एम0आर0एफ0 सेंटर–नि0का0/ई–टेण्डर/न0पं0प0/2024–25 दिनांक 19 अगस्त, 2025 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत नगर पंचायत पयागपुर में एम0आर0एफ0 सेन्टर (मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी) के अधिष्ठापन हेतु वर्ष 2021–22 में प्राप्त आवंटन एवं सिविल निर्माण के विषयगत मानकीकृत ड्राइंग, डिजाइन, प्राक्कलन के सापेक्ष नगर पंचायत पयागपुर द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन के आधार पर स्वीकृत 01 निर्माण कार्य की आनलाइन निविदा ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे से दिनांक 12.09.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025–26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A,B,C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 लाख से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर उल्लिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग–अलग आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से एस0बी0एम0 एन0पी0 पयागपुर बहराइच के नाम से आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक शाखा– लखनऊ महानगर में संचालित खाता संख्या 104801004595 IFS code ICIC0001048 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 12.09.2025 को अपरान्ह 4: 00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य एवं नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है–

**(प्रमिता सिंह)** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच

**बालेन्द्र प्रताप** अध्यक्ष, नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 22 अगस्त 2025






आप अपना जीवन दूसरों के लिए नहीं जी सकते। आपको वही करना होगा जो आपके लिए सही है, भले ही इससे आपके कुछ प्रियजनों को ठेस पहुंचे।

**-निकोलस स्पार्क्स**, अमेरिकी कथाकार

## शुचिता के लिए संशोधन

सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए तीन अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक सफलतापूर्वक पेश किए। इनमें सबसे अधिक विवाद संविधान के 130वें संशोधन से संबंधित पूर्व चर्चित विधेयक को लेकर हुआ। जिन प्रावधानों के तहत यह विधेयक लाया गया है, सरकार उनका उद्देश्य राजनीतिक शुचिता और लोकतांत्रिक मर्यादा का संरक्षण बताती है, परंतु विपक्ष के मन में गहरे संदेह हैं। विपक्ष ने इस संशोधन विधेयक का संसद के भीतर और बाहर विरोध किया। उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए जानबूझकर जल्दबाजी में लाने का आरोप लगाया। हालांकि, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसे संयुक्त सदस्यीय समिति के पास भेजा जाएगा। 31 सदस्यीय समिति में विपक्ष के प्रतिनिधि भी होंगे, जिन्हें बहस के दौरान अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा। यदि कुछ आशंकाओं को छोड़ दिया जाए तो संविधान में प्रस्तावित ये संशोधन स्वागत योग्य कहे जा सकते हैं। संशोधन के बाद कोई भी नेता जिसे जेल की सजा मिली हो, चुनाव नहीं लड़ सकेगा। इससे पहले कई बार देखा गया है कि अपराधी घोषित व्यक्ति जेल में रहते हुए विधायक या सांसद बनता रहा। इससे आम जनता में राजनीति, राजनेताओं और लोकतांत्रिक चयन प्रणाली के प्रति नकारात्मक धारणा बनी। अब यदि कोई नेता 177 दिन जेल में रहकर बाहर आता है तो वह मुख्यमंत्री नहीं रह सकेगा। प्रस्तावित कानून के अनुसार, यदि कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री 30 दिन से अधिक जेल में रहता है तो उसे पद त्यागना होगा। 31वें दिन तक यदि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की सलाह से उसे पदमुक्त नहीं किया गया तो उसे स्वतः पदच्युत मान लिया जाएगा। हालांकि, 130वें संविधान संशोधन विधेयक में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री को हिरासत से रिहा होने के बाद पुनः पदस्थापित न किया जा सके। इसके लिए प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद की नियुक्ति और जिम्मेदारियों से संबंधित अनुच्छेद 75 में भी संशोधन आवश्यक होगा, जिसे संयुक्त संसदीय समिति से पारित कराना होगा। सरकार को समर्थन देने वाले दोनों दल- तेलुगू देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड, इस संशोधन के पूर्ण समर्थन में हैं, इसलिए यह विधेयक कानून का रूप ले सकता है, इसमें संदेह नहीं है। सरकार अपने उद्देश्य में भले सफल हो जाए, परंतु राजनीतिक शुचिता बहाल करने के महाउद्देश्य में कितनी सफलता मिलेगी, यह कहना कठिन है। विपक्षी दलों का कहना है कि नए कानून का दुरुपयोग कर केंद्र सरकार विपक्ष शासित राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से मनमानी गिरफ्तारी कर मुख्यमंत्रियों को पद से हटवा सकती है, जिससे राज्य सरकारें अस्थिर होंगी। बदले की राजनीति बढ़ेगी। विपक्ष ने इसे 'ब्लैकमेलिंग बिल' बताते हुए अलोकतांत्रिक और संघवाद के लिए घातक करार दिया है। विपक्ष के बयान ऐसे प्रतीत होते हैं, मानो वे स्वयं को स्थायी विपक्ष मान बैठे हों। यदि केंद्र सरकार विपक्ष की आशंकाओं का समुचित समाधान कर देती है तो इस विधेयक की मंशा पर सवाल उठाना कठिन हो जाएगा।

### प्रसंगवश

## जब विट्ठलभाई बने स्पीकर



**विवेक शुक्ला**
लेखक

लोकसभा स्पीकर के कक्ष में स्वाधीनता सेनानी विट्ठलभाई पटेल का एक चित्र टंगा है, जो हर स्पीकर को उनके कर्तव्यों और इस पद की शानदार परंपराओं का स्मरण कराता है। वे 22 अगस्त 1925 को, सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के पहले भारतीय प्रेसिडेंट (तब स्पीकर को यही कहा जाता था) चुने गए। उनकी शपथ 24 अगस्त 1925 को हुई। पटेल का चुना जाना सचमुच क्रांतिकारी था। 1925 तक सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली का प्रेसिडेंट या तो वायसराय होता था या उसका कोई नामित व्यक्ति। 1919 के एक्ट (मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिफॉर्म्स) ने असेंबली के लिए चुने हुए प्रेसिडेंट की व्यवस्था की थी, जिसका मकसद था ब्रिटिश भारत में धीरे-धीरे स्वशासन की शुरुआत करना। उस समय सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली में 145 सदस्य थे। 104 चुने हुए और 41 नामित, जिनमें ब्रिटिश अधिकारी, जमींदार और बड़े व्यापारी शामिल थे।

22 अगस्त 1925 तक दिल्ली बहुत छोटा सा शहर था, लेकिन लोग उत्सुक थे कि असेंबली का प्रेसिडेंट कौन बनेगा? असेंबली भवन में गहमा-गहमी थी। मुकाबला स्वराज पार्टी के नेता विट्ठलभाई पटेल और सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के वरिष्ठ सदस्य दीवान बहादुर टी रंगाचारी के बीच था। रंगाचारी को ब्रिटिश समर्थक माना जाता था। विट्ठलभाई पटेल का नाम मोतीलाल नेहरू, खान बहादुर सरफराज हुसैन खान, टीसी गोस्वामी, डी बेलवी और अन्य ने प्रस्तावित किया। वहीं, रंगाचारी का नाम श्रीमती कामिनी कुमार चंद्रा, प्रिंस अकरम हुसैन बहादुर और खान बहादुर मोहम्मद इस्माइल ने रखा। जोरदार प्रचार के बाद वोटिंग हुई, जिसमें विट्ठलभाई पटेल को 56 वोट और रंगाचारी को 54 वोट मिले। इस तरह, पटेल सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के पहले भारतीय प्रेसिडेंट चुने गए। बता दें कि यही देश की आजादी के बाद भारतीय संसद कहलाई। उन्होंने चुनाव के बाद स्वराज पार्टी से नाता तोड़ लिया और पहले ही दिन बधाई के जवाब में कहा, "अब मेरा संबंध किसी पार्टी से नहीं है। अब मैं सब दलों के साथ हूं।"

शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बीके दत्त ने 8 अप्रैल, 1928 को पब्लिक सेफ्टी बिल (क्रांतिकारी गतिविधियों को रोकने के लिए) और ट्रेड डिस्प्यूट्स बिल (मजदूरों की हड़ताल पर रोक के लिए) के खिलाफ सदन में गैर-घातक बम फेंके। जब क्रांतिकारियों ने बम फेंके और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ नारे लगाए, तब विट्ठलभाई पटेल सदन में मौजूद थे। उन्होंने कार्यवाही को 11 अप्रैल 1928 तक स्थगित कर दिया। 29 अगस्त 1928 को विट्ठलभाई पटेल ने असेंबली में हंगामा खड़ा कर दिया। उस दिन वायसराय लॉर्ड इरविन असेंबली को संबोधित करने आए। उस समय तक परंपरा थी कि जब वायसराय असेंबली में आते थे, तब अध्यक्ष अपनी कुर्सी छोड़ देते थे और वायसराय उस पर बैठते थे, जो ब्रिटिश शासन की सर्वोच्चता का प्रतीक था, लेकिन उस दिन पटेल ने इस परंपरा को तोड़ा और असेंबली की स्वायत्तता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में वे सदन की संप्रभुता और गरिमा के प्रतीक हैं, इसलिए वे अपने स्थान पर बने रहेंगे। पटेल के इस कदम से संवैधानिक संकट पैदा हो गया। आखिरकार, वायसराय के लिए एक अलग कुर्सी स्पीकर की कुर्सी के दाईं ओर रखा गया। लॉर्ड इरविन ने उसी कुर्सी से अपना भाषण दिया, जबकि विट्ठलभाई पटेल स्पीकर अपने स्थान पर बैठे रहे। विट्ठलभाई पटेल ने इस पद पर रहते हुए निष्पक्षता, साहस और राष्ट्रवादी भावना का परिचय दिया।

विट्ठलभाई ने अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता से यह सुनिश्चित किया कि भारतीय नेताओं की आवाज को दबाया न जाए। उनके कार्यकाल में असेंबली ने कई बार ब्रिटिश सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए, जो स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में सहायक सिद्ध हुए। पटेल ने अपने समूचे कार्यकाल (1925 से 1930) के दौरान सदस्यों को सेंट्रल लेजिस्लेटिव अंसेबली में जेलों में बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई और दमनकारी कानूनों को रद्द करने की मांग के अलावा साइमन कमीशन का विरोध करने का मौका दिया।

# ऑनलाइन गेमिंग सरकार का शिकंजा और जिम्मेदारी





**अरविंद रावल**
लेखक

भारत सरकार ने आनलाइन गेमिंग के बहाने हो रही सट्टेबाजी के भंवरजाल से युवा पीढ़ी को निकालने के लिए मानसून सत्र के दौरान प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ आनलाइन गेमिंग बिल 2025 लेकर आई है। यह बिल लोकसभा से पास भी हो गया है। डिजिटल प्लेटफार्मों पर खेलों की आड़ में चलने वाली सट्टेबाजी पर नकेल कसने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सरकार को इस कानून से राजस्व की हानि होगी, लेकिन सिर्फ राजस्व के लिए देश की युवा पीढ़ी को सट्टेबाजी के खेल में नहीं झोंका जा सकता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी रोकने के लिए बनाए गए कानून के तहत वही गेम आएंगे, जिनमें सीधे तौर पर बैंकों के जरिए रुपयों का लेन-देन होता है।

इस तरह के आनलाइन गेम को खेलते हुए पहले पैसा लगाया जाता है, जीतने के बाद वह पैसा सीधे बैंक अकाउंट में आ जाता है। गेम खेलने के लिए बड़े दावे और वादे वाले विज्ञापन सोशल मीडिया और टीवी पर दिखाए जाते हैं। इसमें बताया जाता है कि आप घर बैठे लाखों और करोड़ रुपये तक जीत सकते हैं। बस आपको कुछ देर के लिए फलां गेम खेलना होगा। दिखाए जा रहे विज्ञापन में आम तौर पर विनर मिडिल और लोवर मिडिल क्लास का कोई युवा या महिला होती है। यह सब कुछ बहुत समझदारी से प्लान किया जाता है।

बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के पास समय ही समय है। वही आनलाइन गेम्स के टार्गेट ग्रुप्स होते हैं और यह आसानी से इसमें फंस भी जाते हैं। अकसर ऐसी खबरें आती हैं कि किसी बच्चे या युवा ने अपने पिता का लाखों रुपये आनलाइन गेम में बर्बाद कर दिया। जब इस बारे में पिता को पता चला तब तक वह लुट चुका होता था।

सरकार ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 से रीयल मनी गेम्स पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। युवाओं में शार्टकट से अमीर बनने की चाहत को समझने और रोकने की जिम्मेदारी परिवार को भी निभानी होगी।

सरकार द्वारा कानून लाए जाने से आनलाइन गेमिंग खिलाने वाली कंपनियों को धक्का लगेगा। सरकार की सख्ती को देखते हुए निश्चित ही अब वह सट्टेबाजी की दुकान समेटकर किसी नए स्वरूप में पैसा कमाने का तौर तरीका खोजने में जुट जाएंगे, इसलिए परिवार और समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह युवाओं को इस ओर जाने से रोकें। परिवार में उन्हें यह संस्कार दिया जाना जरूरी है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। शार्ट कट तरीके से पैसा कमाना कुछ समय के लिए आसान लग सकता है, लेकिन पूरी जिंदगी इस पर नहीं टिकी रह सकती है।

उन्हें यह भी समझाने की जरूरत है कि सट्टेबाजी न सिर्फ अवैध है, बल्कि देश और समाज के साथ उनके लिए भी वह घातक है। भले कोई गेम सट्टेबाजी जैसा न दिखे। हो सकता है कि आने वाले दिनों में यह आनलाइन गेम नए स्वरूप में सामने आएं। आनलाइन गेम विजेताओं को देश या विदेश में घुमाने का वादा करें। सामान्य तरीके से इसमें पैसों का लेनदेन न दिखाई दे, लेकिन सवाल वही है कि कोई क्यों किसी को मुफ्त में यह सब-कुछ देना चाहता है!

सरकार ने आनलाइन गेमिंग को दो श्रेणियों में बांट दिया है। एक वह जिन आनलाइन खेलों में कोई पैसा नहीं लगता है और दूसरा वह खेल जिसे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से खेला जाता है। सरकार ने पैसों से संबंधित खेले जाने वाले खेलों पर नकेल लगाकर तीन साल की सजा या एक करोड़ का जुर्माना लगाने का प्राविधान किया है।

सरकार ने डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आनलाइन गेमिंग चलाने वाले लोगों की निगरानी के लिए अलग से तंत्र के गठन का भी नियम बनाया है। इससे पहले देश की सर्वोच्च अदालत तक भी ऐसे मामले पहुंचने लगे थे। इसके बाद सरकार ने गंभीरता से मंथन कर आनलाइन गेम की आड़ में की जाने वाली सट्टेबाजी को रोकने के लिए ऐसा कानून बनाने का फैसला किया। यह बिल लोकसभा से पास हो गया है। उम्मीद है कि राज्यसभा से भी यह पास हो जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद ही जल्द ही यह कानून के रूप में मान्य हो जाएगा।

आनलाइन गेम एक फैशन बन गया है। घर ही नहीं, गली-चौराहों पर बड़ी संख्या में देर रात तक युवा आन लाइन गेम खेलते मिल जाते हैं। मेज पर मोबाइल रखकर चारों तरफ कुर्सी डाले युवा आन लाइन लूडो खेलते हुए जगह-जगह नजर आते हैं। आनलाइन लूडो, शतरंज या रम्मी खेलने के लिए पहले कुछ पैसे लगाने होते हैं। इसके बाद इस उम्मीद में युवा पैसे हारते जाते हैं कि एक दिन वह बड़ी रकम जीत जाएंगे।

बात समझने की यह है कि हमें भले यह लगे कि दूसरी तरफ भी कोई दूसरा व्यक्ति खेल रहा है, लेकिन ऐसा होता नहीं। दूसरी तरफ एआई होता है, जो हर सेकेंड सैकड़ों चालें सोच-समझ रहा होता है। आनलाइन गेम को इस तरह से प्रोग्राम किया जाता है कि शुरुआत में व्यक्ति खुद को जीतता हुआ सा महसूस करता है। वह उत्साह में आगे बढ़ता जाता है और फिर सत्तर फीसदी गेम आगे बढ़ते न बढ़ते वह हारने लगता है। युवा गेम भले हार रहा होता है, लेकिन इस हार में भी वह रोमांच तलाश लेता है। इसे वह एक चैलेंज की तरह लेता है और जीतने की जी-जान से कोशिश करता है। ऐसा कम ही होता है कि कोई जीत सके। यह सारा प्रोग्राम युवाओं को एडिक्ट बना रहा है। आनलाइन गेम का उन्हें नशा सा हो जाता है। मौका मिलते ही वह खेलने बैठ जाते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि कानून आने के बाद इस गेम पर रोक लगेगी और युवा इससे मुक्त हो सकेंगे।

### आमने



वोटर अधिकार यात्रा फर्जी है। राहुल गांधी की यात्रा को झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ नहीं मिल रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि वह राहुल गांधी की यात्रा को फर्जी मान रहे हैं।

**-शिवपूजन पाठक,** भाजपा नेता, झारखंड

### सामने



राहुल गांधी के बिहार में आ जाने के बाद कांग्रेस, राजद, लेफ्ट, झामुमो में कोई अंतर नहीं है। राहुल गांधी की यात्रा हो तो फर्जी, मोदी जी की हो तो एकता-अखंडता की यात्रा हो जाएगी।

**राधाकृष्ण किशोर,** वित्त मंत्री, झारखंड

# नेपालः राजनीति में अपरिहार्य कोइराला परिवार



**यशोदा श्रीवास्तव**
वरिष्ठ पत्रकार



नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा के शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी। कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है, इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवंबर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे, जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर थी। कोइराला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे, लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र की नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे, लेकिन इनके इस कार्यकाल को लोकतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है।

प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे, इसीलिए उनका राजा महेंद्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुदलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वासित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइरालला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूलें हिलाकर रख दी थीं। उनका जीवन अधिकांशतः जेल, निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी कोइराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतांत्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा। वे 1991 से लेकर 2008 तक, यानी लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे।

नेपाल की सिसायत में कोइराला परिवार अपरिहार्य स्थिति में रहा है। राजशाही से लेकर लोकशाही तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। इन सभी का राज घराने से गाहे-बगाहे टकराव भी होता रहा।

गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत-नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे।

गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37वें और लोकतांत्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बुआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतांत्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। प्रधानमंत्री रहते हुए उनकी सादगी की चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर खर्च नहीं करते थे। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री और एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लोकतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़ेपन का समाधान है। कोइराला परिवार की अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार में राजनीतिक शून्यता आ गई। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं।

नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। शेखर कोइराला के हाल में दिए सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहे हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं, ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।

### सामयिकी

## सेविंग बढ़ाने की भूलभुलैया में फंसा मध्यम आय वर्ग



**राजीव सिंह**
आर्थिक सलाहकार

भारत का मध्यवर्ग मेहनती है, महत्वाकांक्षी है और भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित भी रहता है, लेकिन जब बात रिटायरमेंट की आती है तो यथार्थ बेहद कड़वा साबित होता है। कारण यह नहीं कि वे बचत नहीं करते, बल्कि यह है कि उनकी बचत और निवेश की दिशा अकसर गलत होती है। रिटायरमेंट जीवन का वह पड़ाव है, जब इंसान दशकों की मेहनत के बाद आराम और मानसिक शांति की उम्मीद करता है, लेकिन हमारे समाज में यह अक्सर अधूरा सपना रह जाता है। भारतीय मध्यवर्ग अपनी मेहनत की कमाई को मुख्य रूप से तीन जगहों पर लगाता है- सोना, जमीन और शादी-ब्याह। ये तीनों ही निवेश परंपरागत रूप से सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं।

सोना घर में सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है, लेकिन व्यवहारिक तौर पर यह न तो नियमित आय देता है, न ही महंगाई को मात देने वाला रिटर्न। जमीन को 'संपत्ति का राजा' समझा जाता है, लेकिन इसमें तरलता की भारी समस्या है। जरूरत पड़ने पर इसे तुरंत नकदी में बदल पाना मुश्किल है। शादी-ब्याह भारतीय मध्यवर्ग का सबसे बड़ा 'नॉन-प्रोडक्टिव निवेश' है। बच्चों की शादियों में जितना खर्च होता है, वह अक्सर रिटायरमेंट की पूंजी से कहीं ज़्यादा होता है।

इस तर्कहीन प्राथमिकता के कारण 50-55 की उम्र आते-आते व्यक्ति के पास पर्याप्त रिटायरमेंट फंड नहीं होता। महंगाई मध्यवर्ग की जमा-पूंजी की सबसे बड़ी दुश्मन है। आज अगर कोई व्यक्ति 10 लाख रुपये बचाकर सुरक्षित महसूस करता है, तो 20 साल बाद वही रकम शायद 2-3 लाख रुपये की क्रय शक्ति के बराबर ही रह जाएगी। औसतन भारत में स्वास्थ्य और शिक्षा महंगाई दर 10-12% के आसपास रहती है, जबकि साधारण बचत खाते या एफडी मुश्किल से 6-7% ब्याज देते हैं। यानी, पारंपरिक बचत साधन महंगाई को मात नहीं दे पाते। ऐसे में सिर्फ एफडी या पीपीएफ पर निर्भर रहना आत्मघाती रणनीति है।

भारतीय मध्यवर्ग की सबसे बड़ी चुनौती है सामाजिक जिम्मेदारियों का जाल। बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग फीस, शादी-ब्याह का भारी खर्च, बुजुर्ग माता-पिता का स्वास्थ्य, बेरोजगार रिश्तेदारों की मदद, आम तौर पर मध्यवर्ग इन चीजों पर पैसे खर्च करता है। इन सबके बीच रिटायरमेंट की योजना हमेशा पीछे छूट जाती है। जो पैसा लंबी अवधि के लिए निवेश में जाना चाहिए, वह सामाजिक दबाव और दिखावे में खर्च हो जाता है। निजी क्षेत्र में पेंशन की परंपरा लगभग खत्म हो चुकी है। सरकारी नौकरियों में भी नई भर्तियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम उपलब्ध नहीं है। इस बीच स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई ने हालात और विकट बना दिए हैं।

रिटायरमेंट के बाद एक गंभीर बीमारी जीवन भर की पूंजी को निगल सकती है। निजी क्षेत्र में तो पेंशन का अस्तित्व ही नहीं है। वहां पीएफ (PF) और ग्रेच्युटी ही कर्मचारी का सहारा हैं। दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई ने स्थिति और कठिन बना दी है। गंभीर बीमारी (कैंसर, हार्ट अटैक, किडनी फेल्योर) पर लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। यदि स्वास्थ्य बीमा नहीं है तो पूरी जीवनभर की जमा-पूंजी कुछ महीनों में खत्म हो सकती है। पहले माता-पिता यह मानकर चलते थे कि बुढ़ापे में बच्चे सहारा बनेंगे, लेकिन नई पीढ़ी की प्राथमिकताएं अलग हैं। वे नौकरी के लिए शहर बदलते रहते हैं। जीवनशैली पर ज़्यादा खर्च करते हैं। अपने माता-पिता की तुलना में आर्थिक रूप से स्वतंत्र रहना चाहते हैं। इस बदलते सामाजिक ढांचे में 'बच्चे ही सहारा होंगे' का भरोसा खतरनाक भ्रम साबित हो सकता है। रिटायरमेंट संकट का एक बड़ा पहलू महिलाओं से जुड़ा है। बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यबल से बाहर रहती हैं। जो महिलाएं काम करती भी हैं, वे अक्सर शादी या मातृत्व के कारण करियर ब्रेक ले लेती हैं। घर की वित्तीय योजना में महिलाओं की भागीदारी कम होती है, जिससे रिटायरमेंट फंडिंग का बोझ पुरुष पर ही रह जाता है, इसलिए वृद्धावस्था में महिलाएं अकसर आर्थिक असुरक्षा का अधिक शिकार होती हैं।

### सोशल फोरम

## कुछ यूं आईं थीं सर्दियां



**सबा खान**
लेखक

शहर में उस बरस सर्दियों की आमद यूं हुई थी, मानो किसी बिसरे हुए खत ने फलक पर अपनी पहली स्याही गिराई हो। कुहरे ने जब आसमान को छुआ था, तो दुपहर अपनी पहचान खो बैठी थी। हवा में एक ऐसी खुनकी (ठंडक) थी, जैसे वक्त को किसी ने रजाई में लिटाकर आधे ख्वाब में छोड़ दिया हो। गली के मोड़ पर वही जानी-पहचानी, कुछ अपनी सी चाय की टपरी थी। टूटे-फूटे बोर्ड पर धुंधली लिखावट और भीतर से उठती भाप में घुलती इलायची की खुशबू। वो दुकान, जहां हर हफ्ते कोई अलसाई दुपहर हमारी खामोशियों की गवाह बनती थी। उसके हाथों में भाप से लबरेज गिलास ठहरता और मैं उसे तका करती। जैसे कोई ठिठुरी हुई नज्म, जिसे आंखों में लपेटकर रूह की तहों में छुपा लेना हो।

जब वो चाय में इलायची तलाश करता, तो लगता जैसे रिश्तों की तहदार मिठास में कोई वायदा छुपा बैठा हो, जिसे वो उंगलियों से टटोलकर पा लेना चाहता हो और जब इलायची न मिलती, तो उसके होंठों पर इक मुस्कुराहट तिर आती, जैसे कोई पुराना वायदा आज भी खुद के पूरे हो जाने से इनकार कर रहा हो। मगर उसके लहजे में शिकवे की कोई परछाईं तक न होती।

एक रोज उसने कह दिया था- "जानती हो? तनहाई की सबसे बड़ी खूबी यही है... कि ये कभी चीखती नहीं। शोर नहीं करती। बस तुम्हारे साथ चाय पीती है और आंखों की गहराईयों में एक लंबा सफर रख देती है।" मैं गर्दन झुकाकर मुस्कुरा दी थी। मगर उस दिन के बाद हर चाय में मुझे भी एक गैरमौजूद सा हमसफर साथ बैठा महसूस होने लगा।

उसके जाने के बाद, मैं तमाम मौसमों में उधर से गुज़री... गुजरती रही। चाय पीती रही। सर्दियों के मौसम में जब भी सर्द हवा गर्दन को छूती, महसूस होता जैसे किसी ने पीछे से मफलर डाल दिया हो। हवा की चुभन बदन में नहीं, दिल में उतर आती। आज भी जब बादल सूरज को छुपा लेते हैं, मैं उसकी कही बात दोहरा लेती हूं-"जैसे कोई अपना... बस एक लम्हा मांग कर चला गया हो।" उस पल सर्दी सिर्फ हवा में नहीं, आवाज में भी उतर आती है। मैंने चाय पीना तो नहीं छोड़ा, मगर अब हर प्याले में इलायची नदारद होती। वही इलायची, जिस पर कभी हम दोनों मुस्कुरा लिया करते थे।

**-फेसबुक वाल से**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि से खतरे में हिमालय



जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर ग्लेशियर पिघल रहे हैं। इसके चलते हिमालय में आपदाओं का दौर शायद ही थम पाए, हालिया शोध इसी ओर इशारा कर रहे हैं। वर्ष 1811 से आज तक किए गए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हिमालय क्षेत्र की जलवायु निरंतर गतिशील रही है। तापमान में निरंतर वृद्धि, आद्रता में कमी, बादलों की ऊंचाई, वर्षा व बर्फबारी में कमी और वायु प्रदूषण में उछाल ने हिमालय को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसकी सबसे बड़ी वजह ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ना है, जो वैश्विक ताप बढ़ा रही है और जलवायु परिवर्तित कर रही है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण पिछले दिनों उत्तरकाशी के धराली, जम्मू-कश्मीर और हिमांचल प्रदेश में आई आपदाएं हैं।

## ग्लेशियर एक किमी पीछे खिसक चुके, जारी है सिकुड़ने का दौर

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल की वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ प्रियंका श्रीवास्तव का हालिया शोध ग्रीनहाउस गैसों में तेजी से वृद्धि को उजागर करता है तो डा नरेंद्र सिंह के पिछले 18 वर्षों का अध्ययन हिमालय क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन को गंभीरता से लेने का संकेत देता है। हिमालय में मीथेन और कार्बनडाई ऑक्साइड गैसों में तेजी से वृद्धि होने का मतलब तापमान में वृद्धि है, जो बर्फ पिघलाने में सहायक हैं। पिछले दो दशक में एरीज के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध बताते हैं कि हिमालय के ग्लेशियर एक किमी पीछे खिसक चुके हैं और इनके सिकुड़ने का दौर निरंतर जारी है।

## कार्बन डाइऑक्साइड व मीथेन की मात्रा में निरंतर दर्ज हो रहा उछाल

हिमालय क्षेत्र के वातावरण में सर्वाधिक परिवर्तन 1960 से 70 के दशक से देखा जा रहा है। इसका नतीजा है कि मैदानी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की मात्रा 422 पीपीएम तक पहुंचने लगी है। एरीज की हालिया शोध से पता चलता है कि मध्य हिमालय में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 2.66 पीपीएम प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है, जबकि मीथेन 9.53 पीपीबी प्रति वर्ष की दर से उछाल पर है।

### बादल फटने, ग्लेशियर पिघलने से बढ़ता जा रहा बाढ़ का खतरा

- जलवायु परिवर्तन से हिमालय के पर्वतीय राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्लेशियर भी तेजी से पिघल रहे हैं। इस कारण ऊंचे पर्वतों में झीलें बनने लगी हैं, जिनके टूटने से अचानक बाढ़ आ जाती है। ऐसी ही स्थिति बादल के फटने से भी बनती है। यह ऐसा बदलाव है, जिसकी पहले किसी ने कल्पना नहीं की थी। बाढ़ और उसके साथ बहकर आने वाले मलबे के प्रभाव से बड़े क्षेत्र में जान माल के खतरे के साथ कृषि भूमि बह जाती है। वन संपदा का नुकसान भी उठाना पड़ता है।

**पिघल रहे ग्लेशियर दरक रहे पहाड़ और बढ़ती जा रही है कुदरत की मार**

**आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के शोध भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं**

## वर्षा के पैटर्न में बदलाव से दिनों में आने लगी कमी

डा नरेंद्र सिंह के अनुसार पांच दशकों में जून-जुलाई के महीनों में किए शोध से पता चला है कि तापमान बढ़ने से वर्षा के दिनों की संख्या में कमी आई है। पहले मानसून वर्षा के दिनों की संख्या लगभग 120 दिन मानी जाती थी। इस दौरान औसतन 100 दिन तक वर्षा होती थी, लेकिन अब दिनों की संख्या लगभग 30 से 50 प्रतिशत कम हो चली है। अब कम समय में वर्षा अधिक होती है। जिस कारण वर्षा की मात्रा तो लगभग सामान्य रहती है, लेकिन दिनों में कमी आ चुकी है।

### मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश में आएगी कमी

- तापमान में निरंतर वृद्धि का सबसे बड़ा असर हिमालय के ग्लेशियरों पर पड़ेगा, जिनके पिघलने की संभावना से इंकार नहीं है। इससे मानसूनी बारिश की मात्रा में कमी आएगी और शीतकाल में होने वाली पश्चिमी विक्षोभ की वर्षा भी प्रभावित होगी। इस कारण हिमालय से निकलने वाली नदियों का जल कम हो जाएगा, जिसका असर 30 करोड़ आबादी पर पड़ेगा, जो हिमालय की नदियों पर निर्भर हैं।

## 15 से दो हजार मीटर की ऊंचाई पर फटते बादल

- हालिया शोध से पता चलता है कि बादल फटने की घटनाएं 15 सौ से दो हजार मीटर की ऊंचाई पर होती हैं। इसके लिए काफी हद तक ऊंचे खड़े पहाड़ जिम्मेदार होते हैं, जो नमी से भरे बादलों को आगे बढ़ने से रोक लेते हैं। इससे पानी से भरे बादल भारी टूटने लगते हैं, जिससे एक ही स्थान में घंटे भर में 100 मिमी तक बारिश हो जाती है। ग्लेशियर 25 सौ मीटर से अधिक की ऊंचाई में झीलों को जन्म देते हैं। जब झील के पानी का घनत्व बढ़ने लगता है तो वह टूट जाती हैं और तबाही का बड़ा कारण बनती हैं।

## 07 डिग्री तक बढ़ जाएगा वैश्विक तापमान इस सदी के अंत तक

- एरीज के वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस सदी के अंत तक वैश्विक तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसका बड़ा असर उत्तरी गोलार्ध में रहेगा। इससे न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। पिछले ढाई दशक में ग्रीन हाउस गैसों के कारण वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है।



## बादलों की ऊंचाई भी बढ़ने लगी

पर्वतीय क्षेत्रों में बादल पांच साल पहले 60 से 100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ा करते थे, लेकिन अब 100 से 200 मीटर की ऊंचाई पर रहने लगे हैं। नैनीताल व मुक्तेश्वर के पर्वतीय क्षेत्रों में यह बदलाव देखा गया है। इस कारण इन क्षेत्रों में बर्फबारी अब बहुत कम हो गई है और भविष्य में बंद हो सकती है।



लेखक
नरेंद्र सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक एरीज



लेखिका
डॉ प्रियंका श्रीवास्तव

---

**नए उत्पाद**
# गैजेट



## रेडमी 15 तीन आकर्षक रंगों में हुआ लॉन्च

- रेडमी ने भारत में नया स्मार्टफोन रेडमी 15 लॉन्च किया है। यह तीन रंगों मिडनाइट ब्लैक, फ्रॉस्टेड व्हाइट और सैंडी पर्पल में उपलब्ध है। इस फोन में 144Hz हाई रिफ्रेश रेट डिस्प्ले, 7000mAh बैटरी और स्नैपड्रैगन 6s जेन 3 चिपसेट जैसे फ्लैगशिप लेवल फीचर्स मिलते हैं। 6GB और 8GB RAM ऑप्शन के साथ आए इस फोन की शुरुआती कीमत 14,999 रुपये है। रेडमी 15 की खास बात इसकी 7000mAh बैटरी है। इस बड़ी बैटरी को चार्ज करने के लिए 33W फास्ट चार्जिंग और 18W रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। फोन में 6.9 इंच का फुल HD+ LCD डिस्प्ले है। इसमें वेट टच 2.0 टेक्नोलॉजी है, जिससे पानी या पसीने से गीली अंगुलियों से भी स्क्रीन को आसानी से ऑपरेट किया जा सकता है। रेडमी 15 5G में 50MP डुअल रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें AI बेस्ड डायनामिक शॉट, AI इरेजर और AI स्काई इनहान्समेंट जैसे फीचर्स जोड़े गए हैं। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 8MP फ्रंट कैमरा है।

## सेनहाइजर के ओपन ईयर या हाफ इन ईयर बड्स



ईयरबड्स के रबर टिप्स की वजह से इन्हें इस्तेमाल करने वाले लोगों को आसपास का शोर लगभग सुनाई नहीं देता है। इसी दिक्कत का समाधान करते हैं, सेनहाइजर कंपनी के ओपन ईयर या हाफ इन ईयर डिजाइन वाले बड्स। कंपनी ने इन्हें Accentum Open नाम से पेश किया है। इन बड्स को कंपनी की वेबसाइट से 9,990 रुपये में खरीदा जा सकता है। ओपन ईयर या हाफ इन ईयर डिजाइन वाले ये बड्स बिना रबर टिप वाले हैं। यह बड्स म्यूजिक लवर्स को काफी पसंद आएंगे। कंपनी का दावा है कि इनमें 28 घंटे का बैकअप मिलता है। एक बार चार्ज होने पर बड्स 6.5 घंटे तक चल सकते हैं। इन बड्स का कर्वी डिजाइन इन्हें रखरखाव में आसान बनाता है। इन्हें टाइट जींस के पॉकेट में भी आसानी से रखा जा सकता है। इन बड्स में वॉल्यूम कंट्रोल और मल्टी कनेक्टिविटी का फीचर होने से वॉल्यूम घटा और बढ़ा सकते हैं। इन्हें एक साथ दो डिवाइस से कनेक्ट किया जा सकता है।

## लॉवा लॉन्च करेगा गेमिंग स्मार्टफोन



लॉवा नया गेमिंग स्मार्टफोन लॉन्च करने वाला है। इसके लिए स्मार्टफोन में कई नए फीचर शामिल किए गए हैं। लॉवा ने नए स्मार्टफोन के टीजर में गेमिंग की झलक दिखाई है। इस स्मार्टफोन की डिस्पले 6.67 इंच की रहेगी, जो 120Hz रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करने में सक्षम है। इसमें MediaTek Dimensity 7300 का प्रोसेसर दिया जा सकता है। इसके अलावा मेन कैमरा 64MP का AI मैट्रिक्स और गेमबूस्ट मोड दिया जा सकता है। यह गेम के परफॉर्मेंस और अनुभव को बढ़ाएगा। इस स्मार्टफोन में 5,000mAh की बैटरी हो सकती है। कीमत की बात करें तो यह 15 हजार रुपये मे लॉन्च होगा।

---

# एआई की मदद से सौ दिन में सरसों की फसल तैयार, 35% ज्यादा पैदावार

आमतौर पर सरसों की फसल 120 से 130 दिन में तैयार होती है, लेकिन एआई की मदद से वैज्ञानिक आधार पर खेती करके सरसों की फसल को 100 दिन में तैयार किया जा सकता है। यही नहीं कम से कम एक तिहाई ज्यादा पैदावार के साथ एफिड्स और आल्टरनेरिया ब्लाइट जैसे कीटों की समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। यह बात सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम के तीन छात्रों अक्षत गुप्ता, गोविंद त्यागी और जया बिंदल ने अपने शोध से साबित कर दिखाई है। परंपरागत खेती प्रणाली लंबे समय से सरसों की खेती का आधार रही है। इसमें जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और कीट प्रतिरोध किसानों के लिए बड़ी समस्या है। इन्हीं दिक्कतों का समाधान तीनों छात्रों ने अपने वैज्ञानिक शोध में खोजा है। उन्होंने सरसों की DMH-1, पूसा सरसों-29, NRCHB-506 किस्म लेकर शोध शुरू किया। खेती में एआई आधारित सिंचाई प्रबंधन, जीपीएस, ड्रोन सेंसर का उपयोग किया और मौसम का सटीक पूर्वानुमान लगाकर पहली फसल 100 दिन में हासिल कर दिखाई।



गोविंद त्यागी।



अक्षत गुप्ता



जया बिंदल।



## 25 डिग्री तापमान सबसे उपयुक्त

- 10 से 25 डिग्री सेंटीग्रेड का ठंडा तापमान सरसों फूलने के लिये आदर्श है। बीज पकने के समय सूखा मौसम उपयुक्त होता है। फूलने के समय पाले से बचाव आवश्यक है। मिट्टी अच्छी जल निकासी वाली दोमट या बलुई दोमट मिट्टी, PH 6.0–7.5 के साथ उपयुक्त है। जैविक पदार्थ से भरपूर मिट्टी उत्पादकता बढ़ाती है।
- **डिजिटल कृषि अपनाई** : छात्रों ने फार्म प्रबंधन सॉफ्टवेयर के माध्यम से फसल निगरानी और इनपुट प्रबंधन किया और मोबाइल ऐप्स से वास्तविक समय कीट अलर्ट, मौसम अपडेट और कृषि सुझाव हासिल किए।

### इस तरह की बुवाई और कटाई

- छात्रों ने सीड ड्रिल द्वारा 30×10 सेमी की उचित दूरी पर समान बुवाई की। कम्बाइन हार्वेस्टर अपनाकर कटाई में नुकसान कम और श्रम लागत बचाई। स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, माइक्रो-सिंचाई तकनीक अपनाई। ड्रिप सिंचाई से कम पानी से मिट्टी की नमी बनाए रखी।

### जलवायु परिवर्तन के खतरे घटाए

- अनियमित वर्षा और तापमान में बदलाव सरसों की फसल में फूल और बीज बनने की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। नई प्रणाली से जलवायु परिवर्तन के इन खतरों पर भी नियंत्रण पाया गया। सरसों की यह आधुनिक खेती प्रणाली पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक प्रथाओं का संतुलित मिश्रण जैसी है।

### मुनाफे भरा सौदा

- शोध छात्रों का दावा है कि सटीक खेती, स्मार्ट सिंचाई और एकीकृत कीट प्रबंधन अपनाकर किसान अधिक उत्पादकता, कम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ बेहतर मुनाफा पा सकते हैं। सरसों की खेती को बदलते कृषि परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने में यह काम सहायक है।

## बिजनेस ब्रीफ

### 6,500 किग्रा मिलावटी घी जब्त किया

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने गुजरात के राजकोट स्थित एक डेयरी इकाई से लगभग 6,500 किलोग्राम मिलावटी घी ज़ब्त किया है। गुरुवार को एक बयान में, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कहा कि उसने गुजरात के राजकोट स्थित एक डेयरी इकाई, कोरोवा मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से 35 लाख रुपये मूल्य का लगभग 6,500 किलोग्राम मिलावटी घी ज़ब्त किया है। नियामक ने घी के नमूने लिए और उन्हें एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित प्रयोगशाला में भेजा, जिसने पुष्टि की कि नमूने घटिया थे और उनमें वनस्पति वसा की मिलावट थी।

### दुबई के लिए गढ़वाली सेब की खेप भेजी

**देहरादून।** देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के प्रयास में भारत ने पहली बार देहरादून से दुबई के लिए गढ़वाली सेब की खेप भेजी है। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने देहरादून से दुबई के लिए 1.2 टन गढ़वाली सेब की पहली परीक्षण खेप को हरी झंडी दिखाई। इस परीक्षण खेप का संचालन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने किया।

### रैपिडो पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ऑनलाइन वाहन सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को पैसे देने का निर्देश भी दिया है जिन्होंने कंपनी के पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। नियामक ने रैपिडो के विज्ञापनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की जिसमें पांच मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं और गारंटीड ऑटो का वादा किया गया था।

# आईपीओ से पहले शेयरों की हो सकेगी खरीद-बिक्री

## सेबी की आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए नया मंच लाने और शेयर वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजना

**मुंबई, एजेंसी**

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी। यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है।



- आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच विनियमित तरीके से शेयर व्यापार करने की मिलेगी अनुमति
- सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सर्वाजनिक रूप से गुरुवार को दी जानकारी



यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है। पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है। पांडेय ने एक पहल का संकेत देते हुए कहा, एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं। यदि इस पहल को क्रियान्वित किया जाता है तो इससे अनियमित मंचों जिन्हें अक्सर 'ग्रे मार्केट' कहा जाता है, उन पर असूचीबद्ध शेयर के व्यापार पर अंकुश लग सकेगा। वर्तमान में, आईपीओ के बोली लगना बंद होने और बाजारों में इसके खुलने में कम से कम तीन कारोबारी दिनों का अंतराल होता है और इस अवधि के दौरान 'ग्रे मार्केट' में व्यापार होता है। गैर-सूचीबद्ध क्षेत्र जो कि अधिकतर अनियमित बना हुआ है, निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। हालांकि, इसमें कई निवेशकों के लिए काफी जोखिम है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय आईपीओ बाजार 2025 तक 48 मुख्य कंपनियों की सूचीबद्धता के साथ काफी सक्रिय हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में 11 कंपनियों ने अपनी आरंभिक शेयर बिक्री शुरू की। अगले सप्ताह कुछ और कंपनियां भी आईपीओ लाने वाली हैं। 'प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर डिपॉजिटरी के साथ कोई चर्चा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं जो भी कह रहा हूं, वह केवल सैद्धांतिक है।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित ग्रे मार्केट की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है। शेयर वायदा कारोबार के संबंध में सेबी नकदी शेयर बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से वायदा-विकल्प की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है।

पांडेय ने कहा, हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे हेजिंग (जोखिम प्रबंधन रणनीति) और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।

### कार्वी के निवेशकों के लिए दावा करने का समय बढ़ाया

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को ग्राहकों की प्रतिभूतियों एवं कोष के निपटान में चूक करने वाली कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) के निवेशकों के लिए दावे दाखिल करने की समयसीमा दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 23 नवंबर, 2020 को ब्रोकिंग फर्म केएसबीएल को चूककर्ता घोषित कर दिया था। इसके बाद निवेशकों को अपने दावे दाखिल करने के लिए कहा गया था और इसकी अंतिम तिथि दो जून, 2025 तय की गई थी। बाजार नियामक ने अब इस समयसीमा को बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2025 कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जिन निवेशकों ने अभी तक दावा दर्ज नहीं कराया है, वे अंतिम तिथि से पहले दावा दाखिल कर दें। निवेशकों की सुविधा के लिए एनएसई का टोल-फ्री नंबर 1800 266 0050 और ईमेल भी उपलब्ध है।

# भारतीय हस्तशिल्प, हथकरघा के निर्यात को नए मुकाम तक ले जाने की जरूरतः गिरिराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय कपड़ा मंत्री बोले- महिला कारीगरों की मासिक आय 15-20 हजार तक पहुंचाने के प्रयास जारी



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को हथकरघा और हस्तशिल्प के निर्यात को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि महिला कारीगरों की मासिक आय को न्यूनतम 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सिंह ने यहां कपड़ा मंत्रालय की तरफ से विकसित शिल्प परिसर 'द कुंज' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि देश में करीब एक करोड़ लोग हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।

मंत्री ने कहा, ''शिल्प परिसर 'कुंज भवन' देशभर के शिल्पियों के लिए अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का एक मंच होगा। हमारा लक्ष्य है कि महिला कारीगरों (शिल्प दीदी) की मासिक आय कम से कम 15 से 20 हजार रुपये हो सके।'' उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हथकरघा एवं हस्तशिल्प के निर्यात को और बढ़ावा देना समय की जरूरत है। 'कुंज भवन' की परिकल्पना भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा की विविध धरोहर को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए एक सांस्कृतिक एवं खुदरा गंतव्य के रूप में की गई है।

### वस्त्र निर्यात 12.18 अरब डॉलर रहा

वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जुलाई अवधि में देश का कुल वस्त्र निर्यात 12.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 11.73 अरब डॉलर की तुलना में 3.87 प्रतिशत अधिक है।

# जेवर हवाईअड्डे के 20 किमी के दायरे में निर्माण से पूर्व एनओसी लेना जरूरी

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने कहा है कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के 20 किलोमीटर तक के दायरे में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किए बिना कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।



बुधवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम ने जेवर में बनने वाले हवाई अड्डे के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा जलभराव को रोकने के लिए ठोस उपाय अपनाने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने कहा, विमान संचालन में कोई बाधा न आए, इसके लिए पक्षियों और आवारा जानवरों की गतिविधियों पर नियंत्रण होना चाहिए। ड्रोन और लेजर जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए और ग्रामीण इलाकों में इसके बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने रेखांकित किया कि हवाई अड्डे का सुरक्षित संचालन और आपदा प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कृषि, ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 0.77 एवं 1.01%

**नई दिल्ली।** कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 0.77 प्रतिशत व 1.01 प्रतिशत रह गई जो जून में क्रमशः 1.42 और 1.73% थी। श्रम मंत्रालय ने कहा कि कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जुलाई 2025 में 1.23 अंक बढ़कर 135.31 हो गया जबकि ग्रामीण श्रमिकों का सूचकांक 1.30 अंक बढ़कर 135.66 पर पहुंच गया। कृषि श्रमिकों के लिए खाद्य सूचकांक में जुलाई 2025 में 1.94 अंक और ग्रामीण श्रमिकों के लिए 2.16 अंक की वृद्धि हुई।

# बीएफएसआई क्षेत्र में 2.5 लाख नौकरियां होंगी सृजित

**मुंबई, एजेंसी**

भारत का बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है, जिससे करीब 2.5 लाख स्थायी नौकरियां उत्पन्न होंगी। गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।



- 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान

बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में यह वृद्धि छोटे व मझोले श्रेणी के शहरों में बढ़ती मांग के दम पर हो रही है, जो महानगर केंद्रित भर्ती से स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, बीएफएसआई क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों की बढ़ती मांग के दम पर देश के छोटे व मझोले शहर शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रहे हैं, जहां लगभग 48 प्रतिशत नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में भर्तियों में 27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

स्थानीय भाषा में दक्षता एवं जमीनी स्तर पर बिक्री का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के अब चयनित होने की संभावना 2.5 गुना अधिक है और उन्हें 10-15 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा। इस बीच, बैंकों ने बिक्री एवं संबंधि अधिकारियों, डिजिटल उत्पाद प्रबंधकों और ऋण जोखिम विश्लेषकों के लिए भर्ती बढ़ा दी है, जो इस वर्ष पारंपरिक बीएफएसआई भर्ती में सबसे अधिक मांग वाली भूमिकाएं हैं। रिपोर्ट से पता चला कि वित्त एवं बीमा कंपनियां तेजी से वित्तीय योजनाकारों, निवेश सलाहकारों, डिजिटल अंडरराइटर्स और दावा स्वचालन विशेषज्ञों आदि की मांग कर रही हैं। इसमें कहा गया कि इससे इंदौर, कोयम्बटूर, नागपुर और गुवाहाटी जैसे बाजारों में नियुक्तियों में 15-18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं सूरत, जयपुर, लखनऊ और भुवनेश्वर में 11-13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।



# एसआईआर पर हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र

## लोकसभा की 31 फीसदी और राज्यसभा में 39 प्रतिशत ही निपटाया जा सका कामकाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया और इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही।



लोकसभा की कार्यवाही में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी व अन्य नेता।

लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इसी प्रकार राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने सत्र के दौरान लगातार बने गतिरोध पर निराशा जताते हुए कहा, सूचीबद्ध कार्यों पर सार्थक और सुचारू चर्चा सुनिश्चित करने के आसन के भरसक प्रयासों के बावजूद, यह सत्र दुर्भाग्यवश बार-बार व्यवधानों के कारण बाधित रहा, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय की हानि हुई, बल्कि हमें लोक महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी नहीं मिला। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। सत्र के दौरान दोनों सदनों में कुल 15 विधेयक पारित किए गये। इस दौरान सरकार ने लोकसभा में कुल 14 विधेयक पेश किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया।

### मोदी ने कांग्रेस नेतृत्व की असुरक्षा पर किया कटाक्ष

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही के सुचारू रूप से नहीं चलने पर गुरुवार को निराशा जताई और कहा कि कांग्रेस के प्रतिभाशाली और युवा सांसद अपने नेतृत्व की असुरक्षा के कारण चर्चा में भाग नहीं ले पाते हैं। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में विभिन्न दलों के नेताओं की पारंपरिक अनौपचारिक बैठक में यह टिप्पणी की। संसद के निचले सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद यह बैठक हुई। हालांकि, विपक्षी दलों के नेता इस बैठक से दूर रहे। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम नहीं लिया, जो बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर की कवायद के खिलाफ अपनी पार्टी (कांग्रेस) के विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं, हालांकि उनकी (मोदी की) टिप्पणी स्पष्ट रूप से उन पर लक्षित थी। मोदी ने ऑनलाइन गेमिंग के संवर्धन और विनियमन विधेयक का उल्लेख किया, जो सभी रियल-मनी खेलों पर प्रतिबंध लगाता है और जिसे लोकसभा एवं राज्यसभा ने शोर-शराबे के कारण बिना चर्चा के पारित कर दिया।

# जल्द ही कोई हमारी धरती से, हमारे रॉकेट से अंतरिक्ष की यात्रा करेगाः शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की सफल यात्रा से उत्साहित भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई हमारे अपने कैप्सूल से, हमारे रॉकेट से, हमारी धरती से अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आईएसएस मिशन का प्रत्यक्ष अनुभव बेहद अनमोल और किसी भी प्रशिक्षण से कहीं बेहतर था।



- आईएसएस की सफल यात्रा से उत्साहित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने बताए प्रत्यक्ष अनुभव

उन्होंने कहा कि भारत आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है। ये शब्द पहली बार भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने 1984 में अपने अंतरिक्ष मिशन के दौरान कहे थे। अपने 'एक्सिओम-4' मिशन को लेकर शुक्ला ने कहा कि आईएसएस मिशन से हासिल अनुभव भारत के 'गगनयान' मिशन के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा और उन्होंने पिछले साल अपने (एक्सिओम-4) मिशन के दौरान बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कहा, आपने चाहे कितना भी प्रशिक्षण लिया हो, लेकिन उसके बाद भी, जब आप रॉकेट में बैठते हैं और इंजन चालू होता है तथा आप उड़ान भरते हैं, तो मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही अलग एहसास होता है। शुक्ला ने कहा, मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि इस दौरान कैसा महसूस होगा। रॉकेट में सवार होने से लेकर धरती पर वापस लौटने पर उसके समुद्र में उतरने तक का अनुभव अविश्वसनीय था। यह इतना रोमांचक और अद्भुत था कि मेरे पास इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।

संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष विभाग लगभग 70 वर्षों से अस्तित्व में है और आधिकारिक तौर पर इसरो की स्थापना 1969 में हुई थी। उन्होंने कहा, आखिर यह सब पिछले कुछ वर्षों में ही क्यों हुआ, पिछले पांच-छह दशकों में ऐसा क्यों नहीं हो सका। हमने उन रणनीतियों पर अमल करना शुरू कर दिया है, जिनका पालन बाकी दुनिया कर रही है। अब हमारे मानक वैश्विक मानक हैं, हमारी रणनीतियां वैश्विक हैं और जिन मानदंडों पर हम खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं, वे भी वैश्विक हैं।

भारत के 'गगनयान' मिशन के चालक दल में शामिल ग्रुप कैप्टन प्रशांत बी नायर ने कहा, अब से कुछ महीनों बाद दिवाली आने वाली है। यही वह समय है, जब राम जी ने अयोध्या में प्रवेश किया था। अभी यहां अगर मैं खुद को लक्ष्मण कह सकूं तो... भले ही मैं उम्र में 'शुक्ला' से बड़ा हूं, फिर भी मैं किसी दिन इस राम का लक्ष्मण बनना पसंद करूंगा।

# कोचों में पानी की कमी की एक लाख शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय रेलवे को वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कोचों में शौचालयों और वॉश बेसिन में पानी की अनुपलब्धता के संबंध में कुल 1,00,280 शिकायतें प्राप्त हुईं। संसद के दोनों सदनों में पेश रिपोर्ट में बताया गया है कि 33,937 यानी 33.84 प्रतिशत मामलों में इन शिकायतों के समाधान में अपेक्षित समय सीमा से अधिक वक्त लगा।

- कैग ने संसद के दोनों सदनों में पेश की गई रिपोर्ट में दी जानकारी



यह ऑडिट रिपोर्ट 2018-19 से 2022-23 की अवधि के लिए भारतीय रेलवे में लंबी दूरी की ट्रेनों में स्वच्छता और सफाई के निष्पादन ऑडिट का विवरण देती है। इसमें अधिक यात्री यातायात को देखते हुए उच्च स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया गया है, क्योंकि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ-साथ समग्र सौंदर्यबोध को प्रभावित करता है।

लंबी दूरी की ट्रेनों में बायो-टॉयलेट की सफाई के संबंध में, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 96 चुनिंदा ट्रेनों में 2,426 यात्रियों से बातचीत करते हुए एक व्यापक सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण में शामिल यात्रियों में संतुष्टि का स्तर पांच जोन में 50 प्रतिशत से अधिक था, जबकि दो जोन में यह 10 प्रतिशत से कम था। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, 2022-23 के दौरान रेल में कोचों में शौचालयों और वॉश बेसिन में पानी की अनुपलब्धता के संबंध में कुल 1,00,280 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 33,937 मामलों (33.84 प्रतिशत) में, समस्या के समाधान में लगने वाला समय अपेक्षित समय सीमा से अधिक था।

डिब्बों में पानी की उपलब्धता का ऑडिट करने वाले कैग ने पानी की कमी के बारे में अक्सर होने वाली सार्वजनिक शिकायतों को उजागर किया, जिनका कारण अक्सर अपर्याप्त पानी भरना या निर्दिष्ट वॉटरिंग स्टेशनोंपर पानी न भरना होता है।

# कुत्तों को उठाने संबंधी अधिसूचना की याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को आवारा कुत्तों को उठाने के संबंध में एमसीडी द्वारा जारी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने एक वकील द्वारा इस संबंध में आवेदन दायर किए जाने का उल्लेख करने के बाद तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। आवेदन में कहा गया था कि एमसीडी ने कोर्ट द्वारा आदेश सुरक्षित रखे जाने के बावजूद अधिसूचना जारी की।

- एमसीडी की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दी जानकारी

शीर्ष अदालत द्वारा पारित 11 अगस्त के निर्देशों पर रोक लगाने के अनुरोध वाली अंतरिम अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए 14 अगस्त को न्यायालय ने कहा था दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण है। तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे जल्द सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को उठाना शुरू करें।

### जाम से जूझे चालक



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में गुरुवार को भूस्खलन के बाद कीरतपुर-मनाली राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। राहत कार्य के बाद यह मार्ग एक तरफ से यातायात के लिए खोला गया। दिनभर वाहन चालक जाम से जूझते रहे। एजेंसी

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खाई में गिरी तीर्थयात्रियों की बस, एक की मौत

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बृहस्पतिवार को माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर जा रहे तीर्थयात्रियों की बस जम्मू-पठानकोट राजमार्ग से फिसलकर खाई में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 39 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जटवाल में हुई जब उत्तर प्रदेश से कटरा जा रहे तीर्थयात्रियों की बस का टायर फट गया और वह एक छोटे पुल के पास राजमार्ग से फिसल गई। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान अमरोहा निवासी 45 वर्षीय इकबाल सिंह के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद एक बचाव अभियान शुरू किया गया और घायलों को सांबा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिजी के पीएम राबुका यात्रा पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका आगामी रविवार को भारत की तीन दिन की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आएंगी। फिजी के प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली भारत यात्रा होगी। वह 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। राबुका भारतीय विश्व मामलों की परिषद में 'शांति का महासागर' विषय पर व्याख्यान भी देंगे।

### यांगून में महसूस किए भूकंप के तेज झटके

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर कुछ सेकेंड तक झटके महसूस किए। भूकंप का केंद्र यांगून क्षेत्र के कुंगयांगून शहर से लगभग 28 मील दक्षिण-पूर्व में 16.08 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 96.22 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीनी स्तर से 28 किमी की गहराई पर स्थित था।

### श्रीलंका के पूर्व पुलिस प्रमुख हिरासत में

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व पुलिस प्रमुख देशबंधु तेनाकून को बृहस्पतिवार को 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पांच महीने में यह दूसरी बार है, जब उन्हें हिरासत में लिया गया है। तेनाकून को 2022 में आर्थिक संकट, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ अरागलया जन विद्रोह को दबाने में उनकी भूमिका के लिए बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बृहस्पतिवार सुबह कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

# बेटे की हत्या करके अमेरिका से भागी महिला भारत में गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- एफबीआई के मोस्ट वांटेड की टॉप टेन सूची में थी शामिल, ढाई लाख डॉलर का घोषित था इनाम

अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई की 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में शामिल एक महिला को छह वर्षीय बेटे की हत्या के आरोप में भारत में गिरफ्तार किया गया है।

एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में टेक्सास में कानून प्रवर्तन सहयोगियों, अमेरिकी न्याय विभाग और भारतीय अधिकारियों का आभार जताया। सिंडी रोड्रिगेज सिंह मुकदमे से बचने के लिए 2023 में अमेरिका से भाग गई थी। एफबीआई ने सिंह की गिरफ्तारी या सूचना पर 250,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.47 करोड़ रुपये) के इनाम की घोषणा की थी। फॉक्स न्यूज' के अनुसार एफबीआई ने सिंह को भारत में भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल के सहयोग से गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के अनुसार उसे अमेरिका लाया गया है और टेक्सास के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। मार्च 2023 में, टेक्सास के अधिकारियों ने सिंडी रोड्रिगेज सिंह के दिव्यांग बेटे नोएल रोड्रिग्ज-अल्वारेज की खोजबीन की, जिसे अक्टूबर 2022 के बाद से नहीं देखा गया था।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में कितनी जान फूंकेगा

# रूस का सस्ता कच्चा तेल




यूक्रेन युद्ध शुरू होने से पहले भारत का कच्चे तेल का रूस से आयात एक प्रतिशत से भी कम था। युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारत ने रूस से तेल आयात बढ़ाना शुरू किया और अब यह उसकी कुल जरूरत के एक-तिहाई से भी ज्यादा तक पहुंच चुका है। खाड़ी देशों की तुलना में चूंकि भारत रूस से काफी सस्ता तेल खरीद रहा है, लिहाजा इससे उसे भारी लाभ भी हो रहा है, यह बात अलग है कि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर उसके सामने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बहरहाल, भारत ने रूस से तेल आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा और विदेशी मुद्रा स्थिति को मजबूत किया है, यह अलग बात है कि भारत में तेल के घरेलू दाम ज्यादा नहीं घटे हैं लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था को महंगाई और चालू घाटे को नियंत्रित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला है।

### रूस और खाड़ी देशों के तेल की कीमतों में अंतर

- रूस और खाड़ी देशों के तेल की कीमतों में अंतर है, रूस का तेल आमतौर पर रियायती दरों पर उपलब्ध है।
- न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट कहती है, रूस की ओर से भारत को प्रति बैरल 20-30 डॉलर तक छूट दी जा रही है।
- रूस से आयात बढ़ने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुधरी है, क्योंकि इससे स्रोतों में विविधता लाने में मदद मिली है।

**दो साल... 25 अरब डॉलर की बचत**

- द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 और 2023 में में भारतीय कंपनियों को सस्ते तेल के आयात से 20 से 25 अरब डॉलर तक की बचत हुई है।

### तेल आयात में वृद्धि

- वर्ष 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने से पहले रूस से भारत का तेल आयात मात्र 0.2 प्रतिशत था।
- युद्ध के बाद यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद भारत ने रूस से रियायती दरों पर आयात में भारी वृद्धि की।
- अब भारत रूस से प्रतिदिन 1.8 मिलियन बैरल तेल खरीद रहा है जो रूस के कुल निर्यात का 37% है।

### भारत की जरूरत

- भारत कच्चे तेल की कुल जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है।
- यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस से जरूरत का 40 प्रतिशत तेल आयात कर रहा है।
- पहले अमेरिका और इराक-सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश भारत को तेल देते थे।

### भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

- माना जा रहा है कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी से भारत में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।
- ऊर्जा लागत में कमी से उद्योगों और उपभोक्ताओं को लाभ हो सकता है, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है।
- भारत के रूस से काफी रियायती दरों पर तेल खरीदने से चालू व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है।
- सरकार ने टैक्स घटाने की बजाय अतिरिक्त लाभ से राज कोषीय घाटा नियंत्रित किया और सब्सिडी बोझ कम किया।

### रूस से और उम्मीदें

- भारत रूस से तेल आयात जारी रखने के लिए और अधिक रियायतें चाहता है, जैसे भुगतान में आसानी, परिवहन और बीमा लागत में कमी और लंबी अवधि के लिए रियायती दरों पर तेल की आपूर्ति। भारत इस आयात के साथ रूस से निवेश और रिफाइनरी व एलएनजी टर्मिनल्स में तकनीकी सहयोग भी चाहता है।

### इस आयात में ये जोखिम भी

- रूस पर अत्यधिक निर्भरता से भविष्य में अमेरिका और यूरोप से राजनीतिक दबाव बढ़ने का जोखिम है।
- भुगतान के लिए युआन-दिरहम और रुपये-रूबल का मैकेनिज्म अपनाना पड़ रहा है, इसका असर डॉलर पर।

# शांति की कोशिशों के बीच रूस का यूक्रेन पर साल का सबसे बड़ा हमला

## यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों को 574 ड्रोन और 80 मिसाइलों से बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन की वायु सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस ने इस साल यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 574 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागी गईं। उसने बताया कि हमले ज्यादातर देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर किए गए।

अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता पर हमला किया। उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से, देश के पूर्व और दक्षिण में युद्धक्षेत्र की अग्रिम पंक्ति से दूर हैं। माना जाता है कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई अधिकांश सैन्य सहायता वहीं पहुंचाई और संग्रहीत की जाती है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दागे गए ड्रोन की संख्या के लिहाज से यह रूस का इस साल का तीसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था और मिसाइलों के लिहाज से आठवां सबसे बड़ा हवाई हमला था। ये हमले अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध विराम के नए प्रयासों के बीच हुए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य रूस के पड़ोसी देश पर आक्रमण के बाद शुरू हुई तीन साल पुरानी जंग में शांति समझौते तक पहुंचना है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह ऐसे अंजाम दिया गया मानो बिल्कुल भी कुछ बदल ही नहीं रहा हो। उन्होंने कहा कि मास्को ने युद्ध समाप्त करने के लिए सार्थक वार्ता की कोई इच्छा नहीं दिखाई है। उन्होंने इस हमले की प्रतिक्रिया में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कड़ा दबाव बनाने का आग्रह किया, जिसमें सख्त प्रतिबंध और शुल्क (टैरिफ) लगाना शामिल हैं। इससे पहले, जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन यह समझने के लिए बैठकें करेगा कि उसके सहयोगी किस प्रकार की सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं, क्योंकि उसे संकेत मिले हैं कि अमेरिका युद्ध की समाप्ति के लिए फिर सक्रिय चर्चा शुरू करेगा।



यूक्रेन के फायर पॉइंट्स गुप्त कारखाने में तैयार की जा रही है फ्लेमिंगो क्रूज मिसाइल।

### ईरान के साथ वीजा मुक्त यात्रा समझौता समाप्त

**कीव।** यूक्रेन सरकार ने ईरान के साथ राजनयिक या सेवा पासपोर्ट वाले नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त यात्रा संबंधी समझौता समाप्त कर दिया है। यूक्रेन की संसद में मंत्रिपरिषद के स्थायी प्रतिनिधि तारास मेलनिचुक ने यह जानकारी दी है। श्री मेलनिचुक ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा, यूक्रेन सरकार और इस्लामी गणराज्य ईरान सरकार के बीच राजनयिक और सेवा पासपोर्ट वाले नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त यात्रा संबंधी समझौता समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह समझौता 15 मार्च, 1993 को कीव में हुआ था।

### स्टार्टअप कंपनियों में बन रहे रूस में अंदर तक मार करने के लिए ड्रोन

**कीव।** पिछले साल सितंबर में जब यूक्रेन ने रूस में आयुध डिपो पर हमला किया तो इससे दुश्मन के क्षेत्र में अंदर तक प्रहार करने के यूक्रेन के दृढ़ संकल्प और रक्षा उद्योग की ताकत का पता चला। यह क्षण विशेष रूप से उस महिला के लिए संतुष्टिदायक था जो इस मिशन को पूरा करने के लिए 1,000 किमी से अधिक की उड़ान भरने वाले ड्रोन के निर्माण के लिए जिम्मेदार थी। इसके बाद कई महीनों तक रूस के पास विनाशकारी 'ग्लाइड बम' हमले जारी रखने के साधन नहीं थे। हालांकि हाल ही रूस ने महिला के गृह नगर खार्किव को निशाना बनाकर ऐसा हमला किया। फायर प्वाइंट में निर्माण इकाई की प्रमुख इरीना तेरेख ने कहा, इस समय युद्ध के मैदान में हवाई हमले ही हमारा एकमात्र वास्तविक लाभ है। हमारे पास उनके जितने सैन्यकर्मी या धन नहीं है। तेरेख ने दर्जनों डीप-स्ट्राइक ड्रोनों का निरीक्षण करते हुए यह बात कही। इन ड्रोन का हाल ही में उत्पादन पूरा हुआ है। यूक्रेन की सेना जल्द ही इन ड्रोन का इस्तेमाल हथियार डिपो, तेल रिफाइनरियों और क्रेमलिन की युद्ध मशीनरी व अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण अन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए करेगी। रूस के खिलाफ लड़ाई और पश्चिमी सहयोगियों से मिले सीमित सैन्य सहायता के बल पर, यूक्रेन तेजी से रक्षा नवाचार का एक वैश्विक केंद्र बन गया है।

# अमेरिका से खटास के बीच भारत और रूस संबंधों को नए मुकाम पर ले जाने की तैयारी

**मॉस्को, एजेंसी**

- जयशंकर की रूसी विदेश मंत्री लावरोव के साथ चर्चा, राष्ट्रपति पुतिन से भी मुलाकात

भारत और रूस ने अपने द्विपक्षीय व्यापार को 'संतुलित और टिकाऊ तरीके' से बढ़ाने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गैर-शुल्क (टैरिफ) बाधाओं एवं नियामक अड़चनों को तेजी से दूर करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

दोनों देशों द्वारा रूस को भारतीय निर्यात बढ़ाने सहित द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने का यह संकल्प, व्यापार और टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती दूरी के बीच लिया गया है। जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, हमारा मानना है कि भारत और रूस के बीच संबंध द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के सबसे प्रमुख संबंधों में से एक रहे हैं। उन्होंने कहा, भू-राजनीतिक स्थिति, जन भावनाएं और नेतृत्व संपर्क इसके प्रमुख प्रेरक बने रहेंगे। जयशंकर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नवंबर या दिसंबर में होने वाली भारत यात्रा के विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को मॉस्को पहुंचे।



रूसी समकक्ष लावरोव के साथ जयशंकर।

बातचीत में, जयशंकर और लावरोव ने आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा, आतंक के मुद्दे पर, हमने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, मैंने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने के भारत के दृढ़ संकल्प और सीमा पार आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करने के हमारे संप्रभु अधिकार से अवगत कराया।

जयशंकर की टिप्पणियों से ऐसा प्रतीत हुआ कि उनकी बातचीत का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना है। विदेश मंत्री ने कहा, हमने रूस को भारत के निर्यात को बढ़ाने सहित, संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि की। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और समझा जाता है कि उन्होंने भारत-रूस संबंधों को और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की।

### हथियारों की तस्करी में तीन फलस्तीनी गिरफ्तार

**बेरूत।** लेबनान में सीरिया से हथियारों की तस्करी में फलस्तीन के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लेबनान की सेना ने कहा कि आतंकवादी समूहों को निशाना बनाकर चलाए गए अभियान में दक्षिणी शहर सैदा के प्रवेश द्वार पर इन लोगों को पकड़ा गया। इन लोगों पर ऐन अल-हेलवे शरणार्थी शिविर के अंदर कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

# चीन ने ताइवान पर जयशंकर की टिप्पणियों को लेकर जताई हैरानी

**बीजिंग, एजेंसी**



- कहा- कुछ लोग चीन की संप्रभुता कमजोर कर संबंधों को बाधित करने की कर रहे हैं कोशिश

चीन ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस सप्ताह चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत के दौरान 'एक-चीन' नीति से संबंधित कथित टिप्पणियों पर भारत द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर 'आश्चर्य' व्यक्त किया।

भारत ने मंगलवार को कहा था कि ताईवान पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और उसके साथ नई दिल्ली के संबंध आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक पहलुओं पर केंद्रित हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हम भारत के स्पष्टीकरण से हैरान हैं। वह जयशंकर की टिप्पणियों पर भारत के स्पष्टीकरण की खबरों पर चीन के आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

यह स्पष्टीकरण तब आया जब चीनी विदेश मंत्रालय ने वांग के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर के बयान को गलत तरीके से उद्धृत करते हुए कहा था कि ताईवान चीन का हिस्सा है। चीनी प्रवक्ता ने दावा किया कि बीजिंग इस स्पष्टीकरण को 'तथ्यों के साथ असंगत' पाता है। माओ ने कहा, ऐसा लगता है कि भारत में कुछ लोगों ने ताईवान के मुद्दे पर चीन की संप्रभुता को कमज़ोर करने और चीन-भारत संबंधों में सुधार को बाधित करने की कोशिश की है। चीन इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने दावा किया, मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहती हूं कि दुनिया में सिर्फ़ एक ही चीन है और ताईवान चीन के भूभाग का एक अविभाज्य हिस्सा है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर व्यापक सहमति है। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि भारत 'एक-चीन' के सिद्धांत का गंभीरता से पालन करेगा।

# हिंसा के मामले में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को दी जमानत

- पूर्व पीएम को रिहाई के लिए एक और मामले में जमानत की जरूरत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने नौ मई को हुई हिंसा से संबंधित आठ मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी।

कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों द्वारा इस्लामाबाद में खान को हिरासत में लिए जाने के बाद उनके समर्थकों ने नौ मई 2023 को तोड़फोड़ और हिंसा की थी। दंगों में कथित भूमिका के लिए खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कई नेताओं के खिलाफ कई मामले दर्ज किए थे। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने खान के वकील सलमान सफदर और पंजाब राज्य की ओर से विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी की दलीलें सुनने के बाद खान को जमानत दे दी। प्रधान न्यायाधीश आफरीदी की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति शफी सिद्दीकी और न्यायमूर्ति मियांगुल औरंगजेब शामिल थे। खान की पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कोर्ट के फैसले को इमरान खान की जीत करार दिया जबकि उनके अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता जुल्फिकार बुखारी ने कहा कि खान को अब केवल एक मामले में जमानत की जरूरत है।

## नागरिक धोखाधड़ी मामले में ट्रंप पर जुर्माने का फैसला खारिज

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की एक अपीलीय अदालत ने नागरिक धोखाधड़ी मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जुर्माना लगाने के फैसले को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया।

पांच न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क राज्य के उस मुकदमे में अपना फैसला सुनाया, जिसमें ट्रंप पर ऋण हासिल करने के लिए अपनी निवल संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया गया था। यह फैसला ट्रंप के बतौर राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में वापसी करने के सात महीने बाद आया है।

# भारत मूल्यवान लोकतांत्रिक साझेदार संबंधों में गिरावट को रोके अमेरिका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- रिपब्लिकन सहयोगी निक्की हेली ने दी डोनाल्ड ट्रंप को सलाह

रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा है कि भारत के साथ संबंधों में आ रही गिरावट को रोकना अमेरिका की प्राथमिकता होनी चाहिए और नयी दिल्ली को एक मूल्यवान स्वतंत्र व लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।

बुधवार को न्यूजवीक पत्रिका में एक लेख में भारतीय-अमेरिकी नेता ने यह टिप्पणी की है। उन्होंने ऐसे समय में यह बात कही है जब भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। हेली ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति के लक्ष्यों में चीन को रोकना और ताकत के बल पर शांति स्थापित करना शामिल है, जिसके मद्देनजर अमेरिका और भारत संबंधों को पुनः पटरी पर लाने से अधिक महत्वपूर्ण कुछ उद्देश्य नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए, भारत के साथ एक मूल्यवान स्वतंत्र व लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए न कि चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी की तरह। हेली ने कहा कि भारत अब तक रूस से तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों से बचता रहा है जबकि वह मॉस्को के सबसे बड़े ग्राहकों में से एक है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अगस्त, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष अमावस्या 11.35 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
नक्षत्र-मघा 24 अगस्त 12.54, तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी
ताराबलअश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती, चन्द्रबलवृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ

**मेष** — आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। धीरे-धीरे रुके हुए काम पूरे होते जाएंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में विपरीत हालात बनने पर आपको अपनी मधुर वाणी और व्यवहार से उसे संभालना होगा।

**वृष** — राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। शासन से अच्छी मित्रता होने का लाभ मिलेगा। नए अनुबंधों से ऊंचा पद प्राप्त हो सकता है। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने की आशा है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में मूल्यवान वस्तु और जरूरी दस्तावेजों को संभालकर रखना होगा। कोई चीज खोने या चोरी होने की संभावना है। व्यापार के मामले में रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। यात्रा का योगा है। प्रतियोगिता में सफलता मिलने से प्रसन्नता होगी।

**कर्क** — आज का दिन उत्तम रहने वाला है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में की गई यात्राएं सफल होंगी। जीवन में सफलता मिलेगी। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। संतान सुख के योग हैं।

**सिंह** — नौकरी करने वालों के लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में मधुर वाणी से सम्मान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। आंखों से जुड़ी कोई समस्या परेशान कर सकती है।

**कन्या** — आज का दिन अच्छा रहेगा। आज अकल्पनीय सफलता प्राप्त हो सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। कानूनी विवाद से छुटकारा मिल सकता है। संतान से खुशी देने वाला समाचार मिल सकता है।

**तुला** — आर्थिक और व्यापार के मामले में दिन बेहतरीन रहेगा। पैसों से जुड़े लेन-देन से निजात मिल सकती है। व्यापार के मामले में धन लाभ के योग हैं। घर-परिवार में खुशी देखने को मिलेगी। कार्यस्थल पर विरोधियों से सावधान रहें।

**वृश्चिक** — राशि से अष्टम नवम त्रिग्रही योग चल रहा है। शरीर से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सेहत सही न होने का प्रभाव कामकाज पर भी पड़ सकता है। थोड़ी सुस्ती महसूस करेंगे। अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभदायक हो सकती है।

**धनु** — आज लाभ कमाने के मौके मिलेंगे। विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अनुकूल रहेगा। किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। ससुराल पक्ष से धन लाभ और सहयोग होने के योग हैं।

**मकर** — दिन पारिवारिक और आर्थिक मामलों में अच्छा रहने वाला है। अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। इससे मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामले में सफलता हासिल करेंगे। घर में किसी प्रिय मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** — कठिनाइयों भरा दिन है। कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बुद्धिमानी से काम करें। हानि की भी संभावना है। आज जोखिम भरा कार्य करने से बचें। अनावश्यक विवादों से भी दूरी बनाकर रखें।

**मीन** — कार्यस्थल पर जरूरी दस्तावेजों और मूल्यवान वस्तुओं को संभालना जरूरी है। इनके चोरी या गुम होने की आशंका है। आर्थिक मामलों में कोई भी फैसला सोच-समझकर लें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

## सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |



चिन्नास्वामी स्टेडियम कई ऐतिहासिक लम्हों का गवाह रहा है। मैचों की मेजबानी की अनुमति लेने जैसी चीज पहले कभी नहीं हुई। हमारे महाराजा कप की भी मेजबानी छीन ली गई जो अच्छी बात नहीं है।
–वेंकटेश प्रसाद, पूर्व तेज गेंदबाज

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अयोध्या, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

हाईलाइट

## राष्ट्रीय स्क्वाश की मेजबानी करेगा दिल्ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक होगा। इसकी सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा कि इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं। हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के खेलने से हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है और यह प्रतियोगिता देश भर के कई और खिलाड़ियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

## नेशंस कप के लिए 25 खिलाड़ी ले रहे ट्रेनिंग

**बेंगलुरु।** मोहन बागान सुपर जायंट्स ने अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील के पास ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में होने वाले सीएएफए नेशंस कप से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाए 35 में से 25 खिलाड़ी ही बचे हैं। यह शिविर 16 अगस्त को 22 खिलाड़ियों के साथ शुरू हुआ था, लेकिन छह दिन के बाद भी 11 खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं हुए हैं। कुछ दिन पहले तीन खिलाड़ी शामिल हुए थे, लेकिन इनमें से एक मूल 35 खिलाड़ियों में शामिल नहीं है। भारत अपने पहले मैच में 29 अगस्त को हिसोर में सह मेजबान ताजिकिस्तान से भिड़ेगा।

## ऑस्ट्रेलिया से भारतीय हॉकी टीम 1-3 से हारी

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई चार मैचों की मैत्री सीरीज में 1–3 से हार का सामना करना पड़ा है। पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम और चौथे मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2–3 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह से मेजबान टीम ने यह सीरीज 3–1 से अपने नाम कर ली। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को खेले गए पहले मैच में मेजबान टीम से 1–4 से हार के साथ की और अगले दिन दूसरे मैच में भारतीय टीम को 0–3 से हार मिली। हालांकि, भारतीय हॉकी टीम ने तीसरे मैच में वापसी की और ऑस्ट्रेलिया पर 3–2 से जीत हासिल करके अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया। ।

## विशाल ने 400 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विशाल थेनारासु कयालविझी ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष 400 मीटर स्पर्धा में 45.12 सेकेंड के समय से राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। विशाल ने ने 45.21 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो मोहम्मद अनस ने 2019 में बनाया था। इससे पहले विशाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45.57 सेकेंड था जो उन्होंने मई में दक्षिण कोरिया में 2025 एशियाई चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने के दौरान बनाया था। विशाल हालांकि 44.85 सेकेंड के विश्व चैंपियनशिप के स्वतः क्वालीफिकेशन समय से चूक गए। तमिलनाडु के अनुभवी राजेश रमेश 46.04 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हरियाणा के विक्रांत पांचाल ने 46.17 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल किया।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

ब्रिसबेन, एजेंसी

- भारत ए महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 93 रन पर पांच विकेट गंवाए

भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने में नाकाम रही शेफाली वर्मा ने आठ चौके जड़कर 35 रन की पारी खेली, लेकिन भारत ए ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ महिला क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन 93 रन तक पांच विकेट गंवा दिए।

भारत ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। नंदिनी कश्यप और धारा गुर्जर खाता खोलने में नाकाम रहीं, जिससे शुरुआती दो ओवर में भारत का स्कोर दो विकेट पर छह रन रहा। दोनों विकेट जॉर्जिया प्रेस्टविज (25 रन पर 3 विकेट) ने चटकाए। तेजल हस्बनिस (9) भी अधिक देर नहीं टिक सकीं। उन्हें सियाना जिंगर ने आउट किया जबकि इससे पहले जॉर्जिया ने 11वें ओवर में शेफाली को बोल्ड किया। राघवी बिष्ट (नाबाद 26) और तनुश्री सरकार (13) ने कुछ देर के लिए विकेटों का पतन रोका। मेटलन ब्राउन ने तनुश्री को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। एलेन बोर्डन फील्ड पर पहले दिन 23.2 ओवर का खेल हो पाया। खेल खत्म होने पर राधा और राघवी पिच पर थीं।

# पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण

शिमकेंट (कजाकिस्तान), एजेंसी

एशियन चैंपियनशिप



भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तिकड़ी ने 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632.3 अंकों के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई।

अर्जुन ने 631.6 अंक के साथ प्रिलिमिनरी स्टेज में चौथा स्थान पाया और पदक राउंड में जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण फाइनल से चूक गए। चीन ने 1889.2 अंकों के साथ रजत, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1885.7 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में, पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष चौथे स्थान पर रहकर पोडियम से चूक गए। जबकि अर्जुन बाबूता पांचवें स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के इस्लाम सतपायेव ने स्वर्ण जीता, जबकि चीन के लू डिंगके और दक्षिण कोरिया के हाजुन पार्क ने व्यक्तिगत पोडियम स्थान पाया।

महाद्वीपीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में यह भारत का दूसरा सीनियर स्वर्ण पदक था, इससे पहले बुधवार को अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुष स्कीट का खिताब जीता था। भारत के सीनियर निशानेबाजों ने शिमकेंट में एक रजत और चार कांस्य जीते हैं, जिससे कुल पदकों की संख्या सात हो गई है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते हैं। वह 25 मीटर स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## स्कीट स्पर्धा में मानसी ने स्वर्ण और यशस्वी ने रजत जीता

**शिमकेंट।** भारतीय निशानेबाज मानसी रघुवंशी ने गुरुवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि हमवतन यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। जूनियर पुरुष स्कीट फाइनल में भारत के हरमेहर सिंह लाली ने 53 अंक से रजत पदक जीता जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने 43 अंक से कांस्य पदक प्राप्त किया। कजाखस्तान के आर्टयोम सेडेलनिकोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिडिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय निशानेबाज अग्रिमा कंवर (15) फाइनल में छठे और अंतिम स्थान पर रहीं। मानसी ने पांच दौर में 106 अंक से दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि बशारोवा ने 112 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान पाया। यशस्वी 102 अंक से क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहीं और अग्रिमा ने भी 101 अंक से कट हासिल किया। इससे पहले ईशान सिंह लिब्रा (116), हरमेहर सिंह लाली (115) और ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया (110) ने क्रमशः पहले, तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पुरुष जूनियर स्कीट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ईशान फाइनल में 14 अंक से छठे स्थान पर रहे।

# एशिया कप में पाकिस्तान से खेलेगा भारत

## खेल मंत्रालय ने अनुमति दी लेकिन द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिता पर लगाया रोक



नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बनाई गई नई नीति में पाकिस्तान पर विशेष ध्यान

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिता में नहीं खेलेंगे, लेकिन भारतीय टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया, जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मंत्रालय की नीति अनुसार, पाकिस्तान से जुड़े खेल टूर्नामेंट के प्रति भारत का दृष्टिकोण उस देश के साथ व्यवहार करने की उसकी समग्र नीति को दर्शाता है। जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल प्रतियोगिताओं का संबंध है तो किसी भी खेल में भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी। और ना ही हम पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे। हालांकि कई देशों के टूर्नामेंट पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

सूत्र ने कहा कि हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि यह कई देशों का टूर्नामेंट है। लेकिन पाकिस्तान को द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय सरजमीं पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम उन्हें बहुपक्षीय टूर्नामेंट में खेलने से नहीं रोकेंगे क्योंकि हम ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे भी हमारे नहीं खेलने से पाकिस्तान को ही फायदा होगा। हमें उसे हराना है सीमा पर भी और खेल के मैदान पर भी। भारतीय टीम को कई देशों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान में खेलने जाने पर सूत्र ने कहा कि ऐसे हालात में हम फैसला लेंगे कि हमें जाना है या नहीं। जिस देश का मंत्री यह कहता कि हो कि हमारा ट्रक पत्थर से भरा है और भारत मर्सीडीज है और टकराने से नुकसान किसे होगा, ऐसे देश में हम अपने खिलाड़ियों को कैसे भेज सकते हैं। बिहार में अगले सप्ताह से होने वाले एशिया कप हॉकी से ओमान के भी नाम वापिस लेने के पीछे सुरक्षा कारणों के होने से इनकार करते हुए सूत्र ने कहा कि यह कोई वजह नहीं है। ओमान सुरक्षा कारणों से पीछे नहीं हटा है।

### बीसीसीआई को आगामी चुनाव नए अधिनियम से कराना चाहिए : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय चाहता है कि बीसीसीआई सितंबर में होने वाले अपने चुनाव राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून के तहत कराए, लेकिन तब तक नए नियमों की अधिसूचना जारी नहीं होती है तो चुनाव सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकृत लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार भी कराए जा सकते हैं।

खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि वैसे तो चुनाव अधिनियम के अनुसार ही होने चाहिए, लेकिन अगर तब तक इसके नियमों की अधिसूचना जारी नहीं होती है तो वे लोढा समिति की सिफारिशों के तहत भी करा सकते हैं। एक बार नियमों की अधिसूचना जारी होने पर बीसीसीआई समेत सभी राष्ट्रीय महासंघों को इसके अनुसार चुनाव कराने होंगे। लोढा समिति की सिफारिशों के तहत पदाधिकारियों की आयुसीमा 70 वर्ष के भीतर रहनी चाहिए लेकिन नए अधिनियम में 70 से 75 वर्ष के बीच के उम्मीदवार भी चुनाव लड़ सकते हैं अगर अंतर्राष्ट्रीय महासंघ के नियम इसकी अनुमति देते हैं। आईसीसी के नियमों में पदाधिकारियों के लिये कोई आयु सीमा नहीं है। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी का कार्यकाल उनके 70 वर्ष का होने के साथ खत्म हो गया लेकिन बोर्ड ने अभी तक अंतरिम अध्यक्ष का ऐलान नहीं किया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने सांवैधानिक संशोधन को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच अपने चुनाव कराए।

इस संशोधन के तहत भाजपा सांसद और पूर्व खेलमंत्री अनुराग ठाकुर को अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने से रोक दिया। खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ ने चुनाव में अपना पर्यवेक्षक नहीं भेजा। मंत्रालय ने कहा कि हमने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि हमें नहीं लगता कि इन चुनावों में सही प्रक्रिया का पालन किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होनी है। सूत्र ने 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' का भी स्वागत किया। सूत्र ने कहा कि बच्चों को बचाने और परिवारों को जीवित रखने के लिये यह बिल जरूरी था। युवा आनलाइन गेमिंग के आदी होकर अपना समय और पैसा बर्बाद कर रहे हैं।

# इरानी-वावसोरी फिर बने मिश्रित युगल चैंपियन

अमेरिकी ओपन टेनिस



न्यूयॉर्क, एजेंसी

- फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को हराया

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार रात खेले गए फाइनल में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया।

उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल की पुरस्कार राशि से अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी, लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी। वावसोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को हराया। दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

# रणजी से पहले रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

मुंबई, एजेंसी



अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले गुरुवार को मुंबई के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि यह नया नेतृत्वकर्ता तैयार करने का सही समय है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि बल्लेबाज के रूप में टीम में बना रहेगा। रहाणे ने अभी तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 201 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 14000 से अधिक रन बनाए हैं। रणजी सत्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी। रहाणे ने एक्स पर लिखा, मुंबई की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। आगे नए घरेलू सत्र को देखते हुए मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है और इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध हूं और एमसीए (मुंबई क्रिकेट संघ) के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हमें और अधिक ट्रॉफी जीतने में मदद मिल सके। मैं आगामी सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं।

उनकी कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 के सत्र में फाइनल में विदर्भ को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी जीती थी।

### रहाणे और पुजारा को भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद

रहाणे की कप्तानी में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट शृंखला जीती थी लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की उनमें कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बावजूद यह बल्लेबाज राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों खेले हैं। रहाणे ने सबसे छोटे प्रारूप में भी अपने खेल को निखारा जिससे उन्हें आईपीएल 2025 में कोलकाता का कप्तान बनाया गया। रहाणे और एक अन्य सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद में अब भी घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं।

# डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा ने अपनी-अपनी बाजियां ड्रॉ खेली

सिंकफील्ड कप

- कारुआना और अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं प्रज्ञाननंदा

सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी





विश्व चैंपियन डी गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली, लेकिन वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

दिन की एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ के साथ अंक बांटे। इस 3,75,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल किया है।

# श्रुति, सारिका और काजल अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

समोकोव (बुल्गारिया), एजेंसी



भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने गुरुवार को अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए।

श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा।

काजल ने 72 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता से एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को हराया। क्वार्टरफाइनल में किर्गिस्तान की कैयरकुल शारशेबायेवा को मात दी। अब स्वर्ण पदक के मुकाबले के लिए उनका सामना अमेरिकी पहलवान जैस्मीन डोलोरेस रॉबिन्सन से होगा। रीना (55) और प्रिया (76 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दोनों दिन के अंत में स्वर्ण पदक मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। तपस्या (57 किग्रा) पहले ही स्वर्ण और सृष्टि (68 किग्रा) रजत पदक जीत चुकी हैं।

एशिया कप

चीन के हांगझोउ में 5–14 सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय टीम की बनी रहेंगीं कप्तान

# भारतीय हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगीं सलीमा टेटे



नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।

हॉकी इंडिया के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं। सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं। हरेंद्र ने कहा कि यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी।

मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं हैं। ये दोनों एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खेली थी।

### महिला हॉकी टीम

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम **डिफेंडर :** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी **मिडफील्डर :** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो **फारवर्ड :** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।